

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01, अंक : 223 | रांची, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024 (श्रावण कृष्ण 05, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com



# कारगिल में बनेगी दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग


एजेंसियां, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कारगिल का दौरा करेंगे। पीएम मोदी विजय दिवस के मौके पर कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। इस दौरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। पीएमओ की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक यह परियोजना लेह को सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। यहां बता दें, पूरी हो जाने के बाद यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

**कारगिल के वीरों को आज श्रद्धांजलि देंगे पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जुलाई को 25वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर शुक्रवार को कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री इसके बाद शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे।

**शिंकुन ला सुरंग प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास :** अपने दौरे में पीएम मोदी शिंकुन ला सुरंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। बता

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहला विस्फोट कर शिंकुन ला सुरंग परियोजना का आज करेंगे शिलान्यास



दें, शिंकुन ला सुरंग परियोजना के तहत 4.1 किमी लंबी दोहरी-ट्यूब सुरंग शामिल है। इसका निर्माण लेह को सभी मौसम में संपर्क प्रदान करने के लिए निमू–पदुम–दारचा रोड पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर किया जाएगा। यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। पीएमओ की ओर से जारी बयान के मुताबिक शिंकुन ला सुरंग न केवल हमारे सशस्त्र बलों और उपकरणों की तेज आवाजाही में सहायता देगी बल्कि इससे लद्दाख में आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

**सेना के अदम्य साहस की याद दिलाता है विजय दिवसः** भारत में हर साल 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन करीब दो महीने की जंग के बाद भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों के कब्जे से अपने इलाकों को खाली कराया था। बता दें, 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने चुपके से कारगिल और द्रास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था। जब भारतीय सेना को इसका पता चला तो घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया था। इस अभियान का नाम ऑपरेशन विजय रखा गया था।

# लोबिन हेम्ब्रम और जेपी पटेल की विधायकी खत्म





- स्पीकर ने झारखंड में दल-बदल कानून के तहत की कार्रवाई

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

बड़ी खबर आई है, झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने विधायक लोबिन हेम्ब्रम और जेपी पटेल की सदस्यता समाप्त कर दी है। स्पीकर न्यायाधिकरण ने दल-बदल कानून के तहत गुरुवार को यह बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को सुनवाई के बाद उन्होंने फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों विधायकों की विधायकी समाप्त करने का निर्णय 26 जुलाई से प्रभावी होगा। इसी दिन झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र भी आरंभ हो रहा है। लोबिन के विरुद्ध झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन और जेपी पटेल के खिलाफ भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने शिकायत की थी।

बोरियो के झामुमो विधायक लोबिन पार्टी में रहते हुए विगत लोकसभा चुनाव में दल के प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़े थे, जबकि मांडू के भाजपा विधायक जेपी पटेल लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने हजारीबाग संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और पराजित हुए। दोनों के विरुद्ध दल-बदल की शिकायत को लेकर स्पीकर न्यायाधिकरण ने सुनवाई की। इस दौरान दोनों तरफ के पक्ष सुने गए। अंत में दोनों के विरुद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत कार्रवाई की गई।

**हाल में ढीले पड़ गए थे लोबिन के तेवर :** झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम को विधायकी जाने का आभास हो गया था। यही वजह है कि हाल के दिनों में उनके तेवर ढीले पड़ गए थे। वे सरकार के समर्थन में बोलने लगे थे। हाल ही में हेमंत सोरेन के विश्वास प्रस्ताव के दौरान वे समर्थन में खड़े भी हुए। उन्होंने पक्ष में मतदान किया। लोबिन लंबे अरसे से शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मुखर थे।

उन्होंने इसके लिए राजनीतिक अभियान भी चलाया। राजमहल संसदीय सीट से दल के प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ना उनकी विधायकी समाप्त होने का कारण बना। वे दल के विरुद्ध जाकर चुनाव में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी खड़े हुए। उन्हें दल ने निष्कासित करते हुए विधायकी समाप्त करने हेतु विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत की। इसपर स्पीकर न्यायाधिकरण ने कार्रवाई की।

शेष पेज 08 पर

### बाबूलाल मरांडी पर भी फैसला है सुरक्षित

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के विरुद्ध भी दल-बदल मामले में स्पीकर न्यायाधिकरण में सुनवाई हुई थी। सुनवाई पूरी करने के बाद स्पीकर ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर निर्णय आना अभी बाकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/रायपुर।** सुकमा जिले में सक्रिय तीन महिला हार्डकोर माओवादी सहित पांच हार्डकोर माओवादियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें तीन माओवादियों पर पांच -पांच लाख और दो पर दो-दो लाख सहित कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन की "छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति' एवं 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने के बाद नक्सली लगातार आत्मसमर्पण कर रहे हैं। पुलिस के बढ़ते प्रभाव के चलते आज डिप्टी कमाण्डर पीपीसीएम कवासी, सोड़ी बुधरा, मड़कम गंगी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनके अलावा पोड़ियाम सोमड़ी तथा मड़कम ने भी आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण कर दिया।

### कर्नाटक विधानसभा ने नीट के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म कर राज्य की सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) के माध्यम से मेडिकल स्कूलों में भर्ती की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित किया। कांग्रेस की सत्ता वाली राज्य सरकार में चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. शरण प्रकाश पाटिल ने राज्य विधानसभा में प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में कर्नाटक सरकार द्वारा केंद्र सरकार से राज्य को एनईईटी से छूट देने और राज्य सरकार की ओर आयोजित सीईटी अंकों के आधार पर मेडिकल प्रवेश प्रदान करने का आग्रह किया गया। इस दौरान विपक्षी भाजपा, मुख्यमंत्री से जुड़े मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े घोटाले पर चर्चा की मांग करते हुए सदन के बीचों बीच प्रदर्शन करती रही। पत्रकारों से बातचीत में विधानसभा के बाहर प्रकाश पाटिल ने कहा कि केंद्र सरकार पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने में असमर्थ है।

# झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से, हंगामेदार होने के आसार

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। वर्तमान विधानसभा का यह आखिरी सत्र है। ऐसे में हंगामा के आसार हैं। सदन में आनेवाले विधानसभा चुनाव की गरमाहट दिख सकती है। इस आखिरी सत्र में पक्ष-विपक्ष दोनों आक्रामक होंगे। विपक्ष बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला जोर-शोर से उठा सकता है। इस मामले में सरकार को घेरने की कोशिश होगी। इसके साथ ही रोजगार और नियुक्तियों के मामले में विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा। वहीं सत्ता पक्ष नीट पेपर लीक, नीति आयोग की बैठक, कोयला पर राज्य का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ का मुद्दा और कानूनों में संशोधन का मुद्दा लेकर आयेगा।

**विधायक दल के साथ बैठे स्पीकर :** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र से पहले स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को विधायक दल के नेताओं के साथ बैठक की। इसमें सदन को सुचारू रूप से चलाने

- स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने पक्ष-विपक्ष से मांगा सदन को सुचारू रूप से चलाने का सहयोग
- 29 जुलाई को पेश होगा अनुपूरक बजट



का सहयोग पक्ष-विपक्ष से मांगा। स्पीकर का कहना था कि वर्तमान विधानसभा का आखिरी सत्र है। इसे यादगार और ऐतिहासिक बनाना है। जनहित के जो काम बचे हैं, उसके लिए समय का सदुपयोग हो।

**नेता प्रतिपक्ष ने कहा-बैठक में नहीं बुलाया गया :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि उन्हें बैठक में नहीं बुलाया गया। स्पीकर ने विधायकों की बैठक बुलायी है, इसकी कोई सूचना मेरे या मेरे किसी सहयोगी को नहीं दी गयी। मुझे बैठक के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। सत्ता पक्ष की कोशिश है कि विपक्ष की आवाज दबायी जाये। हम जनहित के मुद्दे से समझौता नहीं करेंगे। इस सरकार की जनविरोधी और दमन भरी नीति का विरोध किया जायेगा। जनता के सवालों का जवाब सदन में मांगा जायेगा। विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पहुंचे थे। विधायक दल की बैठक में विस्थापन, रोजगार, सुखाड़, नीट और हाल में पुराने कानून में हुए संशोधन पर सदन में चर्चा की भी बात हुई। विधायक लंबोदर महतो का कहना था कि रोजगार का मुद्दा पूरे राज्य में ज्वलंत है।

शेष पेज 08 पर

### नये विस भवन के आसपास दो अगस्त तक धारा 144

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में 2 अगस्त, 2024 तक धारा 144 लगा दी गई है। इसका आदेश जारी कर दिया गया है। इस अवधि में जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि नये विधानसभा भवन में पंचम झारखंड विधान सभा का मॉनसून सत्र 26 जुलाई से 2 अगस्त , 2024 तक आहूत है। रांची उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के संयुक्तादेश में निहित निर्देश के आलोक में विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधान सभा सत्रावधि के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी (सदर, रांची) द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधान सभा (नया विधान सभा) परिसर के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 26 जुलाई के प्रातः 8 बजे से 2 अगस्त , 2024 के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी।

इसपर रहेगा प्रतिबंधः ❑ उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं न्यायालय कार्य एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर)। ❑ किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। ❑ किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। ❑ किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना। ❑ किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)।

### खनिजों पर टैक्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, कहा

# संसद को नहीं, राज्यों को खनिज व खदानों की जमीन पर टैक्स वसूलने का अधिकार

एजेंसियां, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने व्यवस्था दी कि खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स नहीं है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने इस बात पर असहमतिपूर्ण फैसला दिया है कि खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी टैक्स है या नहीं। खनिजों पर लगने वाली रॉयल्टी पर प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने विभिन्न राज्य



- झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान को होगा फायदा

सरकारों, खनन कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की 86 याचिकाओं के समूह पर 8 दिन तक सुनवाई करने के बाद 14 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**संसद के पास खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति नहीं :** सुप्रीम कोर्ट ने 8:1 के बहुमत से दिए गए फैसले में गुरुवार को कहा कि संसद के पास, संविधान के प्रावधानों के तहत खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति नहीं है।

शेष पेज 08 पर

### जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन का हार्ट अटैक से निधन



- दिल्ली के मैक्स अस्पताल में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजीव रंजन का गुरुवार देर शाम नयी दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे झारखंड और छत्तीसगढ़ बिजली बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे थे।

शेष पेज 08 पर

# अबुआ आवास योजना की समीक्षा 33 पंचायत सचिवों का वेतन रोका

- पैसा लेने के बाद भी काम शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को भेजा जाएगा नोटिस

**पलामू।** अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने गुरुवार को की। इस दौरान उन्होंने विश्रामपुर, चैनपुर, हुसैनाबाद, नवाबाजार, लेस्लीगंज, पांडु, पड़वा, पांकी, पाटन एवं सतबरवा की विभिन्न पंचायत सचिवों संग बैठक की। उनके क्षेत्र अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाली पंचायतों में अबुआ आवास योजना पर चर्चा की। इस दौरान डीडीसी अहमद सभी पंचायत सचिवों से अपेक्षित



प्रगति नहीं होने के कारणों से अवगत हुए। बताया कि कई लाभुक प्रथम क़िस्त लेने के पश्चात कार्य शुरू नहीं किये हैं। इस पर डीडीसी ने ऐसे सभी लाभुकों को नोटिस करने की बात कही। कुछ पंचायत सचिव द्वारा जियो टैग नहीं किया गया है, जिसके कारण दूसरे क़िस्त का भुगतान की कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

शेष पेज 08 पर

# झारखंड में 10 कंपनियां करेंगी 13 हजार करोड़ का निवेश

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

विधानसभा चुनाव 2024 से पहले हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में उद्योगों की स्थापना के लिए हजारों करोड़ निवेश का करार करने जा रही है। आधुनिक पावर, एसएम पावर, गजानन फेरो, नर्सिंग इस्पात और केजी सेल्स समेत कई बड़ी कंपनियों ने निवेश के इरादे जताए हैं। झारखंड सरकार का उद्योग विभाग आगामी 30 जुलाई को कंपनियों के साथ एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) करने जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में राज्य सरकार और कंपनियों के प्रतिनिधि एमओयू के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेंगे। ये कंपनियां लगभग 13 हजार करोड़ का निवेश करेंगी। इनसे लगभग 20 हजार लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष



- 20 हजार को लोगों को मिलेगा रोजगार
- विधानसभा चुनाव से पहले उद्योगों की स्थापना के लिए हजारों करोड़ निवेश का करार करने जा रही हेमंत सोरेन सरकार

रोजगार मिलने की संभावना है।

**विधानसभा सत्र के कारण तय तारीख में हो सकता है बदलाव :** उद्योग विभाग एमओयू के मौके पर परियोजना भवन सभागार में भव्य समारोह आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से समय मांगा गया है। दो अगस्त तक विधानसभा सत्र को देखते हुए अभी तक तय 30 जुलाई की तारीख में परिवर्तन भी हो सकता है।

**अभी तक 10 कंपनियों से एमओयू को हरी झंडी :** उद्योग निदेशक सुशांत गौरव कंपनियों से मिले इन्वेस्मेंट प्रस्ताव के आधार पर करार के दस्तावेजों को अंतिम रूप दे रहे हैं। अभी तक 10 कंपनियों के साथ करार को हरी झंडी दी जा चुकी है। इनमें से तीन कंपनियों के साथ एमओयू और बाकी के साथ एलओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) की शक्ल में करार होगा।

**आधुनिक पावर और नर्सिंग इस्पात ने भी फैलाई बांहें :** झारखंड में निवेश के लिए आधुनिक पावर और नर्सिंग इस्पात जैसी बड़ी कंपनियों ने भी निवेश के लिए बांहें फैलाई हैं। इन दोनों समेत केजी सेल्स के साथ एमओयू की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा एसएम पावर एंड स्टील तथा गजानन फेरो समेत बाकी कंपनियों के साथ एलओआई पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

**आधुनिक पावर लगायेगा 660 मेगावाट का नया पावर प्लांट :** आधुनिक पावर 660 मेगावाट का नया पावर प्लांट लगाने जा रहा है। जमशेदपुर में इस कंपनी का पहले से 1100 मेगावाट बिजली उत्पादन का पावर प्लांट है। उसी को विस्तारित किया जा रहा है। इसी परिसर में 660 मेगावाट का एक और पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा।

शेष पेज 08 पर

### बिहार: कृषि विभाग में 3 लाख घूस लेते दो रिश्वतखोर गिरफ्तार



**पटना।** बिहार में निगरानी विभाग की टीम ने बड़ा एक्शन लिया है। निगरानी विभाग की टीम ने कृषि विभाग के संयुक्त सचिव और हेड क्लर्क को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दोनों एक शख्स से काम कराने के एवज मे तीन लाख रुपए घूस के तौर पर ले रहे थे, तभी निगरानी की टीम ने दोनों को धर दबोचा। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद टीम उन्हें अपने साथ ले गई है, जहां पूछताछ के बाद उन्हें निगरानी की कोर्ट में पेश किया जाएगा।

शेष पेज 08 पर

# रांची, धनबाद और जमशेदपुर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मिले 150 करोड़ रुपये

- धनबाद को 100 और जमशेदपुर व रांची को 75 अंक मिले
- नगर विकास सचिव ने बताया पिछले वर्ष नहीं मिली राशि

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड के तीन शहरों मे पर्यावरण सुरक्षा और वायु गुणवत्ता मे सुधार के लिए केंद्र सरकार 150 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराने पर सहमत हो गया है। झारखंड के नगर विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की सातवीं संचालन समिति की बैठक में भाग लिया। राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए रांची, धनबाद और जमशेदपुर का चयन केंद्र सरकार ने किया है। सचिव ने इस मुद्दे को उठाया कि झारखंड के लिए 2023-24 में कोई फंड जारी नहीं किया गया है। उन्होंने वर्ष 2024-25 में फंड के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया। संचालन समिति ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के अनुसार ही 2025-25 में राशि आवंटित करने का निर्णय लिया।

शेष पेज 08 पर

# करगिल युद्ध में भारतीय सेना ने ऐसा कारनामा किया था जैसा इतिहास में कभी नहीं हुआ : ममता कुमारी सिंह

**प्रातःनागपुरी संवाददाता**

**सिल्ली/रांची।** करगिल विजय के 25 साल शुक्रवार को पूरे हो रहे हैं। करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान की एक पोस्ट को कुछ इस तरह तबाह किया था कि वह घटना इतिहास बन गई। भारतीय सेना की 326 लाइट रेजिमेंट ने पाकिस्तानी बंकरों को तबाह करने का ऐसा कारनामा किया था जो इतिहास में कभी नहीं हुआ था। सेना ने जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल से जमीन से जमीन पर हमला किया था। इस सटीक निशाने ने पाकिस्तान की एक पोस्ट उड़ा दी थी। उसी कहानी को बयां कर रहीं हैं रामगढ़ जिला के गोला निवासी पूर्व सैनिक की पत्नी एवं वर्तमान में शिक्षिका ममता कुमारी सिंह। उन्होंने कहा कि एक कारगिल योद्धा और अब एक भूतपूर्व सैनिक चतुर्भुज




कश्यप की पत्नी हूं। मैंने बहुत करीब से देखा और महसूस किया, जो कुछ कारगिल युद्ध में हुआ, क्योंकि तब मैं जम्मू के फैमिली क्वार्टर में रह रही थी। कारगिल की बफीर्ली चोटियों पर पर एक-एक मिलीग्राम ऑक्सीजन के लिए तरसते हुए कुछ जवानों ने अपने हाथों से बंदूकें नहीं छोड़ी। मेरा दर्द तो हद से तब गुजरने लगा, जब शहीद हुए जवानों के क्षप्त विक्षत और अधजले शरीर के टुकड़े रेत की टीलों से भी ऊपर जाते पार्थिव शरीरों के ढेर नजरों के सामने होते थे।

शोनित के बदले जो देश अश्रु बहता है, वह कभी स्वाधीन नहीं रहता है। हम स्वाधीन हैं, क्योंकि 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 तक कारगिल युद्ध की बफीर्ली चोटियों पर इतना खून बहा कि भारत माता का आंचल आज भी लाल है। तब मैं जम्मू यूनिवर्सिटी, जम्मू से बीएड की क्लास कर रही थी। सारे विद्यार्थी शहीद और घायल जवानों के लिए और उनके परिवार के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे थे। तब जम्मू के हर एक निवासी के दिल में बदले की आग जल रही थी। हर विद्यार्थी कॉलेज और यूनिवर्सिटी की पढ़ाई छोड़कर रोड और चौक चौराहा पर चंदा इकट्ठा करता और नारा लगाता हुआ मिलता था, क्योंकि हर कोई बदला लेने के लिए आतुर था। अब तो ऊपर जाता हुआ तिरंगा भी हमसे पूछ रहा है कि क्या बात है भारत आजकल मैं फहराने से ज्यादा दफनाने के काम क्यों आ रहा हूं।

धरती के घोर कुआंसे को एक सूरज ही हर सकता है, क्योंकि एटम बम से रक्षा एक एटम बम भी कर सकता है और वह है हमारी भारतीय सेना।

## संक्षिप्त

### सिमडेगा से फरार नक्सली रनिया से गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के फरार नक्सली डेबा टोपनो उर्फ सूर्या को रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। डेबा टोपनो के खिलाफ सिमडेगा जिले के जलडेगा थाने में 2017 में नक्सली गतिविधियों को लेकर मामला दर्ज है। डेबा टोपनो सात वर्षों के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है। नक्सली की गिरफ़्तारी के पश्चात वरीय पदाधिकारी को सूचित किया और बांसजोर ओपी पुलिस को रनिया बुलाकर डेबो टोपनो को सुपुर्दकर दिया गया, जहां से न्यायायिक अभिरक्षा में उसे सिमडेगा जेल भेज दिया गया।

### गूंज परिवार का मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**राहे।** गूंज परिवार की ओर से कल यानी शुक्रवार को मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। प्रतिभा सम्मान समारोह में 2024 के मैट्रिक और इंटर में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश महतो के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाना है। समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### खूंटी के बच्चों ने सर्वाधिक 15 पदक जीते

**खूंटी।** डीएवी हेहल रांची में 23 और 24 जुलाई को आयोजित क्लस्टर लेवल डीएवी स्पोर्ट्स 2024 में डीएवी स्कूल खूंटी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12 गोल्ड सहित सर्वाधिक 15 पदक जीत कर स्कूल का मान बढ़ाया। विद्यालय के खेल शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह और टीम के साथ गए शिक्षक चंदन कुमार और नीति प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल सात टीमें शामिल हुई थी, जिसमें अकेले 15 पदक जीतकर डीएवी खूंटी की टीम अव्वल रही।

## बिजुलिया तालाब के सुंदरीकरण कार्य का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शिलान्यास



**संवाददाता**

**रामगढ़।** सीएसआर फंड के तहत 24 जुलाई को बिजुलिया तालाब रामगढ़ के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर पुजारी धीरज परासर ने मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी के हाथों विधि पूर्वक शिलान्यास कार्य संपन्न करवाया। इससे पूर्व विधायक के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ के धरोहर बिजुलिया तालाब जहां पर बड़ी की संख्या में छठवर्ती छठ पूजा करने आते हैं उसका सुंदरीकरण हो जाने से उन्हें सुविधा होगी। बच्चों को मनोरंजन का का माहौल मिलेगा और वे बोटिंग की आनंद भी ले सकेंगे। वहीं क्षेत्र के लोग मॉर्निंग वॉक, इवनिंग वॉक में यहां का आनंद ले सकेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, बिमल बुधिया, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, धर्मेंद्र साव भोपाली, बिट्टू सिंह चंडोक, जनार्दन पासवान, पंकज दांगी, बीजेपी जिला महामंत्री छोटन सिंह, प्रो संजय सिंह, अनुपमा सिंह, मीरा देवी, रोहित सोनी, अनिल श्रीवास्तव, संजय कुशवाहा, नंदू महतो, जिला परिषद् 'म सुभाष कुमार, संवेदक संदीप चोपड़ा, मनीष चोपड़ा, अशोक कुमार, संदीप महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सभी योग्य कार्डधारियों को ससमय राशन उपलब्ध करायें : उपायुक्त

**संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में गुरुवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राशन आपूर्ति, ग्रीन कार्ड, जिला आपूर्ति से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। मौके पर डीसी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिये। जिले में धान अधिप्राप्ति की अद्यतनजानकारी देते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा भुगतान की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया गया। माइग्रेंट लेबर के वेरिफिकेशन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला अंतर्गत 15918 माइग्रेंट लेबर के सत्यापन के क्रम में 7777 माइग्रेंट लेबर सिस्टम द्वारासत्यापित किये गये हैं।



जिला स्तर पर 1778 माइग्रेंट लेबर का सत्यापन किया जा चुका है। शेष 6363 माइग्रेंट लेबर के सत्यापन का कार्य चल रहा है। एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस योजना के तहत विभिन्न प्रकार के राशन कार्डधारियों के मध्य राशन वितरण की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित कियाकि पीडीएस डीलरों का समय-समय पर निरीक्षण करते हुए नियमानुसार राशन वितरण सुनिश्चित करें। निर्देश दिया गया कि राशन कार्डधारियों के बीच चना दाल वितरण औरधोती,साड़ी एवं लुंगी वितरण पर विशेष ध्यान देते हुए इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।किया जाना चाहिए। जेएसएफएसएस योजना अंतर्गत ग्रीन कार्ड की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी योग्य लाभुकों का चयन कर नया राशन कार्ड निर्गत करने के लिए आवेदन लेकर ग्रीन कार्ड की रिक्ति को शत-प्रतिषशत भरना सुनिश्चित करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 08 फरवरी 2024 से अब तक 1072 नये ग्रीन कार्ड निर्गत किये गये हैं। साथ ही 7752 नये आवेदन को ग्रीन कार्ड निर्गत करने की अनुशंसा की गई है।

# नाम जांचों अभियान में डीसी ने लिया हिस्सा मतदाता सूची में की अपने नाम की जांच

**संवाददाता**

**रामगढ़।** मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित करने को लेकर दिनांक 25 जुलाई 2024 को संचालित #NamJancha अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय छत्तरमांडू में मतदान केंद्र संख्या 107 पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की। साथ ही उन्होंने सभी से प्रत्येक निर्वाचन में अपने



मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान केंद्र, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य माध्यमों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने की अपील की। गौरतलब है की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई 2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। वहीं, प्रारूप प्रकाशन के दिन अपराह्न 12:00 बजे से 1:00 बजे के बीच नाम जांचों अभियान का आयोजन किया गया जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भी नाम जांचों अभियान में हिस्सा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## सोनाहातू और राहे में नक्सली बंद का दिखा असर



**सोनाहातू।** नक्सलियों द्वारा बुलाये गए बंद का असर सोनाहातू और राहे प्रखंड में देखने को मिला। बुंडू-राहे - सिल्ली और बुंडू-सोनाहातू-सिल्ली तक चलने वाले यात्री वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। यात्री काफी परेशान रहे। बाजार बंद रहा, दुकानें बंद रहीं। समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## खनन विभाग एवं सिल्ली पुलिस की संयुक्त छापेमारी में अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर जब्त

**सिल्ली।** खनन विभाग एवं सिल्ली पुलिस की संयुक्त छापेमारी में गुरुवार की सुबह चार बजे अवैध बालू की ढुलाई कर रहे तीन ट्रैक्टरों को सिल्ली थाना में जब्त किया गया है। पुलिस ने जब्ती सूची बनाकर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अवैध बालू के कारोबार की सूचना मिल रही थी। इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी अब्बू हसन एवं सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार समेत छापेमारी टीम ने थाना क्षेत्र के श्याम नगर घाट पर नदी से बालू लोड करते तीन ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## किता स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की सुविधा जल्द होगी बहाल



**सिल्ली।** मुरी- रांची रेल खंड पर किता रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। एक नंबर से दो नंबर प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए यात्रियों को अब जल्दी ही फुट ओवरब्रिज की सुविधा मिल जायेगी। इसके लिए काम जोरों पर है। हाल में ही ब्लॉकिंग लेकर रेलवे लाइन के आरपार ब्रिज का मुख्य काम पूरा कर लिया गया है। ब्रिज के ऊपरी हिस्से का काम ही शेष है। इसके बाद यात्री बिना किसी जोखिम के एक नंबर से दो नंबर प्लेटफार्म पर आवाजाही कर सकेंगे।

## श्मशान में शेड व पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास

**प्रमुख ने की ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील और संवेदक को दिया गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश**

**संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड की हाकेदाग पंचायत के हाकेदाग केंदुआटोली में श्मशान में शेड और हरीडीह से बोकलादोह तक 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी व प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने संयुक्त रूप से किया। दोनों कार्य विधायक निधि की राशि से किए जायेंगे। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि श्मशान में शेड निर्माण होने से शव लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों को परेशानियों से निजात मिलेगी। धूप, बरसात जैसे मौसम में भी पहुंचने वाले ग्रामीणों



को राहत मिलेगी। वहीं उन्होंने कहा कि गांव के पूजा सह मेला स्थल बोकलादोह जाने में हो रही समस्या को देखते हुए पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख ने लोगों को कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

मौके पर केंद्रीय सचिव सुशील महतो, मुखिया हरिपद मांझी, आजसू महिला प्रखंड अध्यक्ष सोमरी देवी, पिस्का पंसस अनिल मांझी, देवनारायण महतो, विष्णुचरण महतो, वार्ड सदस्य आशा देवी, देवंती कुमारी, देवचरण गोराई, सृष्टिधर महतो, गिरिधर महतो, भीष्मबर महतो, धीरेन महतो, कार्तिक गोराई, अजय महतो, बालेश्वर महतो, खेमनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## सर्प दंश से बाड़ी निचकेल पंचायत की मुखिया की मौत

**खूंटी।** अड़की प्रखंड की बाड़ी निचकेल पंचायत की मुखिया मरियम पूर्ति की मौत सर्प दंश से हो गई। जानकारी के अनुसार मरियम पूर्ति और उसके पति बुधवार को सुबह पांच बजे मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। अचानक मुखिया के पति के पैर में किसी चीज के रेंगने का अहसास हुआ, तब उसने अपने पैरों को झिटक दिया, तो एक जहरीला सांप मच्छरदानी के पास नजर आया। मच्छरदानी से सांप को बाहर करने के बाद उसने मुखिया मरियम पूर्ति को जगाया और पूछा कि क्या सांप ने उसे काटा है? मरियम ने बताया कि उसे किसी सांप ने नहीं काटा है। कुछ देर बाद मुखिया का पति काम करने अपने खेत पर चला गया। दोपहर में अचानक मुखिया मरियम पूर्ति की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर गुरुवार को सुबह अड़की थाना की पुलिस ने बाड़ीनिचकेल गांव जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का खुलासा हो सकता है कि मुखिया की मौत सर्पदंश से हुई है अथवा किसी अन्य कारण से। एक चिकित्सक ने कहा कि हार्ट अटैक से भी मौत हो सकती है।

## उद्योग मंत्री से मिले अमित साहू



**रामगढ़ ।** रांची के प्रतिष्ठित होटल रेडिसन ब्लू के सभागार में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सम्मानित अध्यक्ष किशोर मंत्री के सानिध्य में राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से औपचारिक मुलाकात की और राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एवं अन्य मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से रामगढ़ जिले में जल्द से जल्द नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई। उद्योग मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस पर हम लोग कार्य करने का काम करेंगे। उद्योग मंत्री ने कहा कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जुझारू अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में फेडरेशन लगातार नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# किसानों को धोखा दे रहा है मॉनसून, सता रही अकाल की चिंता

**संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले में पर्याप्त मानसूनी बारिश नहीं होने से किसानों को अकाल की चिंता सताने लगी है। बारिश के अभाव में खेतों में धान के बिचड़े सूखने लगे हैं। किसानों का कहना है कि सावन महीने में पूरे क्षेत्र में जमकर बारिश होती थी, लेकिन इस बार आषाढ़ महीने में आधी बारिश भी नहीं हुई है। मानसून इस बार किसानों को धोखा दे रहा है।

तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी कहते हैं कि जुलाई महीने में खूंटी जिले में औसत बारिश लगभग 400 मिलीमीटर है, लेकिन अब तक जिले में दो मिमी भी बारिश नहीं हुई है। डॉ चौधरी ने किसानों को सलाह दी है कि वे वे मौसम के सक्रिय होने का इंतजार करें। इसके बाद धान की रोपाई



करनी करें, लेकिन किसी भी परिस्थिति में कभी भी 35 दिन से ज्यादा पुराने बिचड़े से धान की रोपाई नहीं करनी करें,क्योंकि देर से लगाने पर कल्ले कम निकलते है एवं कम पौधे होने से उपज में भारी कमी आती है। देर से जब धान लगाना हो, तो कम अवधि की प्रजातियों का चयन करना चाहिए जो 110 से 120 दिन में तैयार हो जाती है इनकी रोपाई करने की बजाय सीधी बुआई करने की सलाह दी जाती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ चौधरी ने वर्तमान में वर्षा की स्थिति को देखते हुए दलहनी फसलों को लगाने की सलाह दी है कि वे, अरहर, उड़द, मूंग आदि की खेती करें, पर ध्यान रखें कि इन फसलों को उसी जगह लगायें, जहां जल निकासी की व्यवस्था अच्छी हो। इसके अलावा मक्का एवं तिल भी लगाना अच्छा रहेगा। आजकल किसानों को मोटे अनाज जैसे, ज्वार, बाजरा, सावा, मडुआ, कंगनी से भी बहुत अच्छा फायदा हो रहा है। अतः इस तरह के वातावरण में इन फसलों को लगाकर किसान अच्छा फायदा कमा सकते है। ठीक से देखभाल करने से उपज एवं लाभ में कोई कमी नहीं होती है। डॉ चौधरी ने कहा कि जिन किसानों ने आम, लीची, अमरूद, केला, आवला, कटहल इत्यादि फल के नए बाग लगाना चाहते है, वे मानसून के सक्रिय होने के बाद ही नए बाग लगाए। जिन किसानों ने पपीता के पौधे अभी हाल हाल में ही रोपाई की है, उन्हें सलाह दी जाती है कि प्रतिदिन हल्की हल्की सिंचाई करें। संभव हो तो अत्यधिक धूप से बचाने का भी उपाय करें।

## सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान तक पहुंचे योजना का लाभ : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत 25 जुलाई को सुकर व बकरा-बकरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा,मुखिया वीणा कुमारी मौजूद थे। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और गरीब एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। कहा इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है और किसानों की आय में वृद्धि की जा रही है। पशुपालन से संबंधित सभी आवश्यक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि किसान इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर 16 लाभुकों के बीच बकरा-बकरी व 4 लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया गया।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान तक इस योजना का लाभ पहुंचे और वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सके।इस योजना से जुड़े अन्य लाभों और सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग के शशि सिन्हा ने कहा हम निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं कि पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन हो और किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिल सके। मौके पर शंकर महतो,छोटन कुमार, कुलदीप महतो,तपेन्द्र महतो, रामकुमार आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### मेटा एआई अब हिंदी में भी उपलब्ध

रांची। मेटा एआई अब हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध है। हम अपने ऐप्स और डिवाइस में मेटा एआई असिस्टेंट की पहुंच बढ़ा रहे हैं। नई सुविधाएं जोड़ रहे हैं, ताकि आपको उत्तर देने, विचार करने और प्रेरणा मिल सके। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है, जिसमें अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मैक्सिको, पेरू और कैमरून शामिल हैं। अब आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ नई भाषाओं में भी बात कर सकते हैं। यह सुविधा अब हिंदी, रोमन हिंदी, फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली, और स्पेनिश में उपलब्ध है। जल्द ही और भी भाषाएं जोड़ी जाएंगी।

### डीसी ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

रांची : मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने रातू रोड स्थित श्रद्धानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय अवस्थित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची का निरीक्षण करते हुए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान रांची विधानसभा क्षेत्र के एफ्ठ श्री उत्कर्ष कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री बिवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग कार्यालय में अभिभावक संघ ने सौंपा ज्ञापन

रांची : बुधवार को झारखण्ड राज्य बाल अधिकार सरक्षण आयोग कार्यालय में सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी के कार्यालय में अजय राय, अध्यक्ष, झारखण्ड अभिभावक संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन से संबंधित सूचना एवं कृत–कार्रवाई इस प्रकार है–

1. दिनांक–2207.2024 से 2307.2024 तक विद्यालय समूह द्वारा वार्षिक खेल का आयोजन बी० ए०वी० पब्लिक स्कूल सेक्टर–4 में आयोजित किया गया था।
2. उक्त आयोजन में रांची डीएवी पब्लिक स्कूल, गांधीनगर, रांची के नाबालिग बच्चों द्वारा भाग लिया गया। खराब परफोरमेश के तहत उक्त विद्यालय के पी०टी० टीचर द्वारा नाबालिग बच्चों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया साथ ही मार–पीट का भी उल्लेख किया गया।
3. आयोग के माननीय सदस्य को प्रतिवेदन सीपने के उपरान्त त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी द्वारा ज्ञापन प्राप्त करने के उपरान्त तत्काल में बोकारो जिला के पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई प्रतिवेदन की मांग की गयी।

### हेमन्त सोरेन से मिले गुलाम अहमद मीर और राजेश ठाकुर

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। इस मौके पर राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और 26 जुलाई से शुरू होनेवाले झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र एवं कई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श हुआ।

### गायत्री युगतीर्थ शक्तिपीठ में महिला मंडल सत्संग में शिक्षा व विद्या पर हुआ स्वाध्याय

रांची : नवयुग सृजन योजना अभियान में सृजन विद्या विषय पर सत्संग हुआ। बताया कि शिक्षा में विद्या का समावेश आवश्यक है। रांची गायत्री परिवार युगतीर्थ शक्तिपीठ सेक्टर टू धूर्वा में महिला मंडल प्रतिनिधित्व में आज गुरुवार स्वाध्याय पाठ–संवाद में शिक्षा व विद्या का विषय रहा।भौतिकी शिक्षा, साक्षरता, भौतिक ज्ञान विज्ञान एवं आध्यात्मिक ज्ञान विज्ञान और विद्या पर स्वाध्याय पाठ–संवाद हुआ।

# रांची निगम निगम और सरकार रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जल स्रोतों में पानी संरक्षित रखने पर दे ध्यान : हाई कोर्ट

संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में रांची में पानी की समस्या दूर करने के लिए रांची निगम निगम एवं राज्य सरकार रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं जल स्त्रोतों में पानी संरक्षित रखने मामले की सुनवाई हुई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि आने वाले 5-10 वर्षों में राजधानी रांची में पानी की समस्या गंभीर हो सकती है। इसे देखते हुए अभी से ही रांची निगम निगम एवं राज्य सरकार को राजधानी रांची में युद्ध स्तर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं जल स्त्रोतों में पानी संरक्षित रखने के उपाय करने होंगे।



राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड को पानी की किल्लत से बचाने के लिए वर्तमान में प्लानिंग क्या होनी चाहिए, लॉन्ग टर्म क्या प्लानिंग बनानी है उसपर सरकार को विचार करना जरूरी है। कोर्ट ने मौखिक कहा राजधानी रांची के 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होने का दावा रांची नगर निगम की ओर से किया गया था, जिसपर हाई कोर्ट द्वारा बनाई गई छह अधिवक्ताओं की कमेटी ने 100 से अधिक मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच की थी, जिसमें कमेटी ने पाया है कि अधिकांश मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा नहीं है।

कोर्ट ने रांची नगर निगम के मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग के दावे और शपथ पत्र पर असंतोष जताते हुए पूछा कि कमेटी की रिपोर्ट के आलोक में रांची नगर निगम क्या कार्रवाई कर रहा है। 300 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल जमीन पर बने मकान में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा है या नहीं ,इस पर रांची निगम क्या कार्रवाई कर रहा है? रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव ने कोर्ट को बताया कि रांची में 300 स्क्वायर मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले मकानो के अलावा मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा नहीं रखने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है। लोगों को रेनवाटर हार्वेस्टिंग को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। रांची में बड़ा तालाब की सफाई के लिए तालाब में ई बॉल डाला जा रहा है ,आठ माह में बड़ा तालाब साफ हो जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि लोगों को अगले गर्मी में पानी की समस्या से लोगों को बचने का काम जमीनी स्तर पर काम दिखना चाहिए, इस वर्ष अभी तक ज्यादा वर्षा भी नहीं हुई है, जो चिंता का विषय है।

कोर्ट ने राज्य सरकार को धुर्वा, कांके और गेतलसुद डैम के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण को हटाने,झारखंड में पानी की समस्या दूर करने के लिए लॉन्ग टर्म एवं शॉर्ट टर्म प्लान सहित अन्य बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई निर्धारित की है।

### युवा आजसू ने की रांची विवि के कुलपति से मुलाकात

रांची : बृहस्पतिवार को युवा उत्सव का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू के राशन नायक के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें घोषणा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की परेशानियों से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से युवा आजसू के रोशन नायक ने कहा के विगत कुछ दिनों पहले जॉनसन महाविद्यालय रांची में वाराणसी विभाग में पेरेंट्स टीचर मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें लगभग 70 से 80% छात्र छात्राओं के गार्जियन नहीं आए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें मिड सेम एग्जाम नहीं देने दिया जा रहा है। रोशन नायक में कुलपति महोदय से कहा की महाविद्यालय के वाणिज्य में बहुत सारे छात्र छात्राएं हैं इस राज्य के बाहर से हैं एवं वह अपने गार्जियन को बुलाने में असमर्थ हैं। वहीं दूसरी ओर घोषणा महाविद्यालय में ज्योग्राफी विभाग के छात्र-छात्राओं के पास पैसे की कमी के कारण वह टूर पर नहीं जा पाए टूर पर नहीं जाने के कारण मैं परीक्षा में अब्सेंट दिखाकर फेल कर दिया गया ।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में संविदा पर होगी नियुक्ति



संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में संविदा के आधार पर नियुक्ति होगी। इसके लिए रिटायर्ड लोगों से आवेदन मांगें गए हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार, लोक उपक्रमों और कृषि विश्वविद्यालयों की सेवा से रिटायर 62 वर्ष तक की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के नियंत्रक (वित्त प्रमुख) पद के लिए न्यूनतम योग्यता बी कॉम डिग्री या समकक्ष डिग्री, चार्टर्ड अकाउंटेंट या कास्ट अकाउंटेंट के रूप में अनुभव या राज्य/ केंद्र सरकार की अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा पास है। साथ ही, सरकारी या अर्ध सरकारी संस्थान में न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। चिकित्सा पदाधिकारी पद के लिए आवश्यक योग्यता मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से चिकित्सा विज्ञान की डिग्री और रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव चाहिए। इसी प्रकार उप निदेशक, कार्य एवं संयंत्र (सिविल) के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री और कार्यपालक अभियंता या उससे ऊपर के पद पर पांच साल का कायार्नुभव आवश्यक है। उम्मीदवार विज्ञापन (23 जुलाई) के 10 दनों के अन्दर बीएयू की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन एवं फीस भुगतान कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 1000 रुपये और एससी/ एसटी उम्मीदवारों के लिए 500 रुपये है।

चयनित उम्मीदवारों को झारखंड सरकार के वित्त विभाग के संकल्प के अनुरूप मासिक मानदेय दिया जायेगा। आरंभिक नियुक्ति 6 माह के लिए होगी, जिसे राज्य सरकार के नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में लगभग शत प्रतिशत प्रशासनिक पद रिक्त हैं। अतिरिक्त प्रभार देकर या संविदा नियुक्तियों से काम चलाया जा रहा हैं। नियमित नियुक्तियों का अधिकार वर्तमान में झारखंड लोक सेवा आयोग के पास है।

## कोयला व खान मंत्री ने पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

### सीसीएल सीएमडी, निदेशक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने पौधे बांटें

संवाददाता

रांची। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने 25 जुलाई, 2024 धनबाद से 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण अभियान-2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री के साथ कोयला सचिव अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं अन्य अतिथि भी मौजूद रहे।



कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित हरित क्रांति की पहल में सीसीएल भी हिस्सा बना। इस मौके पर वर्चुअल रूप से सीसीएल के सीएमडी नि ?लेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

पौधरोपण अभियान के उपलक्ष्य पर सीसीएल के सीएमडी, निदेशक मंडल एवं सीवीओ ने सीसीएल मुख्यालय के प्रांगण में पौधरोपण किया। पौधों का वितरण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सीसीएल के सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय महाप्रबंधकों की अगुवाई में फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 55 हजार से अधिक पौधे लगाए और बांटें गए।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला एक अगस्त से



संवाददाता

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 1, 2 और 3 अगस्त को अग्रेसन भवन में होगा। अग्रेसन भवन के तीनों फ़्लोर में मेला लगेगा। इसमें कपड़े, राखी, ज्वेलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार, पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंड मेड समान, भगवान की पोशाक आदि मिलेंगे। समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा कि बहुत सी महिलाएं घर में समान बनाती है, लेकिन वह सेल नहीं कर पाती है। ऐसी महिलाओं के लिए शाखा यह मेला आयोजित करती है, ताकि उन्हें अपना समान बेचने का एक मंच मिल सके।

मेले की संयोजिका विनीता बिहानी, सरिता बथवाल, सपना सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, रितु पोद्दार पूरी तरह से मेले की तैयारी में लगी हुई है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि मेले में फूड स्टॉल भी लगेंगे। शॉपिंग के साथ-साथ स्वाादिष्टा व्यंजन का भी लुत्फ ले सकते हैं।

## रिम्स में इलाजरत झामुमो गिरिडीह जिला सचिव की मुख्यमंत्री ने ली जानकारी

संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड 25 जुलाई को पहुंचे। वहां उपचार के लिए भर्ती झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन को चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर्स से उनके बेहतर इलाज से संबंधित बातचीत की।



मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम पूछा। इलाजरत सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराए जाने का निर्देश चिकित्सकों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स प्रबंधन प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे।

ज्ञात हो कि झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं। बेहतर इलाज हेतु रिम्स के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाजरत हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र स्थित विश्व ज्योति धाम में मना रक्षाबंधन महोत्सव

संवाददाता

रांची : गुरुवार को कांके पिठौरिया नवा टोली केला बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र स्थित विश्व ज्योति धाम में रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्था कि संचालिका बी के राजमती बहन ने रक्षा बंधन के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए लोगों को अदभुत संदेश दिया। परमात्मा को याद करने की विधि भी बताई। उन्होंने रक्षा बंधन के बारे में बताया कि यह रक्षा सूत्र मन, वचन, कर्म की पवित्रता तथा प्रतिज्ञा का सूचक है।सभी बहन अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वर से उसके उज्वल भविष्य और मंगल की कामना करते हैं। राजमती बहन ने रक्षा बंधन के बारे में बहुत सारी बाते बताई। कार्यक्रम में समाज सेवियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी गोविंद कुमार यादव जी उपस्थित थे। मौके पर रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जय श्रीवास्तव, ब्रिस्मनी देवी, ऊर्मिला देवी, लीला देवी, कविता सेन, सावित्री देवी, अनीता देवी, विकाश कुमार, मोनू कुमार समेत कई भक्त गण उपस्थित थे।



## खेल जीविकोपार्जन का बन गया है अभिन्न अंग : एसके मिश्रा

संवाददाता

रांची : गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में डीएवी स्पोर्ट्स-2024 'क्लस्टर लेवल-5' की प्रतियोगिताओं का तीसरा दिन बालक-बालिका वर्ग हेतु 14,17 एवं 19 के अंतर्गत, योगा, खो-खो एवं एरोबिक्स जैसी खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' से सम्बंधित डीएवी के सात विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एसके मिश्रा असिस्टेंट रिजिनल ऑफिसर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' सह क्लस्टर इंचार्ज ने कहा आज खेल केवल प्रितियोगिता के लिए नहीं अपितु जीविकोपार्जन का अभिन्न अंग बन गया है। देखा गया है कि जो विद्यार्थी प्रतिदिन व्यायाम करता है और खेलों में रुचि लेता है,वह हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहता है एवं परीक्षाओं में भी अच्छे अंक अर्जित कर सफलता का परचम लहराता है। क्लस्टर-5 के ऑब्जर्वर कमलेश कुमार, प्राचार्य, डीएवी,खलारी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपना-अपना बेहतर प्रदर्शन किया है।

## देवेन्द्रनाथ महतो का इलाज दिल्ली में जारी

रांची : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो का तबीयत अब तक सुधार नहीं आ पाया है। रिम्स रांची से इलाज के बाद उन्हें दिल्ली शिफ्ट कर दिया गया है। गुरु गोविंद सिंह अस्पताल दिल्ली में फिलहाल अनुभवी चिकित्सकों के निगरानी में इलाज हो रही है। राज्य के सहायक पुलिसकर्मी के के आंदोलन को शसरीर समर्थन देने के दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा उन पर बर्बरता पूर्वक लाठी-चार्ज किया गया था। जिससे वह अभी स्वास्थ्य नहीं हो सके हैं। दिल्ली में इलाज करने वाले चिकित्सकों के अनुसार से देवेंद्र नाथ महतो को अंदरूनी चोट लगी है। जिसे मेडिकल जांच रिपोर्ट के अनुसार से बेहतर किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा दिन में केवल दो बार ही उन्हें परिजनों से मिलने दिया जा रहा है।

## एशिया का पहला लो कार्बन 'ग्रीन' जिंक इकोजेन लॉन्च

संवाददाता

रांची : जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपना लो कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड इकोजेन लॉन्च किया। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त यह कंपनी एशिया की पहली जिंक उत्पादक है जिसने दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए अपनी तरह का पहला लो कार्बन ग्रीन जिंक ऑफर किया है। इकोजेन को एक प्रसिद्ध वैश्विक स्थिरता परामर्श फर्म द्वारा जीवन चक्र मूल्यांकन, एलसीए के माध्यम से लो-कार्बन जिंक के रूप में प्रमाणित किया गया है और इसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित जिंक पर एक टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से 75 प्रतिशत कम है। जिंक का प्राथमिक अनुप्रयोग स्टील को जंग से बचाने के लिए गैल्वनाइजेशन के लिए है स्टील, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और सनराइज सेक्टर जैसे अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, हाई-टेक विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रक्षा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इकोजेन हिंदुस्तान जिंक की अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने के साथ-साथ अपने ग्राहकों को एक बेजोड़ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, ताकि बदले में अपने ग्राहकों को अधिक सस्टेनेबल विकल्प प्रदान किए जा सकें। इस नवीनतम पेशकश से हिंदुस्तान जिंक के इकोजेन के साथ एक टन स्टील को गैल्वनाइज करने में उनकी मूल्य श्रृंखला में लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचाव होगा। हिंदुस्तान जिंक की नवीनतम पेशकश, कम कार्बन ग्रीन जिंक को इकोजेन ब्रांड किया गया है। शुरूआत के लिए इकोजेन एक स्पेशल हाई ग्रेड (एसएचजी) जिंक उत्पाद संस्करण के रूप में उपलब्ध है इस कम कार्बन वाले पर्यावरण अनुकूल जिंक का निर्माण अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके किया जा रहा है और इसका वैश्विक तापमान वृद्धि क्षमता मूल्य बाजार में सबसे कम है, जो वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है। उत्पाद की प्रमाणन प्रक्रिया एक मास-बैलेंस दृष्टिकोण पर आधारित है और इसे क्रैडल टू गेट पद्धति का उपयोग कर किया गया है।

## बाबूलाल से मिला आदिवासी जमीन बचाओ अभियान का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता

रांची : गुरुवार को आदिवासी जमीन बचाओ अभियान के तत्वावधान में आदिवासियों की धार्मिक, सामाजिक, बकाश्त भूंईहरी और निजि जमीनों की लूट-खसौट, जबरन दखल-कब्जा, जमीन माफिया, बिल्डर बिचौलिया-दलालों, असामाजिक/ आपराधिक तत्वों और राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत करके दस्तावेजों में छेड़छाड़ /हेराफेरी, पुलिस प्रशासन, जमीन माफिया गठजोड़ से परेशान, पीड़ित हजारों लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारियों को दिये गए आवेदनों/शिकायतों के बाद भी कारवाई नही होने से



झेल रहे आदिवासी समुदाय के लोगों के सवालों को मानसून सत्र में विधानसभा में रखने का आग्रह के साथ आदिवासी संगठनों का प्रतिनिधिमंडल आज पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिला। आदिवासी संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे आदिवासी नेता लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि आदिवासी जमीन की लूट-खसौट का मुद्दा गंभीर है। गांव के गांव और शहर कहीं अछूता नही है। इससे आदिवासी समुदाय त्रस्त है। इस मुद्दे को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर,आरोप-प्रत्यारोप से हटकर वर्तमान समय में जो परिस्थिति आदिवासी समुदाय के लिए बनी हुई है। इससे छुटकारा दिलाने के लिए विधानसभा में पक्ष-विपक्ष गंभीरता से बहस, विचार विमर्श करे। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गौर से सुना और आश्वासन दिया कि इस सत्र में हमारी कोशिश रहेगी कि इस पर विधान सभा में एक दिन का चर्चा हो और पक्ष - विपक्ष इसका सर्वमान्य हल निकाले। इस प्रतिनिधिमंडल में लक्ष्मीनारायण मुंडा, सूरज टोप्पो, डब्लू मुंडा, मोहन तिर्की, बलकु उरांव, निर्मल पाहन, बुधवा उरांव,सारजन हांसदा शामिल थे।

## संक्षिप्त

### गाल्होबार के केंदुआडीह के ग्रामीणों को मिला नया बिजली ट्रांसफार्मर

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत के केंदुआडीह गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विगत दो सप्ताह से पूरे गांव में अंधेरा छाया हुआ था। जेबीकेएसएस के इंजीनियर मुकेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष सरयु साव, प्रखंड महामंत्री गुलाब कुमार महतो एवम शुभम कुमार ने संबंधित मामले को संज्ञान में लेकर बिजली विभाग से बातचीत कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। उपलब्ध कराए गए नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बुधवार को किया गया।

### नये बीडीओ व सीओ करेंगे अपना पदभार ग्रहण

**विष्णुगढ** : राजस्व निबंधन एवम भूमि सुधार विभाग झारखंड सरकार एवम ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा दिनांक 24 जुलाई 2024 को अधिसूचना जारी कर राज्य के कई अंचल अधिकारियों एवम प्रखंड विकास पदाधिकारियों के स्थानांतरण की सूचना दी गई। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवम अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू का भी स्थानांतरण कर दिया गया। अधिसूचना के अनुसार जिला औरंगाबाद बिहार के रहने वाले सत्यम कुमार विष्णुगढ़ के नए प्रखंड विकास पदाधिकारी होंगे एवम जिला धनबाद के रहने वाले नित्यानंद दास विष्णुगढ़ के नए अंचल अधिकारी होंगे और जल्द अपने अपने पदभार को ग्रहण करेंगे।

### हड़ताली कर्मचारियों से तत्काल सम्मानजनक समझौता करे सरकार : सीटू

**हजारीबाग** : सरकार के किसी भी योजना की सफलता उसे राज्य में कार्य कर रहे कर्मचारियों पर निर्भर करता है यदि कर्मचारी परेशान हो तो सरकार का कोई भी योजना समय पर पूर्ण नहीं हो सकता। पूरे झारखंड में झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ और मनरेगा कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए हैं। अपनी मांगों के लिए कर्मचारी संघ के नेताओं ने कई बार राज्य सरकार को पत्र लिखा और मिलकर भी अपनी समस्याओं को रखा बावजूद इसके उनके समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया जिसके कारण यह लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं इनके हड़ताल में चले जाने के कारण पूरे राज्य में विकास का पहिए थम गया है किसी कार्यालय में काम नहीं हो रहा है। यहां तक की छात्रों का जाति, आवासीय और आया प्रमाण पत्र भी नहीं बन रहा है।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन

**झुमरीतिलैया** : सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता चार राउंड में हुई। चौथा राउंड ग्रैंड फाइनल राउंड था। यह मुकाबला आकाश हाउस के श्रवण यादव और पवन हाउस के रौशन कुमार के बीच खेला गया। इसमें आकाश हाउस का श्रवण यादव विजेता रहा। जबकि रौशन को उपविजेता का खिताब मिला। प्रतियोगिता शिक्षक हंसपाल कुमार की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता में अभिनव कुमार, अर्णव कुमार, रौशन कुमार, आदित्य कुमार, कृष्ण कुमार, अभिनव कुमार, समर शर्मा, नैतिक शर्मा, सृष्टि कुमारी, श्रवण राहुल, बादल कुमार आदि छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### सात सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी

**केरेडारी** : एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल माइंस से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण से जुडी व अन्य सात सूत्री मांगों को लेकर भू रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप के बैनर तले ग्रामीण महिला पुरुष धरना पर पिछले छह दिनों से बैठे हुए हैं लेकिन अब तक कम्पनी की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है ग्रामीणों की मांगों में भू रैयतों की बनी नई कमिटी को मान्यता देने,रैयतों को रोजगार से जोड़ने,समय - समय पर पानी के छिड़काव,ट्रांसपोर्टिंग के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का मुवाबजा राशि का निर्धारण सहित कुल सात सूत्री मांग शामिल है।

# टाटा पावर ने माइक्रोग्रिड कंपनी के नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से किया एमओयू

एजेंसी

**जमशेदपुर/नई दिल्ली।** टाटा पावर की कंपनी टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड कंपनी ने सहकारी डेयरी मॉडल के जरिए भारत की ग्रामीण वित्त व्यवस्था पर परिवर्तनात्मक प्रभाव डालने के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ समझौते किया है। डेयरी मूल्य श्रृंखला में नूतनीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में उन्नति लाने के लिए अलग-अलग प्रयास करना इस साझेदारी का लक्ष्य है।

एनडीडीबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. मीनेश शाह और टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड के सीईओ मनोज गुप्ता ने टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा, भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की अतिरिक्त सचिव सुश्री वर्षा जोशी, एनडीडीबी के कार्यकारी निदेशक, मदर डेयरी के एमडी, एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के एमडी और अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दूध मूल्य श्रृंखला के भीतर स्थिरता और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई कई महत्वपूर्ण पहल चलाना इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य होगा। इसमें डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस), बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) और मिल्क चिलिंग सेंटर का सोलराइजेशन शामिल है, जिसे अत्याधुनिक सोलर माइक्रोग्रिड तकनीक द्वारा सुगम बनाया गया है।



एनडीडीबी के अध्यक्ष और एमडी डॉ. मीनेश शाह ने कहा, 'यह सहयोग दूध मूल्य श्रृंखला को स्थायी और कुशल बनाने के हमारे दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्षय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत कर-के, डेयरी मूल्य श्रृंखला में परिचालन दक्षता को बढ़ावा देना और हरित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है। टीपीआरएमजी के साथ हमारी साझेदारी हमें एक हरित और अधिक टिकाऊ डेयरी क्षेत्र बनाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगी।'

एनडीडीबी और टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड के सहयोगी प्रयासों के जरिए गुजरात के आणंद जिले के मुजकुवा को कार्बन न्यूट्रल गांव बनाने की महत्वाकांक्षी योजना इस साझेदारी का एक प्रमुख आकर्षण है। ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता को बढ़ावा देना और डेयरी उद्योग के लिए एक हरित भविष्य को बढ़ावा देना इस प्रयास का लक्ष्य है।

टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, 'राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ हमारी साझेदारी उन्नत अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करके, कार्बन उत्सर्जन को महत्वपूर्ण रूप से कम करके और परिचालन दक्षता को बढ़ाकर डेयरी क्षेत्र में क्रांति लाएगी। यह रणनीतिक गठबंधन पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो सतत विकास को बढ़ावा देते हैं और नए उद्योग मानक स्थापित करते हैं।'

इसके अतिरिक्त, साझेदारी इन माइक्रोग्रिड में गोबर पर चलने वाले बायोगैस बिजली जनरेटर के एकीकरण को प्राथमिकता देगी, जिससे डेयरी क्षेत्र में स्थायी ऊर्जा प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा। डेयरी और कृषि क्षेत्रों में परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए ऊर्जा-कुशल चूल्हे (स्टोव), सौर ड्रायर और कोल्ड स्टोरेज समाधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अलावा, सुधार के अवसरों की पहचान करने और कुशल, टिकाऊ समाधानों को लागू करने के लिए मौजूदा इलेक्ट्रिक और थर्मल सिस्टम पर व्यापक ऊर्जा ऑडिट किए जाएंगे।

उपायुक्त गरिमा सिंह ने मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन को लेकर मतदान केन्द्र संख्या 194 का किया निरीक्षण, कहा

# मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें मतदाता सूची से जोड़ें

संवाददाता

**लातेहार** : मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा लातेहार के मतदान केंद्र संख्याझ194 का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्र संख्याझ194 (राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चंडनडीह) का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया । बीएलओ को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें मतदाता सूची से जोड़ें। आगे उपायुक्त ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर नाम जांचो अभियान से अवश्य जुड़ें। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जा रहा है। इस ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम जांचने के लिए अपने मतदान केन्द्र जाकर बीएलओ से सम्पर्क कर सकते हैं या घर बैठे ही ऑनलाईन वोटर एप के माध्यम से अपना नाम जांच कर सकते हैं। साथ ही कहा कि नाम जांचो अभियान के तहत बूथ पर मैनें भी अपने नाम की जांच की। आप सभी मतदाताओं से आग्रह होगा कि प्रकाशित हुई ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना और अपने परिजनों का नाम अवश्य जांच लें। जांच के क्रम में यदि मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने अथवा सुधार आदि के लिए आवेदन समर्पित कर सकते हैं ।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अंचल अधिकारी, लातेहार, अरविंद देवाशीष टोप्पो, निर्वाचन विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।



## ग्रिजली विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

संवाददाता

**कोडरमा** : छात्र नेतृत्व में एक नए अध्याय की शुरुआत को चिह्नित करने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिश्वायन सिंह (स्कूल कैप्टन, बॉयज), रीत भदानी (स्कूल कैप्टन, गर्ल्स), सार्थक सिन्हा (स्कूल वाइस कैप्टन), शीतल कुमारी (गर्ल्स वाइस कैप्टन), अनुराग कुमार (स्पोर्ट्स कैप्टन), अनुराग कुमार (स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन), पियूष कुमार (ईस्ट हाऊस कैप्टन), रामानुज कुमार नायक (वेस्ट हाऊस कैप्टन), हिमांशु (नार्थ हाऊस कैप्टन) एवं शिशु कुमार ने (साउथ हाऊस कैप्टन) के रूप में शपथ ली। वहीं वाइस हाऊस कैप्टन के रूप में आयुष कुमार (ईस्ट हाऊस), उमंग (वेस्ट हाऊस), उज्जवल राज (नार्थ हाऊस) तथा आराध्या कुमारी (साऊथ हाऊस) ने शपथ ली। रामानुज कुमार नायक ने हॉस्टल कैप्टन तथा श्रेयांश राज गुप्ता एवं रेहान खान ने हॉस्टल वाइस कैप्टन के रूप में शपथ ली। स्टूडेंट प्रीफेक्ट के रूप में अर्श कुमार को हेड प्रीफेक्ट, आयुषी गुप्ता, कुमारी खुशी, रानी कुमारी, आराध्या भदानी, शगुन सिंह, श्रेया आर्या, खुशी बरनवाल, प्राप्ति भगत, कशरीना मुन्तेजा, आशी कुमारी, संभव सागर, आयुष कुमार, देवाशीष पांडेय, जिम्मी कुमार वर्मा, ऋतिक रंजन, पुष्कर कुमार, शौर्य गुप्ता, पुष्प राज, रोशन भगत, अमानत कुमार मेहता, मोहम्मद मिस्बाह, अद्वित्य सिन्हा, पियूष कुमार, सक्षम सेठ, आयुष राज ने शपथ लिया।

सभी नव-निर्वाचित छात्रों को विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी, संयोजक जितेंद्र चौधरी, बी डी नस्कर, सुधांशु कुमार तथा उपस्तिथ शिक्षकों ने बैच तथा सैश पहनाया।

विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता तथा प्राचार्या अंजना कुमारी ने सभी नव-निर्वाचित छात्रों को शपथ दिलाई। परिषद के सदस्यों ने अपने सैश और बैज पहनकर, अपने पद के सम्मान को बनाए रखने और अपने साथियों के साथ ईमानदारी और परिश्रम के साथ सेवा करने की प्रतिज्ञा की।

## ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता

**हजारीबाग** : गुरुवार को ग्राम पंचायत पसई के पंचायत भवन के सभागार में ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पसई मुखिया परमेश्वर गोप ने किया। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी विभागों के मध्य समन्वय तथा तालमेल बनाना रहा। मुखिया परमेश्वर गोप द्वारा सभी उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों को समन्वय समिति के महत्व तथा आपसी तालमेल के विषय में बताया गया। बताया गया की अगर सभी विभाग साथ में मिलकर काम करें तो हम पंचायत का समुचित विकास कर सकते हैं। बैठक में आए सभी विभागीय प्रतिनिधियों ने अपने अपने विभाग से संबंधित चर्चा की। बैठक के आयोजन में पिरामल फाउंडेशन ने अहम भूमिका निभाई तथा बैठक में पीरामल फाउंडेशन की तरफ से उपस्थित गर्व चौधरी ने सक्षम ग्राम पंचायत की परिकल्पना के विषय में सभी को बताया तथा नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे संपूर्णता कार्यक्रम के विषय तथा इसके मानकों के विषय में बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पसई की सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं,सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, वार्ड सदस्य अनवर, जिलानी तथा कई लोग उपस्थित रहे।



## पूछा सवाल, धीरमलिए को तनख्वाह लगा सकते हैं जत्थेदार

श्री अकाल तख्त को सरबत खालसा बुलाने का आग्रह





संवाददाता

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार कुलविंदर सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी रघुवीर सिंह को पत्र लिखकर पूछा है, क्या किसी धीरमलिए को कोई भी जत्थेदार तनख्वाह लगा सकता है?

कुलविंदर सिंह ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा है कि जब गुरु गोविंद सिंह जी ने धीरमलियों के साथ किसी प्रकार का संबंध नहीं रखने का आदेश दे रखा है, तो जत्थेदार कैसे तनख्वाह लगाकर क्लीन चिट दे सकते हैं।

कुलविंदर सिंह ने जत्थेदार को बताया है कि सेंट्रल कमेटी के प्रधान ने अपनी मर्जी से आम सभा की। संगत के बीच चुनाव की घोषणा की। वोटर लिस्ट तैयार होने लगी। फिर धार्मिक परीक्षा हुई और इसमें उनके तथाकथित दो उम्मीदवार सरदार अवतार सिंह सोखी और सरदार कुलदीप सिंह फेल हो गए। सरदार अवतार सिंह सोखी पटना तख्त पहुंचे और उन्होंने लिखित रूप से स्वीकार किया कि वे बाबा वडभाग सिंह के डेरे जाते हैं, लेकिन प्रण करते हैं, आगे से नहीं जाएंगे। लिखित रूप से दो स्वीकार करने के बावजूद उन्हें तनख्वाह जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी बलदेव सिंह और पांच सिंह साहिब ने लगाई और फिर क्लीन चिट दे दी। उसके आधार पर सेंट्रल कमेटी के प्रधान ने अवतार सिंह सोखी को बारीडीह कमेटी का प्रधान घोषित कर दिया। अब वहां लड़ाई झगड़ा का अंदेशा बना हुआ है।

कुलविंदर सिंह ने जत्थेदार से आग्रह किया है कि यह कौम और पंथ के लिए बहुत बड़ा मामला है, सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या किसी जत्थेदार द्वारा धीरमलिये को तनख्वाह लगाई जा सकती है। क्या धीरमलिये को गुरुद्वारा का प्रबंध दिया जा सकता है। नहीं, तो ऐसा करने वाले पंथ विरोधियों के खिलाफ फौरन कार्रवाई होनी चाहिए।

जरूरत पड़े, तो इसके लिए सरबत खालसा बुलाकर अस्थाई समाधान करना चाहिए, जिससे आगे भविष्य में कोई भी प्राणी गलती नहीं करे। इसकी प्रति सभी जत्थेदारों एवं दमदमी टकसाल के मुखी संत हरनाम सिंह खालसा को भी भेजी गई है।

## कोडरमा नगर में नीरा यादव ने किया आठ योजनाओं का शिलान्यास

**कोडरमा** : कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में विकास की नई लहर लाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों में कई योजनाओं का शिलान्यास कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के कर कमलों द्वारा विधि विधान से पूजन कर एवं नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर संपन्न हुआ । विधायक द्वारा अनुशंसित आठ लाख अड़तालिस हजार रुपए की लागत से वार्ड नं 01 में साधु यादव के दुकान से दिलीप दास के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य, वार्ड नं 01 में तीन लाख एकीस हजार आठ सौ छियांबे रुपए की लागत से फॉरेस्ट कॉलोनी में दुर्गा मंडप के प्रांगण में पेभर ब्लॉक का निर्माण, वार्ड नं 01 में तीन लाख उनतीस हजार तिरपन रुपए की लागत से बहुद्देशीय भवन के आगे नव निर्मित दुकान के सामने पेभर ब्लॉक का निर्माण, वार्ड नं 02 में पांच लाख सत्रह हजार पांच सौ रुपए की लागत से अर्जुन बाबू के घर से मथुरा बाबू के घर तक एवं महेश यादव के घर से लेकर रामप्रसाद यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, वार्ड नं 03 में सताइस लाख पच्चहतर हजार एक सौ पचास रुपए की लागत से असगर खान के घर से किड्स स्कूल बहेरवा टांड तक ढक्कन सहित नाली निर्माण, वार्ड नं 08 में एक लाख सतासी हजार पांच सौ इकसठ रुपए की लागत से एन एच 31 बुलू पान दुकान के पास मोड़ पर सौंदर्यीकरण कार्य, दो लाख बीस हजार एक सौ पचपन रुपए की लागत से अम्बेडकर पार्क में निर्मित मूर्ति एवं गांधी चौक पर निर्मित मूर्ति के उपर शेड का निर्माण कार्य, वार्ड नं 12 में एन एच 31 से चर्च होते हुए फरेंदा हृदय सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य कुल आठ योजनाओं का शिलान्यास की गयी।

## अवैध रूप से बालू ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**कटकमदाग** : कटकमदाग थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर को कटकमदाग पुलिस ने जब्त किया। जब्त किये गये टैक्टर को थाना परिसर में रखा गया है तथा प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में कटकमदाग अंचलाधिकारी ने बताया की वह जब छुट्टी पर थे तभी थाना प्रभारी कटकमदाग के द्वारा अवैध रूप से बालू ढुलाई कर रहे दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया था जिसपर मेरे द्वारा 24.7.24 को प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उन्होंने कहा की एनजीटी के द्वारा बालू निकासी पर रोक लगाई गई है और अगर कोई इस दौरान अवैध रूप से बालू की ढुलाई करता है तो उसके उपर कार्रवाई की जायेगी। वहीं थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया की पुरे थाना क्षेत्र में बालु निकासी पर रोक है पुलिस के द्वारा भी एनजीटी के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा की पुलिस अवैध बालू का खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है।

## लॉयला स्कूल ने जीता जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता

संवाददाता

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा की 120वीं जयंती के अवसर पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस के तत्वा।वधान में आयोजित जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता माइकल जॉन ऑडिटोरियम में हुई। इसमें जमशेदपुर के 25 प्रमुख अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के 235 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि टाटा स्टील की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन सलाहकार, शिक्षिका और समाजसेवी रूपा महंती ने छात्रों को संबोधित किया। विजेताओं को पुरस्कार दिए। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर सीईओ (टाटा स्टील, सपोर्ट सर्विसेज) दीपक कामथ ने किया।




प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपनी बुद्धिमत्ता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रश्न जेआरडी टाटा के जीवन और कार्यों पर आधारित थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा में लॉयला स्कूल ने विजेता का खिताब जीता।

राजेंद्र विद्यालय ने प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। केरला पब्लिक स्कूल, कदमा ने द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। विजेता और प्रथम उपविजेता छात्रों को 27 जुलाई, 2024 को टाटा स्टील के हेलीकॉप्टर में जमशेदपुर का हवाई दौरा कराया जाएगा।

जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीमवर्क और ज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम न केवल जेआरडी टाटा की महान विरासत का सम्मान करता है, बल्कि टाटा स्टील की शिक्षा और बौद्धिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

**ये रहे विजेता**

**विजेता** : लॉयला स्कूल (दक्ष जैन और श्रेयश राज)

**प्रथम उपविजेता** : राजेंद्र विद्यालय (संपर्णा दास और अंकित उपाध्याय)

**द्वितीय उपविजेता** : केरला पब्लिक स्कूल, कदमा (आदित्य शर्मा और आयुष्मान मिश्रा)।

## डीवीसी कम्पनी की मनमानी के खिलाफ दिया डीसी को आवेदन

**लातेहार** : सदर प्रखंड के डीही पंचायत अन्तर्गत मुरूप गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार उपायुक्त गरिमा सिंह को डीवीसी कंपनी के मनमानी के खिलाफ एक आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया है कि पूर्व में डीवीसी कंपनी द्वारा कोयला ढूलाई के काम को लेकर बस्ती को छोड़कर बाईपास बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ था, परंतु कंपनी के द्वारा मुरूप गांव के रास्ते बाईपास निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी प्रभावित रैयत के हित को अनदेखा करते हुए कंपनी और कुछ दबंगो के सहयोग से बाईपास का निर्माण कराने को लेकर रैयतों पर दबाव बना रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर मुरूप बस्ती के रास्ते बाईपास का निर्माण कराया जाएगा तो काफी परेशानियों का सामना करना पडेगा। इससे बाईपास निर्माण होने से मुरूप ग्राम के बीचो बीच 80 से 100 ग्रामीण परिवार बेघर हो जाएंगे।

इसके अलावे कृषि योग्य भूमि की बबार्दी होगी, प्रदुषण और स्वास्थ्य समस्या जटिल हो जाएंगे। भारी वाहनों के परिचालन से घरों में दरार पड़ जाएगा और हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहेगी। इसके अलावा स्कूली बच्चों का आवागम ठप हो जाएगा। आगे ग्रामीणो ने कहा कि कंपनी के द्वारा जो बाईपास का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें ग्राम सभा एवं रैयतों का पक्ष भी नहीं लिया गया है। ग्रामीणों ने डीसी से मांग किया है कि निर्धारित बाईपास को बस्ती से हटाकर दूसरे दिशा से निकालने का प्रावधान किया जाए।

## संक्षिप्त

### छापेमारी में अवैध बालू और चिप्स जब्त

**बोकारो थर्मल।** बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को बोकारो के खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बोकारो थर्मल थाना की पुलिस के सहयोग से थाना अंतर्गत बड़वाबेड़ा स्थित दरगाह मोहल्ला के समीप परती जमीन पर अवैध रूप से जमाकर रखे गए बालू लगभग 6 हजार घनफीट एवं 200 घनफीट स्टोन चिप्स के स्टॉक पर छापेमारी कर उसे जब्त करने का काम किया। बाद में बोकारो थर्मल थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त छापेमारी अभियान में खान निरीक्षक के अलावा खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पुलिस अवर निरीक्षक, अजीत कुमार सुरक्षा बलों के साथ मौजूद थे।

### चास में आनंदमार्गियों का सेमिनार कल से

**बोकारो।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ का दो दिवसीय सेमिनार 27 एवं 28 जुलाई को आनंद मार्ग जागृति प्रभात कॉलोनी चास मे होने जा रहा है। सेमिनार के मुख्य प्रशिक्षक आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत होंगे। प्रति संवेदी पुरुष, कृषि विप्लव एवं मानव समाज की एकता विषय पर आयोजित इस सेमिनार में बोकारो जिला के सभी आनंदमार्गी भक्त साधक भाग लेंगे। सहायक प्रशिक्षक के रूप में आचार्य सत्याश्रयानंद अवधूत जो आनंदमार्ग के केंद्रीय कार्यालय, आनंद नगर से आएंगे और योग साधना के महत्व एवं मानव जीवन की उन्नति विषय पर प्रकाश डालेंगे। सामूहिक साधना एवं गुरु पूजा से सेमिनार का शुभारंभ होगा। यह जानकारी बोकारो जिला आनंद मार्ग प्रचारक संघ के भूक्ति प्रधान शिवकुमार ने दी।

### ग्रेट प्लेस की सुविधा दे सेल प्रबंधन : बीएकेएस

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) ने आवास ऋण, वाहन ऋण आदि सुविधाओं को फिर से शुरू करने के लिए सेल अध्यक्ष को पत्र लिखा है। महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी आफ इंडिया (सेल) को एक निजी संस्था द्वारा ग्रेट ट प्लेस आफ वर्क का दर्जा दिया गया है। यूनियन के बोकारो महासचिव दिलीप कुमार ने कहा कि मानव संसाधन संतुष्टि को ध्यान मे रखकर ही यह दर्जा दिया गया होगा, लेकिन धरातल पर सेल गैर कार्यपालक कर्मियो को सिर्फ डीए, बेसिक और पर्क्स के अलावा सभी गैरवैधानिक लाभों की सुविधा या तो बंद है या बहुत ही कम राशि है, जिसमें आवास निर्माण अग्रिम तथा वाहन अग्रिम की सुविधा है। दोनों सुविधाएं 2013 से बंद हैं। दिलीप ने कहा कि जब समान्य ब्याज दर का आधार पर घर मे आकर बैंक प्रतिनिधि ऋण की सुविधा दे रहे है तो इस सेल प्रबंधन द्वारा करार किए गए बैंको से ऋण की सुविधा लेने से सेल कार्मिको को किस प्रकार लाभ होगा? इसलिए, अगर वास्तविक तौर पर सेल कर्मियो को ग्रेट प्लेस आफ द वर्क की अनुभूति करानी है तो 2013 से बंद पड़े आवास अग्रीम, वाहन अग्रीम का साथ शिक्षा ऋण को दूसरी महारत्न कंपनियों और नवरत्न कंपनियों की तर्ज पर शुरू कराए।

---

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले गोमिया विधायक, समुचित कदम उठाने का मिला आश्वासन

# बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने पर शीघ्र निर्णय लें सीएम : डॉ लंबोदर



संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर बेरमो (मुख्यालय तेनुघाट) अनुमंडल को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि बेरमो (मुख्यालय तेनुघाट) झारखंड राज्य का सबसे समृद्ध खनिज संपदाओं से परिपूर्ण व अभिभाजित बिहार में 1972 ईस्वी में बनने वाला सबसे पुराना अनुमंडल है। बेरमो (मुख्यालय तेनुघाट) को जिला बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, मगर कतिपय कारणों से अब तक इसे जिला का दर्जा नहीं मिल पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि बेरमो अनुमंडल का सृजन आज से 50 वर्ष पूर्व 6 दिसंबर 1972 को अभिवाजित बिहार के समय किया गया था। जिसकी आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 11,07,672 है, जो मौजूदा समय में करीब 15 लाख है। बेरमो अनुमंडल में 14 थाना, चार ओपी व सात प्रखंड क्रमशः पेटरवार, कसमार ,जरीडीह, बेरमो, गोमिया, नावाडीह व चंद्रपुरा है। यह अनुमंडल सबसे समृद्ध व खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है। यहां चार विद्युत उत्पादन उत्पादक केंद्र (थर्मल पावर स्टेशन) क्रमशः टीपीपीएस, सीटीपीएस, बीटीपीएस व कैप्टिव पावर प्लांट है। सीसीएल के तीन क्षेत्र क्रमशः कथारा, करगली व ढोरी है, जहां दर्जनों परियोजनाएं विद्यमान है। सीसीएल के दर्जनों कोलियारियों से प्रतिवर्ष करोड़ों टन कोयला का उत्पादन होता है। जिसका लाभ सीधा राज्य सरकार व केंद्र सरकार को मिलता है। इसके अतिरिक्त सीसीएल व बीसीसीएल की चार कोल वाशरी क्रमशः स्वांग , कथारा ,करगली व दुग्दा कार्यरत है। अभी एक और कॉल वाशरी निमार्णाधीन है। एशिया महादेश का सबसे पहला बारूद का कारखाना बेरमो अनुमंडल के गोमिया में अवस्थित है। डीवीसी व बीसीसीएल के कई कोलियारियां भी इस अनुमंडल में अवस्थित है। दो भारतीय जीवन बीमा के शाखाएं व दर्जनों सरकारी और अर्ध सरकारी बैंक भी अवस्थित है। झारखंड सरकार को प्रतिवर्ष 27 करोड रुपए का राजस्व देने वाला एशिया महादेश का सबसे बड़ा अर्थन (मिट्टी का) डैम तेनुघाट में अवस्थित है, इसके अतिरिक्त कोनार डैम भी है। तेनुघाट डैम से पन बिजली तैयार करने की परियोजना लगभग बनकर तैयार है। जबकि कोनार डैम में पन बिजली उत्पादन करने की प्रक्रिया अभी लंबित है। कहने का तात्पर्य है कि पूरे झारखंड राज्य को विद्युत के मामले में अग्रणी यह अनुमंडल है। वर्तमान में तेनुघाट अनुमंडल मुख्यालय में स्थायी उपकार, स्थायी व्यवहार न्यायालय का भव्य व आकर्षक भवन, अनुमंडलीय अस्पताल, न्यायिक पदाधिकारी के लिए स्थायी आवास, अनुमंडल पदाधिकारी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के लिए स्थायी आवास, अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस, स्थायी कोषागार , पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का स्थायी कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी के स्थायी कार्यालय बने हुए हैं। यहां 5 डिग्री कॉलेज, 09 इंटर कॉलेज, एक जवाहर नवोदय विद्यालय, डीएवी विद्यालय के साथ स्कूल, 20 उच्च विद्यालय, सिंचाई विभाग का आंचल व प्रमंडल कार्यालय, वाणिज्य कर विभाग का कार्यालय भी कार्यरत है,जो जिला बनाने में काफी कारगर सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कई ऐसे जिले हैं, जो बेरमो (तेनुघाट) अनुमंडल के निर्माण एवं आबादी के आंकड़े में पीछे हैं फिर भी उसे जिला बनाया गया है। बेरमो( तेनुघाट) अपने आप में जिला बनने की सभी अर्हताएं पूरी करता है। बेरमो अनुमंडल का अधिकांश भाग उग्रवाद से प्रभावित है, जो जिला मुख्यालय से सुदूर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक डॉ लंबोदर महतो की बातों व मांगों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद इस विषय पर समुचित कदम उठाने को लेकर आश्वस्त किया है।

### बिरसा मुंडा मेगा लिफ्ट इरीगेशन तेनुघाट योजना को शीघ्र मंजूरी देने की मांग

गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन से बिरसा मुंडा मेगा लिफ्ट ईरीगेशन तेनुघाट योजना की स्वीकृति देने का आग्रह किया है। उन्होंने यह आग्रह राजधानी में जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन से सचिवालय में मिलकर किया। उन्होंने जल संसाधन मंत्री को इस बात से अवगत कराया की गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट में बांध प्रमंडल तेनुघाट के द्वारा तेनुघाट डैम से पेटरवार, कसमार तथा गोमिया प्रखंड के कई गांव में हजारों किसानों के सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बिरसा मुंडा मेगा लिफ्ट ईरीगेशन तेनुघाट योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया विभाग में लंबित है। इस कारण किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल संसाधन मंत्री से बिरसा मुंडा तेनुघाट मेगा लिफ्ट ईरीगेशन योजना की प्रशासनिक स्वीकृति देने की दिशा में शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस पर जल संसाधन मंत्री ने विधायक डॉ लंबोदर महतो को समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

---

## महिला प्रगति मंडल ने मनाया सावन महोत्सव, बॉबी बनी सावन क्वीन

संवाददाता

**गोमिया (बोकारो)।** गोमिया के मनोरंजन केंद्र आईईएल मे गुरुवार को महिला प्रगति मंडल की महिलाओं ने अध्यक्ष मृदुला प्रसाद के नेतृत्व में सावन महोत्सव का आयोजन किया। इसमें बॉबी सिन्हा को सावन क्वीन का ताज पहनाया गया।

सभी महिलाओं ने हरी-हरी साड़ी और चूड़ियां पहनकर कार्यक्रम में रौनक ला दी। इसकी शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने एक से एक बढ़कर नृत्य प्रस्तुत किया और सावन के गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं ने म्यूजिकल गेम एवं अंताक्षरी की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया

सावन क्वीन बाबी सिन्हा ने भोले बाबा का गीत सुनाया। अध्यक्षा मृदुला प्रसाद ने कहा कि सावन में हरियाली और जीवन में खुशियां का संदेश देता है। सावन का महीना सुहागिन महिलाओं के जीवन में एक विशेष महत्व है। मौके पर सचिव संध्या बर्मन, कोषाध्यक्ष आरती शर्मा, सविता चंद्र, मीना सिन्हा, ज्योति अग्रवाल, पिंकी सिंह, रेखा आनंद बबीता देवी, मालती शर्मा, राधिका कुमारी आदि मौजूद रहीं।

## तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यशाला आयोजित

▸ देश में हर साल 13 लाख लोग तंबाकू सेवन से गंवाते हैं जान : असलम



संवाददाता

**गोमिया (बोकारो)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला गोमिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर राज कोऑर्डिनेटर रिंपाल झा जिला परामर्शी मोहम्मद असलम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, प्रदेश कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल कश्यप, गोमिया प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, अंचलाअधिकारी प्रदीप कुमार महतो मौजूद थे। इस अवसर पर जिला परामर्शी मो असलम ने कहा कि तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव से विभिन्न प्रकार के गंभीर रोग होते हैं। फेफड़ों का कैंसर, हृदय के कई जानलेवा रोग, मोतियाबिंद, विकृत शुक्राणु, पेट में अल्सर उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि कई ऐसी बीमारियां होती हैं। तंबाकू बीमारियों का भंडार है भारत में 27 करोड लोग किसी न किसी रूपमें सेवन करते हैं। भारत में प्रत्येक साल 13 लाख से अधिक तंबाकू सेवन करने वालों की मृत्यु होती है। झारखंड में 88 लाख लोग तंबाकू का सेवन करती हैं। दिनोदिन तंबाकू खाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है तंबाकू नियंत्रण के लिए सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान अन्य तंबाकू उत्पाद के विज्ञापन प्रतिबंध है शैक्षिणक संस्थान से 100 गज की दूरी तंबाकू की दुकान प्रतिबंध, बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों कि बिक्री पर प्रतिबंध के नियमों का पालन करना होगा। तंबाकू मुक्त अभियान के तहत राज्य ,जिला, प्रखंड ,पंचायत में समिति गठित कर रोक थाम किया जाना है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. बलराम मुखी, पशुपालन विभाग के डॉ. सुरेश प्रसाद, बीईओ विभाग के गौरीशंकर प्रजापति, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, जनप्रतिनिधि धनंजय सिंह, बलराम रजक, पंकज जैन शोभा दवी, तारामणि भोक्ता ,पंचायत समिति सदस्य विष्णु लालसिंह, जनक देवयादव, सुशीला देवी गौतम रजक, राहुल रंजन पांडेय आदि उपस्थित थे।

## बोकारो स्टील प्लांट में प्रबंध प्रशिक्षुओं ने दिया योगदान



संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट में पच्चीस (25) प्रबंध प्रशिक्षुओं ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। इन प्रशिक्षुओं का तीन सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में शुरू किया गया। प्रबंध प्रशिक्षुओं के लोकल इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद तथा अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री मनीष जलोटा ने अपने स्वागत अभिभाषण में प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुरक्षा शपथ से की गई। सभी प्रबंध प्रशिक्षुओं ने अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद के साथ सुरक्षा की शपथ ली। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसमें आप लोगों की भूमिका भी अपेक्षित है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि आपको सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के दृष्टिकोण से जीरो कार्बन इमिशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका भविष्य सेल जैसे संस्थान में सुरक्षित है। कार्यक्रम का संचालन एस एन मिश्रा, कनीय अधिकारी (ज्ञानर्जन एवं विकास) ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के सभी कार्मिकों का अहम योगदान रहा।

## नाई समाज की बैठक आयोजित



संवाददाता

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया महापद्म नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन जो की जमशेदपुर में नाई समाज के उत्थान और विकास के लिए अग्रणीय संस्था है, के द्वारा समाज की सामाजिक गतिविधियों को संचालित करने हेतु सामुदायिक विकास भवन की मांग विधायक मंगल कालिंदी से की थी। समाज की बड़ी आबादी घोड़ाबांधा, गोविंदपुर, राहरगोरा, बारीगोड़ा, क्षेत्र में निवास करता है। विधायक मंगल कालिंदी ने सामुदायिक भवन निर्माण हेतु जमीन आवंटन के लिए अंचलाधिकारी से अनुरोध किया था। आज यानी गुरुवार को अंचलाधिकारी द्वारा प्राप्त जमीन आवंटन की प्रति विधायक मंगल कालिंदी द्वारा समाज को समर्पित की गई। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल ठाकुर और जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पूरे जिले में नाई समाज का कोई भवन नहीं था, और हमारी वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे जिला परिषद ने गंभीरता से लेते हुए स्थानीय विधायक को अवगत कराया, विधायक जी ने तत्परता से 10 दिनों के अंदर भूमि आवंटित करायी। जिसके लिए समाज हमेशा से कृतज्ञ रहेगा और हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहेगा। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि समाज की ताकत बहुत बड़ी ताकत होती है। हमारी प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान में खड़े लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना है। नाई समाज का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है। समाज के द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभारी रहेंगे और बहुत जल्द आवंटित जमीन पर भूमिपूजन कर चहारदीवारी निर्माण का कार्य किया जायेगा। जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह ने कहा कि गोविंदपुर में नाई समाज को छोड़ सभी समाज का भवन था। आज विधायक जी के प्रयास से वो भी पूरी हो गई। समाज के साथ-साथ हमारे प्रयास के समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के मंडल अध्यक्ष राजू ठाकुर ने की, संचालन उमेश शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन आदित्य शर्मा ने किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी समीर दास, ज्योति कुमारी, महेंद्र ठाकुर, लक्ष्मी देवी, गोविंद ठाकुर, पापून प्रमाणिक, राजकुमार ठाकुर, विनय ठाकुर, संजय ठाकुर, नवीन ठाकुर, संजय ठाकुर, अनुज ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, चंदन ठाकुर, तरुण प्रमाणिक, रामप्रवेश ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, सुनीता देवी, शिला देवी समेत समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### बोकारो कलाकार संघ की नई कार्यकारिणी समिति गठित

**बोकारो ।** बुधवार की शाम बोकारो कलाकार संघ की बैठक एस एस वाटिका चीरा चास में हुई, जिसमें भावी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। बोकारो कलाकार संघ की नई कार्यकारिणी समिति में जगदीश बाबला को अध्यक्ष, रंजू सिंह को उपाध्यक्ष, मनबोध मिश्रा को सचिव, अशोक बाबला को उपसचिव, अरुण कुमार को कोषाध्यक्ष, मृत्युंजय भट्टाचार्यजी को उपकोषाध्यक्ष, अरुण कुमार पाठक को मीडिया प्रभारी, शशि कांत शर्मा को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का दायित्व मिला है। इसके अलावे प्रतिनिधि मण्डल सदस्य के रूप में बिधान दत्ता, अशोक बाबला, शशिकांत शर्मा, कन्हैया वर्मा, मृत्युंजय भट्टाचार्यजी, राजेश कुमार, राजेश चौधरी, शंकर प्रसाद, संजीव सिंह, कस्तूरी सिन्हा और मनोज उपाध्याय उर्फ सुमन जी का मनोनयन किया गया है। संघ के अध्यक्ष जगदीश बाबला ने कहा कि बोकारो कलाकार संघ से अधिक से अधिक कलाकार जुड़ें, इसके लिए प्रयास किया जायेगा और कलाकारों की एकजुटता से संघ को एक नया आयाम देंगे। सचिव मनबोध मिश्रा ने कहा कि संघ का उद्देश्य कलाकारों के हितों की रक्षा करना है साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बोकारो की सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ावा देना है।

# नैतिक मूल्यों के साथ स्वयं को संयमित रखने वाला ही सच्चा नेतृत्वकर्ता : एसडीओ गुप्ता

## बैज-अलंकरण के साथ डीपीएस बोकारो में नए छात्र परिषद ने संभाली जिम्मेदारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**बोकारो ।** बदलते तकनीकी दौर में कई तरह की नई चुनौतियां हैं, लेकिन इन चुनौतियों के साथ-साथ आने वाले समय में नए अवसर भी मिलेंगे। चुनौतियों पर विजय और उन अवसरों का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल का विकास एवं इसमें निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है।

आपका नेतृत्व समाज व राष्ट्र के हित में हो, इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि नैतिक मूल्यों के साथ आप अपना संयम व भावनात्मक नियंत्रण बनाए रखें। एक सच्चे नेतृत्वकर्ता की यही सबसे बड़ी निशानी है।

उक्त बातें चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता (आईएएस) ने कहीं। गुरुवार को डीपीएस बोकारो में आयोजित नवगठित छात्र परिषद (सत्र 2024-25) के प्रतिस्थापन समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पुराने छात्र परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं एवं नए सदस्यों को बधाई देते हुए उन्होंने समर्पण व निष्ठा के साथ अपनी जवाबदेही आत्मसात करने की प्रेरणा दी। बतौर एसडीओ अपने कायार्नुभव साझा करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतरी के लिए रचनात्मकता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखने का संदेश दिया।इसके पूर्व, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों का विकास करना छात्र परिषद का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि अलंकरण समारोह नेतृत्व का उत्सव है। डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों का समग्र विकास करते हुए उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करते हुए समृद्ध राष्ट्र-निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है। नव-चयनित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने टीम वर्क को बढ़ावा देना, अपने सभी प्रयासों में ईमानदारी, जिम्मेदारी, विनम्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक बताया।कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। स्वागत गान सुंदर बेला स्वागत गीत... एवं विद्यालय गीत आया है नया सवेरा.... के पश्चात छात्राओं ने अमिताभ बच्चन की काव्य-प्रस्तुति तुम मुझको कब तक रोकोगे पर आकर्षक समूह-नृत्य के जरिए चुनौतियों पर विजय और हौसलों की सीख दी।





### मुख्य अतिथि ने पुराने छात्रों को किया अलंकृत

मुख्य अतिथि ने पुराने छात्र परिषद के सदस्यों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा मार्च पास्ट कर मंच तक पहुंचे नए छात्र परिषद सदस्यों को सैश एवं बैज बनाकर अलंकृत किया। सभी नव-चयनित छात्र परिषद सदस्यों ने निष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ ली। इस क्रम में प्राचार्य डा. गंगवार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### कन्हैया भारद्वाज ने ली हेड बॉय की शपथ

नवगठित छात्र-परिषद में कक्षा 12 के विद्यार्थी कन्हैया भारद्वाज ने हेड बॉय, तो ऋद्धिमा कौशल व अनन्या राज ने हेड गर्ल की शपथ ली। वहीं, 11वीं कक्षा के ज्ञान प्रकाश वाइस हेड बॉय, मानसी पांडेय एवं एधा सिंह वाइस हेड गर्ल, 12वीं कक्षा के प्रसून पंकज लिटररी सेक्रेटरी (साहित्यिक सचिव), मोहित कुमार एवं शिवांगी मिश्रा (कक्षा 11) उप साहित्यिक सचिव, आयुष कुमार जायसवाल (कक्षा 12) कल्चरल सेक्रेटरी (सांस्कृतिक सचिव), रोशनी सिंह (कक्षा 11) उप सांस्कृतिक सचिव एवं कक्षा 12 के सिद्धांत त्रिपाठी खेल सचिव बनाए गए। शीतल राजपूत (कक्षा 11) ने उप खेल सचिव पद की शपथ ली। इसके अलावा, विद्यालय के प्रत्येक सदन में कैप्टन एवं वाइस कैप्टन सहित चार प्रिफेक्ट चयनित किए गए। गंगा हाउस में कक्षा 11 की हर्षिता प्रणीत एवं तनिष्क यश, जमुना में इशानी सिंह (कक्षा 12) व इस्तुति वर्मा (कक्षा 11), रावी हाउस में 12वीं के विल्सन कृष्णा कार्तिक एवं 11वीं के अनुनव सागर, चेनाब हाउस में 11वीं की अर्पिता आर्या व 10वीं की मीनाक्षी तनु, सतलज में 11वीं के रुद्र प्रताप सिंह एवं 10वीं की अव्वण्या पाहवा तथा झेलम हाउस में कक्षा 11 से ऋषित शॉ एवं अनुश्री त्रिपाठी क्रमशः कैप्टन एवं वाइस कैप्टन चयनित किए गए।

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आर.के. सिन्हा

**पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1, 000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50, 000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश....

आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी-चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विगत 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया था। वह वहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर भी बातचीत की थी। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था। तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।




चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्सईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37, 244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है।

भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15, 000 फीट की ऊँचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना। देश की सरहदों की निगाहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था -अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्राफ के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।

यह तो जाहिर है कि भारत सरकार ?क्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हो तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था; लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है।

कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्व स्तरीय नहीं होंगे; लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि; भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1, 000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50, 000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।

संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### नीट-यूजी: दोबारा परीक्षा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग संबंधी याचिकाओं को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़ब़ड़ि़यों को दशार्ने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड.में नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ताओं नरेंद्र हुडू़ड़ा, संजय हेगड़े. और मैथ्यूज नेदुमपरा सहित विभिन्न वकीलों की दलीलें करीब चार घंटे सुनीं।



दरअसल, इस मामले में पहले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि व्यवस्थित रूप से पेपरलीक होने और प्रणालीगत उल्लंघना का पता चलता है, तो यकीनन सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन व्यापक स्तर पर गड़ब़ड़ि़यां रिकॉर्ड.में न मिलने और प्रणालीगत उल्लंघना न पाने पर संतुष्ट अदालत को नीट-यूजी की परीक्षा दोबारा कराने में कोईठोस आधार नहीं दिखा। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने बीस लाख से ज्यादा छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसले का प्रभावी हिस्से को लिखा और विस्तृत फैसला बाद में सुनाया जाएगा। एनटीए और शिक्षा मंत्रालय पांच मई को आयोजित नीटू-यूजी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक समेत बड़े.पैमाने पर कथित गड़ब़ड़ी को लेकर निशाने पर हैं। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेड़िकल संबंधी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करती है। संतोष की बात है कि काफी दिनों से चले आ रहे इस विवाद का समाधानपरक पटाक्षेप हो गया है, और छात्रों तथा उनके अभिभावकों को राहत मिली है कि मामले में निर्णायक फैसला हो सका है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस सारे विवाद से एनटीए की छवि दागदार हो गई है। वैसे भी एनटीए द्वारा संचालित और आयोजित कई अन्य परीक्षाओं पर जब-तब कदाचार और धांधलियों के आरोप लगे हैं, परीक्षा परिणाम मिलने में विलंब भी हुए हैं। इससे कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को बेवजह तनाव का सामना करना पड़ता रहा है। जरूरी है कि सरकार एनटीए की समूची मशीनरी को ज्यादा कारगर और परिणामोन्मुख बनाने पर ध्यान दे। किसी भी सूरत में न्यायसंगत नहीं है कि परीक्षार्थियों को बेवजह के तनाव से दो-चार होना पड़े.।

# आखिर संसद का मौसम गड़बड़ क्यों?



राकेश अचल

संसद के बजट सत्र का मौसम खराब हो रहा है। खासतौर पर लोकसभा का मौसम ठीक नहीं दिखाई दे रहा। तृण मूल कांग्रेस ने तो खराब मौसम की चेतावनी देते हुए सत्ता पक्ष से अपनी-अपनी कुर्सियों की पेटी बाँधने के लिए कहा है। हिचकोले खाती संसद में लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष के सर पर छाता ताने खड़े रहना चाहते हैं ,ताकि सरकार विपक्ष के बादलों के बरसने पर ज्यादा भींगे नहीं।

लोकसभा में अध्यक्ष पद पर श्री ओम बिरला का ये दूसरा कार्यकाल है। वे संसद को कैसे चला रहे हैं , इसके बारे में किसी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। ये जानने के लिए सदन की कार्रवाई का सीधा प्रसारण देखकर ही अनुमान लगाया जा सकता है । सदन प्रमुख होने के नाते बिरला जी न तो विपक्ष को संरक्षण दे पा रहे हैं और न सत्ता पक्ष की ही ढंग से चाकरी कर पा रहे हैं। लोकसभा के इतिहास में ओम जी किस रूप में दर्ज किये जायेंगे ,ये कहना कठिन है।

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय बजट 2024 पर चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला में तीखी नोकझोंक से इस बात के संकेत एक बार फिर मिले की ओम बिरला जी सदन चलने में असुविधा का अनुभव कर रहे है। विपक्षी सांसदों के बोलते ही लोकसभा अध्यक्ष को लगता है कि वे सरकार के दुश्मन हैं। तृण मूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने चर्चा के दौरान दावा किया कि सदन में तीन कृषि कानूनों पर चर्चा नहीं की जिन्हें बाद में वापस ले लिया गया था । अभिषेक बनर्जी के दावे पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई और कहा कि इस सदन में तीन कृषि कानूनों पर करीब साढ़े पांच घंटे तक चर्चा हुई। बिरला की दावे पर अभिषेक ने जोर देकर कहा कि चर्चा नहीं हुई तो स्पीकर बोले कि जब अध्यक्ष बोलते हैं तो सही ही बोलते हैं और आपको रिकॉर्ड देखना चाहिए।



लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रति जैसी थी ठीक वैसा ही वे तृण मूल कांग्रेस के अभिषेक के साथ कर रहे हैं। सत्ता के खिलाफ बोलते ही सत्ता पक्ष की और से लोकसभा अध्यक्ष खुद बचाव की मुद्रा में बोलना शुरू कर देते हैं। वे अक्सर भूल जाते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दी का नहीं बल्कि सभी सांसदों के हितों का संरक्षक होता है। मेरे दिमाग में लोकसभा अध्यक्ष की जो छवि है उसमें पता नहीं क्यों बिरला जी समा नहीं रहे हैं। वे अक्सर संघ की शाखा प्रमुख के हिसाब से बर्ताव करने दिखाई देते हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है की उन्होंने संघ की शाखाओं में केंद्रीय कर्मचारियों पर लगे प्रतिबंध की समाप्ति को अपने ऊपर भी लागू कर लिया है।

चर्चा के दौरान अभिषेक बनर्जी ने 2016 में की गई नोटबंदी का जिक्र किया जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि माननीय सदस्य आप वर्तमान बजट पर बात करें क्योंकि 2016 के बाद तो काफी समय निकल गया, इसके बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कोई पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू की बात बोलेगा तो आप कुछ नहीं कहेंगे और मैं 2016 की नोटबंदी की बात कर रहा हूं तो आप कह रहे हैं कि वर्तमान बजट पर बोलिए। अभिषेक बनर्जी बोले कि ये पक्षपात नहीं चलेगा क्योंकि जब कोई इमरजेंसी के मुद्दे को उठाता है तो आप चुप रहते है। किसी भी लोकसभा अध्यक्ष के लिए ये लज्जा की बात है की सदन का कोई भी सदस्य उनके ऊपर पक्षपात का आरोप लगाए। दुर्भाग्य से ओम जी के साथ ऐसा हर दिन हो रहा है।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सदन की नेता सुमित्रा महाजन रहीं। उनसे पहले सुश्री मीरा कुमार ने भी सदन को सुचारु रूप से चलाया । यहां तक की वामपंथी सोमनाथ चटर्जी के कार्यकाल में भी लोकसभा अध्यक्ष की मयार्दा पर ज्यादा सवाल नहीं उठाये गए ,क्योंकि किसी ने भी खुद को सत्तापक्ष का स्पीकर बनाने की गलती नहीं की।भाजपा के मनोहर जोशी भी लोकसभा के सम्मानित अध्यक्ष रहे । कांग्रेस के पीए संगमा तो सबसे जायदा विनोदी लोकसभा अध्यक्ष थे, उनके कार्यकाल में कभी भी सदन में तनाव देखा ही नहीं गया । यहां तक कीटीडीपी के जीएमसी बालकृष्ण योगी ने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में एक यादगार भूमिका अदा की। मौजूदा लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी इस परम्परा को आगे बढ़ाने में हिचकोले खा रहे हैं।

अभिषेक बनर्जी ने संबोधन के दौरान बीजेपी पर निशाना साधते हुए सिर्फ इतना कहा कि गठबंधन का मतलब समन्वय होता है और कोई भी उसे मोदी 3.0 नहीं कह रहा। इस सरकार को खुद बीजेपी के मंत्री भी मोदी 3.0 नहीं कर रहे है। ये सरकार काफी अनिश्चित और नाजुक है और कभी भी गिर सकती है । उन्होंने कहा कि सब्र रखिए और कुर्सी की पेटी भी बांध लीजिए क्योंकि मौसम बिगड़ने वाला है। बनर्जी ने ये बात भी विनोद में कही है और इसे विनोद की तरह ही लेना चाहिए था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

आपको याद होगा कि माननीय ओम बिरला जी के खाते में सदन के सर्वाधिक सदस्यों को निलंबित करने का आधिकारिक रिकार्ड है । सदस्यों का निलंबन सबसे आखरी विकल्प होता है । सवाल ये है कि जिस भूमिका में ओम जी पिछली लोकसभा में थे वैसे ही क्या वे इस लोकसभा में रह सकते हैं ? मौजूदा लोकसभा में न सत्ता पक्ष प्रचंड बहुमत वाला है और न ही विपक्ष पहले कि तरह कमजोर और बिखरा हुआ है। इस बार विपक्ष को पहले कि तरह सामूहिक निलंबन की सजा नहीं सुनाई जा सकती। बेहतर तो यही है कि ओम जी हिकमत अमली से काम लें । सरकार के साथ विपक्ष को भी दुलारें ,पुचकारें ,हिकमत अमली से काम लें ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटने पाए।

दुर्भाग्य से देश की राजनीति में सौहार्द के स्थान पर अदावत मजबूत होती जा रही है । इसे समाप्त करने या कम करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में पुल का काम कर सकते हैं। लोकतंत्र में अदावत और पक्षपात के लिए सीमित जगह होती है ,इसे प्रोत्साहित करना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है।

## चिंतन-मनन

### व्यक्तिगत चेतना का विस्तार


दूसरों के सुख-दुख का भागी बनने से हमारी व्यक्तिगत चेतना विकसित होकर विश्व चेतना बन जाती है। समय के साथ जब ज्ञान की वृद्धि होती है, तब उदासीनता संभव नहीं। तुम्हारा आंतरिक स्रोत ही आनन्द है।अपने दुःख को दूर करने का उपाय है विश्व के दुख में भागीदार होना और अपनी खुशी को बढ़ाने का उपाय है विश्व के आनन्द में सहभागी होना। जब सभी लोग इस विचार से आएंगे कि वे समाज को अपना क्या योगदान दें, तो वह दैवी समाज होगा।हम सबको अपनी व्यक्तिगत चेतना को शिक्षित और शिष्ट करना है ताकि समय के साथ ज्ञान की वृद्धि हो, परिवर्तन आए। यदि ध्यान में तुम्हें गहन अनुभव न हो रहे हों तो और सेवा करो- ध्यान में अधिक गहराई आएगी।ध्यान तुम्हारी मुस्कान वापस लाता है। कई व्यक्ति सेवा करना छोड़ देते हैं जब वे अपनी छवि, प्रतिष्ठा, सम्मान, सुविधा और आराम को लक्ष्य की प्राप्ति से अधिक महत्व देने लगते हैं। कई बार लोग सेवा से कतराने लगते हैं, जब उन्हें कोई पद नहीं मिलता या जब वे अपमानित महसूस करते हैं। जब उन्हें अपेक्षानुसार कम मिलता है या जब वे लक्ष्य की प्राप्ति को चुनौती न समझकर संघर्ष समझते हैं। इसीलिए, संसार में कुछ ही लोग लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब होते हैं।

जब ऐसा कुछ करना है जो तुम नहीं कर सकते, तब विश्राम नहीं कर सकते और तब भी विश्राम नहीं कर सकते जब लगता है कि तुम्हें वह बनना है जो तुम नहीं हो। ऐसा कुछ नहीं करना जो तुम नहीं कर सकते। तुमसे वह देने के लिए नहीं कहा जाएगा जो तुम नहीं दे सकते। जितना तुम कर सकते हो, केवल वही तुम्हारे हिस्से की सेवा है।यह समझ गहरा विश्राम देती है। यदि तुममें आकांक्षा या आलस्य है, तुम विश्राम नहीं कर सकते।दोनों ही गहरे विश्राम के विरुद्ध हैं। एक आलसी व्यक्ति रात भर करवटें बदलेगा, बेचैन रहेगा और एक आकांक्षी व्यक्ति अंदर ही अंदर जलेगा।गहन विश्राम तुम्हारी कलाओं और योग्यताओं को उभारता है और तुम्हें अपने स्वरूप के समीप लाता है।थोड़ा सा भी यह आभास कि ईश्वर तुम्हारे साथै है, गहरा विश्राम लाता है।प्रार्थना, प्रेम तथा ध्यान गहन विश्राम के विशिष्ट रस हैं।

# मुद्दा : कई राज्य वायरस की गिरफ्त में

भारत में हीटवेव और प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली नहीं कि वायरसों ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कई राज्य वायरस की गिरफ्त में हैं। महाराष्ट्र में जीका वायरस, केरल में दिमाग को खाने वाले अमीबा बुखार, कर्नाटक में डेंगू आफत बन चुका है। बढ़ते जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से दुनिया में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के वायरस पनप रहे हैं, जो मनुष्यों के जीवन के लिए घातक सिद्ध हुए हैं। ये वायरस इतने खतरनाक होते हैं कि पल भर में मनुष्यों के जीवन को लील देते हैं।

जीका वायरस का सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं को है, क्योंकि इससे नवजात शिशुओं में माइक्रोसेफैली होने का खतरा होता है, जिससे शिशुओं के मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता। जीका वायरस का वाहक एडिज मच्छर है। यह वायरस इंसानों से पहले रीसस बंदरों में देखा गया था जो अफ्रीकी देश युगांडा के जीका जगलों में पाया गया था। इसका प्रकोप इंसानों पर 2007 से तेज हुआ है। जीका वायरस ने 2015 में पूरे विश्व में तबाही मचाई जिसमें लाखों लोगों की जान चली गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 2016 में वैश्विक आपदा घोषित किया। भारत में पहली बार जीका वायरस का मामला 2016-17 में गुजरात में प्रकाश में आया था। मानव के मस्तिष्क के तंतुओं को नष्ट कर देने वाला अमीबा बुखार मानव जीवन के लिए बड़ी चुनौती है। इस बुखार का पहला मामला 2016 में केरल में सामने आया था। तब से अब तक यहां आठ मरीज मिले हैं, और सभी की मौत हुई। केंद्र सरकार के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार अब तक केरल से हरियाणा और चंडीगढ़ तक 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से छह



मौत 2021 के बाद दर्ज की गई। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान के अनुसार, 2019 तक देश में इस बीमारी के 17 मामले सामने आए लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद तमाम तरह के नये संक्रमणों में उछाल देखने को मिला है। पिछले कुछ वर्षो में मंकीपॉक्स, इबोला, निपाह वायरस, कोविड-19, जीका वायरस लगातार पैर पसार रहे हैं। ये संक्रमण इतनी तेजी से फैलते हैं कि देखते ही देखते पूरे शहर को संक्रमित कर देते हैं। जीका वायरस एडीज मच्छर से फैलने वाला घातक वायरस है। एडिज एजिप्टी डेंगू और चिकनगुनिया का वाहक भी है। जीका वायरस यौन संबंध से भी फैलता है, मां से भ्रूण में प्रवेश कर जाता है जो पेट में पल रहे बच्चे के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर देता है। जीका वायरस भविष्य में कोविड-19 से भी भयानक रूप ले सकता है। यह मनुष्यों के लिए ही घातक नहीं है, बल्कि भावी नस्ल को भी मानसिक रूप से कमजोर करेगा। विभिन्न प्रकार के संक्रमण इंसानों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बनाते हैं।

देश में तेजी से फैलता संक्रमण न केवल स्वास्थ्य चिंता का विषय है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी पटरी से उतार देता है। पर्यटन एवं उद्योग के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करता है, आयात-निर्यात पर भी गहरा प्रभाव डालता है। संक्रमण के चलते लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहने से कार्यबल में गिरावट आती है जिसका प्रभाव उत्पादन क्षमता पर पड़ता है, काम का दबाव बढ़ता है। सामाजिक दूरियां बढ़ती हैं, जिसका असर कोविड-19 के समय भी देखने को मिला था। संक्रमण समय से नहीं रोका नहीं गया तो मानव सभ्यता को नष्ट कर डालेगा। जलवायु परिवर्तन और प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप से संक्रमण का प्रभाव पशु-पक्षियों में भी देखने को मिल रहा है। भारत में इस वक्त में बारिश का मौसम है। इसलिए सबसे ज्यादा खतरे की बात है। जगह-जगह जल-भराव की समस्या से एडिज मच्छर पनपते हैं। गांवों के तालाबों, नालियों और गड्ढों में तब्दील जमीनों में साफ पानी का भराव होता है जिससे एडिज मच्छर पनपने की गुंजाइश बनती है, इससे गांवों में जीका वायरस फैलने का खतरा है। भारत में जीका वायरस या नये वायरसों के निदान की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, यदि है भी तो बहुत सीमित। बढ़ता संक्रमण रोकने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी नीति-निर्माण आवश्यक है। जीका वायरस के निदान हेतु बाहर से आने वाले यात्रियों की गहन जांच की जाए और उनका डाटा तैयार किया जाना चाहिए ताकि शहर या गांव में किसी भी प्रकार के वायरस का पता लगने पर उन व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके जो बाहर से आए हैं। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर संक्रमण निवारण केंद्र बनाने की जरूरत है। त्वरित जांच टीम बनाना जरूरी है। जागरूकता अभियान और शिक्षा के माध्यम से शहरों और गांवों में लोगों को इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। गांव, कस्बों में स्वास्थ्य मित्र नियुक्त कर-के महीने में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहना चाहिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण और दवा का छिड़काव समय-समय पर किया जाना चाहिए ताकि मच्छरों का प्रकोप बढ़ न पाए। मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए जीएम मच्छरों को तैयार करना चाहिए। इंसानों के साथ ही पशु-पक्षियों में पनप रहे संक्रमण को रोकने का भी उपाय करना चाहिए।

**-अजय प्रताप तिवारी**



# सेहत को रखे कूल
# गुड़हल का फूल

- गुड़हल का फूल जिसके बारे में आपने प्राइमरी स्कूल की किताबों में पढ़ा था। यह सिर्फ देखने में ही सुंदर नहीं होता, बल्कि यह सेहत का खजाना लिए हुए होता है। इसे हिबिसकस या जवाकुसुम भी कहते हैं। इसके सभी हिस्सों का इस्तेमाल खाने, पीने या दवाओं के काम के लिए किया जा सकता है।
- यूनानी दवाओं में गुड़हल का बहुत उपयोग होता है और इससे कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, रक्तचाप, गुर्दे की बीमारियों और गले के संक्रमण जैसे रोगों का इलाज किया जाता है। यह विटामिन सी, कैल्शियम, वसा, फाइबर, आयरन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, टेटरिक और ऑक्सीलिक एसिड, फ्लेवोनॉयड्स और फ्लेवोनॉयड ग्लाइकोसाइड्स का बढ़िया स्रोत है।
- गुड़हल को हर्बल चाय, कॉकटेल या काढ़े के तौर पर लिया जा सकता है। फूलों को सुखाकर इसकी हर्बल चाय बनाई जा सकती है। पानी उबलने पर सूखे फूल डाल दीजिए और थोड़ी चीनी मिलाकर चाय तैयार हो जाएगी। कॉकटेल के लिए इसे ठंडा होने दें और बर्फ के साथ पिएं। यह सेहत के लिए गुणकारी चाय है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कोलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुंचाता है, जो हृदय रोगों का कारण बनते हैं।
- गुड़हल फूल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं। यूनानी दवाओं में गुड़हल काढ़े या चाय के तौर पर दिया जाता है। इसमें चीनी नहीं मिलाई जाती और इससे शरीर में ग्लूकोज का संतुलित स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। गुड़हल का इस्तेमाल यूनानी दवाओं में उत्तेजक के तौर पर किया जाता है। हर्बल चाय या कॉकटेल के तौर पर लेने से यह दिल और दिमाग को ठंडक देता है।
- गुर्दे या मूत्रनली में विकार से ग्रस्त लोग गुड़हल की चाय को बिना चीनी मिलाए पी सकते हैं और इससे काफी लाभ मिलता है। गुड़हल का फूल विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है और इससे कफ, गले की खराश, जुकाम और सीने की जकड़न में फायदा मिलता है। गुड़हल की पत्तियां प्राकृतिक हेयर कंडिशनर का काम देती हैं और इससे बालों की मोटाई बढ़ती है। बाल समय से पहले सफेद नहीं होते। बालों का झड़ना भी बंद होता है। सिर की त्वचा की अनेक कमियां इससे दूर होती हैं।
- इसकी पत्ती से बनी दवा से प्रसव संबंधी विकार, फोड़े-फुसियां और सूजन के उपचार में भी मदद मिलती है। गुड़हल का सत्व त्वचा में निखार और दमक लाता है।



# क्यों होता है
## टेक्नोलॉजी फोबिया

**टीवी** चैनल प्रोग्राम करने में पसीने छूटते हों या कोई नया गैजेट ट्राई करने में हिचक लगती हो तो शायद आपको टेक्नो-फोबिया है। तकनीक से लगने वाले इस अनजाने डर से निपटने के लिए समझ लीजिए कि आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। यह तो पैदा होने से पहले यानी गर्भ से ही इंसान के साथ जुड़ जाता है। गर्भ से निकलने वाले कुछ हार्मोन ये तय करते हैं कि तकनीक के प्रति बच्चे का रुझान कैसा होगा। बाथ यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि शुरुआती विकास के दौरान कम मात्रा में टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन मिलने से बच्चे में तकनीक के प्रति डर पैदा होता है, जबकि ज्यादा मात्रा में हार्मोन मिलने की वजह से वह तकनीक से प्रेम करने लगता है।



# सावधानी के साथ सीखें संगीत

**वाद्ययंत्रों** को बजाते समय सावधानी बरतने की आवश्कता होती है। मुंह से बजाए जाने वाले यंत्रों में जीवित बैक्टीरिया अपना घर बना लेते हैं, जो सांस लेते समय आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए अगली बार वाद्य यंत्रों के उपयोग से पूर्व उन्हें अच्छे से साफ कर लें। स्कूल में जो बच्चे म्यूजिक सीख रहे हैं, उन्हें सावधान रहने की जरूरत है। एक शोध के बाद यह बात सामने आई है कि शहनाई, बांसुरी और सेक्सोफोन जैसे फूंककर बजाने वाले साज कई तरह की बीमारियां फैलाते हैं।

### साजों में पाए गए एक्टिव बैक्टीरिया

टफ्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोध के अनुसार स्कूल में हजारों बच्चे बिना साफ किए वाद्ययंत्रों को शेयर करते हैं और बीमारी को आमंत्रित कर लेते हैं। शोधकर्ता ने लगभग 20 साजों को अध्ययन में शामिल किया और उन्होंने पाया कि उन में जीवित बैक्टीरिया मौजूद थे।

# खाना सादा, पहनावा ढीला, सोना कुदरती



**सूरज** उगने से पहले घूमना, ठंडे पानी से नहाना, नहाने से पहले शरीर को खादी के खुरदरे तौलिए से दस मिनट तक घर्षण करना, दिनभर में पंद्रह-बीस गिलास पानी जरूर पिएं।

नाश्ते में एक गिलास दूध या दही की लस्सी या ठंडाई के साथ जौ या चने का मीठा दलिया या सत्तू लें। नीरा, नारियल पानी, गन्ना, संतरा, बील का रस, जौ की राबड़ी व ताजी गाढ़ी छाछ भी नाश्ते के लिए अच्छी रहेगी।

दोपहर के भोजन में पुराने लाल या भूरे चावलों से बना भात, पतली दाल, कढ़ी, थोड़ी शक्कर मिला दही, चपाती व भोजन के अंत में छाछ लेना चाहिए। दिन में रोस्टेड जौ, चावल, चना, मूंग, रसीले फल व फलों का ताजा रस ले सकते हैं। रात का खाना शाम सात बजे तक कर लें। इस समय रोटी, दाल, लौकी, परवल, टिंडा, हरे प्याज, पुदीने या धनिए की चटनी व सलाद लें। फलों में आम, पपीता, फालसा, खिरनी, आलू बुखारा, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, रसभरी, अनार आदि का सेवन करें।

चाय, कॉफी, गर्म दूध, गर्मा-गर्म भोजन, बोतल बंद शीतल पेय का प्रयोग नहीं करें या कम से कम करें। ठंडा दूध पिएं। फ्रिज की अति शीतल चीजों का थोड़ी देर रुककर सेवन करें। घरेलू शर्बत, नींबू पानी उपयोगी हैं।

सूती, लिनन, खादी और विस्कस के कपड़े पहनें, हल्के रंग के व ढीले-ढाले कपड़े पहनें। गर्मियों में सिर ढंककर बाहर निकलें। तेज धूप में दोपहिया वाहनों से लंबी दूरी तय न करें। इन दिनों लू से बचने के लिए जरूरी है कि भूखे पेट बाहर न जाएं। खूब पानी पिएं और सिर व कंधों पर तौलिया ढंककर रखें। कटे फल, सब्जी और अशुद्ध पानी से बनी बर्फ सेवन न करें। शुद्ध पानी से जमा बर्फ का सेवन करें। ठेलों पर बिकने वाली आइसक्रीम, कुल्फी व शर्बत का सेवन न करें।

समय निकाल कर दिन में एक से दो घंटे की नींद लेने की कोशिश करें। कूलर रात-दिन चालू न रखें। जब दो-तीन घंटे में कमरा ठंडा हो जाए तो बंद कर दें। पंखे की हवा में रहने की आदत डालें। हो सके तो रात को खुली हवा में छत पर सोएं और प्राकृतिक सुख का आनंद लें। गर्मियों में सोने से पूर्व भी या कम से कम शाम को काम से घर वापस आकर स्नान करें।

गर्मियों में पांवों में मोजे नहीं पहनें। संभव हो तो चमड़े की चप्पलें, मोजड़ी, व सैंडल पहनें। घर में कुर्ता-पजामा या सलवार सूट पहनना स्वास्थ्यवर्धक है। दिन में कई बार ठंडे पानी से कुल्ले करें व आंखों पर पानी के छींटे दें।

हमारे देश में गर्मियों का मौसम सबसे लंबा होता है सूरज की तीव्र किरणें वनस्पति, फल-सब्जी, मानव, पशु-पक्षी, धरती से तरलता सोख लेती है। बेशक, इस तपते और लंबे दिनों में भी मौसम की मार से बचा जा सकता है इस मौसम में पाचन-शक्ति दुर्बल हो जाती है, इसलिए भारी, गरिष्ठ व चटपटे भोजन से बचें। हल्के, सुपाच्य, तरलता प्रधान व शीतल तासीर वाला भोजन करें। अंडा, मांस, तेलयुक्त भोजन व मिर्च-मसाले से परहेज करें। धूप में घूमना, कठिन परिश्रम करना व भारी व्यायाम बिलकुल न करें। नशीली चीजों का सेवन न करें।



# नाक करेगी कैंसर टेस्ट

### अब नाक की कोशिकाओं से फेफड़े के कैंसर की जांच की जाएगी। अमेरिका के वैज्ञानिकों ने इस तकनीक पर सफलता हासिल की है।

अमेरिका के शोधकर्ताओं ने फेफड़े के कैंसर का पता लगाने की एक नई तकनीक विकसित करने का दावा किया है। उनका कहना है कि मरीज की नाक के सेल्स का इस्तेमाल कर फेफड़े के कैंसर का पता लगाया जा सकता है। इस तकनीक से कैंसर की जांच कराने वाले मरीज को तकलीफ भी न के बराबर होगी। बॉस्टन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि नाक के अंदर मौजूद एपिथेलियल नामक कोशिकाओं की जांच से लंग कैंसर का पता लगाया जा सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक नाक में मौजूद इन सेल्स की इस आसान तकनीक से जांच कर काफी शुरुआती स्टेज में ही लंग कैंसर का पता लगाया जा सकता है। काफी शुरुआती स्टेज में बीमारी का पता लग जाने पर उसका इलाज भी किया जा सकता है।

# अधिक अभ्यास से मांसपेशियों में थकान

**जी हां, अगर आप अपने स्कूल या स्टेडियम में चैंपियन बनना चाहते हैं तो पहले से अभ्यास करते रहिए और प्रदर्शन से पूर्व वाले अभ्यास से बचें, क्योंकि यह अभ्यास आपकेफाइनल प्रदर्शन पर नकारात्मक हो सकता है। ज्यादा अभ्यास करने से आपकी मांसपेशियां पहले से ही क्षतिग्रस्त होने के साथ ही साथ थक जाती हैं। इस स्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन नहीं दे पाते हैं। आशा है आप भविष्य में इस शोध से लाभ उठा पाएं और देश को ऊपर ले जाएं।**

### स्पोर्टी हेल्थ

बहुत से प्रशिक्षक तथा फिजियो खेल के मैदान में उतरने से पहले खिलाड़ियों को लंबे समय तक अभ्यास करने की सलाह देते हैं, लेकिन एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि इसके परिणाम उल्टे हो सकते हैं, क्योंकि इससे मांसपेशियों में थकान बढ़ जाती है। वे क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा मसल्स में आक्सीजन डेफ्ट भी होने की संभावना बनी रहती है।

### यहां रहें सावधान

यह अध्ययन स्पेन में यूनीवर्सिटी ऑफ कालगरी के शोधकर्ता इलियास टोमारस ने किया है। उनका कहना है कि एक धावक को दौड़ से पहले अभ्यास करता देख, उन्हें इस अध्ययन का ख्याल आया। टोमारस कहते हैं कि धावक, स्केटिंग करने वाले या साइकिल चलाने वाले रेस से पहले एक से दो घंटे तक अभ्यास करते हैं। एक फिजियो की दृष्टि से देखा जाए तो मालूम होता है कि यह थकाने वाला होता है। अध्ययन में कहा गया है कि बहुत कम ऐसे एथलीट होते हैं, जो अभ्यास की तीव्रता और समय में कमी करने को तैयार होते हैं।

### यूं हुआ अध्ययन

अध्ययन के दौरान एक वर्ग में साइकिल रेस में उच्च प्रदर्शन करने वाले चालकों को शामिल किया गया, जो सामान्य तौर पर कई दौर के मुकाबले से पहले 50 मिनट तक तीव्रता बढ़ाते हुए अभ्यास करते हैं, जबकि दूसरे वर्ग में एक दौर के मुकाबले से पहले 15 मिनट तक कम तीव्रता के साथ अभ्यास करने वाले चालकों को शामिल किया गया। अध्ययन के दौरान प्रत्येक अभ्यास के बाद खिलाड़ी के प्रदर्शन और थकान को मापने के लिए कई तरह के परीक्षण किए गए। इसके बाद टोमारस ने पाया कि कम अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों में थकान कम होती है और रेस के महत्वपूर्ण क्षणों में उनका प्रदर्शन 6.2 फीसदी तक बढ़ जाता है, जो एक खिलाड़ी को महान बनाने के लिए पर्याप्त है।



# कई बीमारियों का इलाज वसा



**अब** वसा रोगों का शमन करने के लिए भी प्रयोग की जाएगी। वसा से कई बड़े रोग जैसे मधुमेह और दिल की बीमारियों के इलाज संभव हो सकेंगे। मधुमेह, एथेरोस्लेरॉसिस और दिल की अनेक गंभीर बीमारियों में अब दवाओं के साथ-साथ मरीज के ब्लड प्लाज्मा में मौजूद वसा भी उपचार का माध्यम बनेगी। टेक्सास बायोमेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट के शोधकर्ताओं ने अपने एक नए अध्ययन में पता लगाया है कि ब्लड प्लाज्मा में मौजूद वसा की अनेक किस्म इन बीमारियों की पहचान में असरदार हैं।

### असरदार 128 किस्म की वसा

यूरोपियन सोसाइटी ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स के वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत की गई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि मधुमेह रोगियों में ब्लड ग्लूकोज और इंसुलिन के स्तर बताने में वसा एक बेहतर सूचक साबित होगी। प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर जॉन क्यूरेन ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर 1,100 लोगों की वसा की 356 किस्मों का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद इन किस्मों में से 128 विभिन्न किस्म की वसा ऐसी पाई गई, जो मधुमेह को रोकने में असरदार हैं।

### दिल के उपचार में मददगार

वसा की लाभप्रद किस्मों में से डाई-हाइड्रोकेरामाइड नामक वसा सबसे ज्यादा प्रभावी पाई गई। यह मधुमेह रोगों में ब्लडशुगर स्तर को नियंत्रित रखती है। डॉक्टर क्यूरेन के मुताबिक वसा की इन किस्मों की जांच से मधुमेह के साथ-साथ एथेरोस्लेरॉसिस और दिल की अनेक गंभीर बीमारियों के उपचार में मदद मिलेगी।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का जगह-जगह प्रदर्शन



**सहरसा।** जिला कांग्रेस द्वारा विगत दिनों पटना मे प्रदर्शन कर रहे बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के निःहत्थे युवा नेताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों पर हुए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में गुरुवार को शंकर चौक पर रोषपूर्ण प्रदर्शन जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।जिला अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि नितीश जी कि डबल इंजन की सरकार गुस्सैल एवं हिंसक हो गयी है,जिसके कारण सरकारी कर्मी या शासकीय दल के प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग कर रहा है।

वही कल पटना में निहत्थे युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बेरोजगारी, महगाई, नीट प्रारीक्षा में धांधली समेत राज्य को विशेष दर्जा, पैकेज की मांग पर लाठी चार्ज कर पीटा गया, जिसमे पुलिस ने दर्जनो लोगों को लाठी मारकर सर फोड़ दिया।जिससे बहुत सारे कार्यकर्ता घायल हो गए। उन्होंने कहा कि संविधान ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के सभी दलों एवं आमजनता को शांतिपूर्ण अहिंसक धरना-प्रदर्शन आंदोलन करने का अधिकार दिया गया है।उस प्रजातांत्रिक अधिकारों का सत्ता पक्ष हनन करते हुए मनमानी कर रही है।जिलाध्यक्ष ने इस लाठीचार्ज की घटना को लेकर न्यायिक जांच की मांग करते हुए जख्मी प्रदर्शन कारियों को समुचित इलाज की सुविधा प्रदान की जाय।कांग्रेस के वरीय नेता केशर कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश की सरकार निक्कमी हो गई है और मोदीजी के पास अपनी जमीर और राज्य की प्रतिष्ठा गिरवी रख दिया है।इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि लोक सभा चुनाव मे नितीश जी विशेष राज्य का दर्जा और राज्य को विशेष आर्थिक पैकेज का नाम लेकर जनता से वोट मांगा था लेकिन मोदीजी ने इसपर इनको घास तक नहीं डाला।

आज के प्रदर्शन में प्रदेश प्रतिनिधि राम सागर पाण्डेय, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, तारनी ऋषिदेव, मनोज कुमार मिश्र,चमकलाल यादव,सुरेंद्र चौधरी,विकास कुमार गुप्ता,साजन शर्मा,बीरेंद्र पासवान, इंटक अध्यक्ष सत्यनारायण चौपाल,महिला जिला अध्यक्ष रेखा झा,उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, आशा देवी,रूबी देवी,संजय कुमार सिंह,दिवकांत गिरी,मो साकिर हुसैन, बाबुल सिंह, मृतुन्जय सिंह,प्रणव कुमार सुमन,सनोज पासवान,बेचन पासवान,बैधनाथ झा, मंगल झा, मो गयासुद्दीन खान, देवेंद्र चौधरी,देवेंद्र शर्मा,अफ़रोज़ आलम खान, मनोज सादा,परमिट कुमार, सुभम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## नवादा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री नीतीश का पुतला, विरोध मार्च निकाला



**नवादा ।** नवादा जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को विरोध मार्च निकाला और प्रजातंत्र चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका। कांग्रेस कार्यकर्ता पटना में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज से नाराज थे। बुधवार को विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया था। पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रजातंत्र चौक पर सीएम नीतीश कुमार का पुतला जलाया। लोग सरकार पर तनाशाही का आरोप लगा रहे थे, साथ ही सीएम से इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

इस दौरान पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंगाली पासवान, इंटक अध्यक्ष मनीष कुमार, बेदामी देवी, गायत्री देवी, महिला प्रकोष्ट की जिलाध्यक्ष शमा परवीण, रंजीत कुमार, अंजनी कुमार दीक्षित, अरविंद कुमार, एजाज अली मुन्ना, शैलेंद्र कुमार, महेंद्र शर्मा, पकरीबरावां प्रखंड अध्यक्ष अरूण कुमार, रौशन कुमार, दयानंद सिंह, कन्हैया कुमार, अजीत कुमार, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। बता दें कि पुलिस के बल प्रयोग में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी., प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता चोटिल हुए थे। पुलिस द्वारा वाटर कैनन का प्रयोग किया गया था साथ ही लाठी चार्ज किया गया था। नीट पेपर लीक, अग्निवीर योजना व बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने के खिलाफ युवा कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने निकले थे।

## देश में ऐसा कोई सीएम नहीं जिनकी जाति के लोग राज्य में सबसे अधिक हों: प्रशांत किशोर



- बिहार में बड़ी चालाकी से जाति लोगों के दिमाग में बैठायी गयी है

**पटना ।** जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने जाति पर अपनी राय रखते हुए कहा कि, चुनाव में जाति की प्रमुखता है। जाति राजनीति में हावी है, लेकिन जाति ही राजनीति को तय करती है इस बात में पूरी सच्चाई नहीं है।

देश और बिहार में लोगों ने बहुत चालाकी से यह बात लोगों के दिमाग में बैठाई गई है ताकि नए लोग राजनीति में आकर प्रयास ही न करें। बिहार के लोगों ने कभी सोचा कि नीतीश कुमार के जाति के लोग बिहार में कितनी संख्या में रहते हैं ? लालू यादव की जाति के कितने लोग बिहार में रहते हैं ? उन्होंने कहा कि जब भी आपको लगे कि, हमारी जाति के लोग जब अधिक होंगे तभी हम राजनीति कर सकते हैं, तो इस बात में आपको जरा भी सच्चाई नहीं दिखेगी। देश में अलग -अलग राज्यों में जितने भी मुख्यमंत्री हैं, उसमें कोई भी ऐसा मुख्यमंत्री नहीं है, जिसकी जाति उस राज्य में सबसे ज्यादा हो। ये आपका हमारा भ्रम है कि, हमारी जाति के अधिक लोग होने से ही हम राजनीति में आ सकते हैं। अगर पीतल और सोना रखा जाए तो किसी भी जाति के लोग हों वो सोना ही उठाएंगे। जन सुराज इसी सोना को खोजने में लगा है जिससे समाज का भला हो सके।

# ललन सिंह ने अपनी मां-बहन और पत्नी को कितना पढ़ाया है : राबड़ी देवी

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को लेकर ललन सिंह द्वारा कथित तौर पर की गई टिप्पणी पर गुरुवार को सदन में जोरदार हंगामा हुआ। राबड़ी देवी ने सवालिया लहजे में कहा कि ललन सिंह ने अपनी मां-बहन और पत्नी को कितना पढ़ाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि महिलाओं को अपमानित करना बंद करें और उनसे माफी मांगें। विधान परिषद के बाहर विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के नेतृत्व में विपक्ष की महिला सदस्यों ने जोरदार नारेबाजी की और मांग की सीएम नीतीश माफी मांगें। राबड़ी देवी ने कहा कि ललन सिंह



अपनी पत्नी को कितना तक पढ़ाए-लिखाए हैं, जो दूसरी औरत पर आरोप लगाते हैं। ललन सिंह बताएं कि उनकी मां-बहन और पत्नी कितनी पढ़ी लिखी हैं। ललन सिंह को और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को माफी मांगनी चाहिए, वे लोग बार-बार महिलाओं का अपमान नहीं करें।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में आम बजट पेश किए जाने के बाद बजट पर पूर्व सीएम और विधान परिषद मे विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी का बयान सामने आया था। राबड़ी देवी ने बजट को बिहार के लिए झुनझुना बताया था। राबड़ी देवी ने कहा था कि केंद्र सरकार ने बिहार की हकमारी की है और बिहार की अनदेखी की गई है। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग केंद्र से की थी। राबड़ी देवी के बयान पर मुंगेर से जदयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने तंज कसा था। ललन सिंह ने दिल्ली में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि राबड़ी देवी तो बजट पर भी प्रतिक्रिया दे रही हैं। कितना लंबा साइन करती हैं, बजट जैसी चीज उनको कहां समझ में आएगी। इसके बाद सीएम नीतीश ने विधानसभा में राजद महिला विधायक रेखा पासवान को कहा था कि महिला न हो कुछ जानती हो, चुप रहो। ललन सिंह और सीएम नीतीश कुमार के महिलाओं को लेकर दिए गए बयान को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने गुरुवार को विधानसभा-विधानपरिषद के भीतर जोरदार हंगामा किया। विपक्षी सदस्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से माफी मांगने को कह रहे थे। विपक्ष के विधायकों ने वेल में पहुंचकर स्पीकर के सामने जोरदार नारेबाजी की और कहा कि महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सीएम शायद किसी और बात की खुन्नस हमारे पर निकाल रहे थे : रेखा पासवान

- हमारे पर कृपा नीतीश कुमार की नहीं, बल्कि लालू, तेजस्वी यादव की



**पटना।** बिहार विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार विपक्ष पर भड़ग गए। वेल में जाकर विरोध कर रहे विपक्षी खेमे की महिला सदस्य पर टिप्पणी की। उनको राजद की मंशा को लेकर सचेत रहने की नसीहत दी। सीएम की इस नाराजगी पर महिला विधायक रेखा पासवान ने प्रतिक्रिया दी तो वहीं इंडिया गठबंधन के विरोध को बीजेपी विधायक ने मुद्दा विहिन प्रदर्शन बताया। रेखा पासवान ने कहा कि हम लोग विधानसभा में आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। हम मांग कर रहे थे कि आरक्षण को 9वीं अनुसूची से क्यों हटाया गया? इतने पर सीएम नीतीश सदन में भड़क उठे। उन्होंने आगे कहा हमें सीएम पर भरोसा नहीं हुआ कि वह एक महिला पर इतना गुस्सा हो जाएंगे। ऐसा लगा कि हमारी आवाज को दबाने के लिए सदन में इस तरह से सीएम बोल रहे हैं। रेखा ने कटाक्ष किया कि शायद वह किसी और बात की खुन्नस निकाल रहे थे। राजद विधायक ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया है। वह शायद इससे काफी गुस्से में हैं और इसलिए कहीं का गुस्सा कहीं निकाल रहे हैं। नीतीश कुमार की उम्र हो गई है। वह क्या बोलते हैं शायद उन्हें भी पता नहीं होता है।

विधायक पासवान ने सीएम के उस बयान का जवाब दिया, जिसमें नीतीश कुमार ने सदन में कहा था कि महिला हो और तुम समझती नहीं हो। इन लोगों ने महिलाओं को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। राजद के समय महिलाओं को कभी बोलने की इजाजत नहीं थी। हम लोग जितने भी आरक्षण से आए हैं। भीमराव अंबेडकर की देन है कि आरक्षण से विधायक बने हैं। हमारे पर कृपा नीतीश कुमार की नहीं, बल्कि लालू यादव, तेजस्वी यादव की है। सभी ने देखा कि किस तरह से सीएम नीतीश ने एक महिला को सदन में जलील किया है। वह कहते हैं हम महिला को सम्मान देते है, लेकिन, सम्मान के नाम पर वह इस तरह से अपमान करते हैं।

वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर ने कहा देश में 60 साल तक इनकी सरकार रही। पीएम मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। लेकिन, वह बिहार नहीं आए। अब जब बिहार के विकास के लिए पीएम मोदी ने खजाना खोला है तो उन्हें अब काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करना है। यहां कानून व्यवस्था का राज है, जो कानून का पालन नहीं करेगा, उसे सबक सिखाया जाएगा।

## पिस्टल और चार कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।जिसके पास से एक देशी पिस्टल चार कारतूस बरामद किये गये है। पकड़े गये बदमाशो की पहचान के सीतामढी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र के पचटकी निवासी जयप्रकाश कुमार व पूर्वी चम्पारण जिले के आदापुर थानान्तर्गत कटगेनवा निवासी उपेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है।

# 8 की जगह 14 घंटे प्रतिदिन निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय : मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार की शाम संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कई जिलों में अल्प वर्षापात की स्थिति को देखते हुये कल से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिये 8 घंटे की जगह 14 घंटे प्रतिदिन निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि कम वर्षापात की स्थिति को देखते हुये इच्छुक किसानों को डीजल अनुदान की स्वीकृति दी जाय। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि किसानों के हित में नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि किसानों को पटवन में सहूलियत हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ और सुखाड़ दोनों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी सतत् निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि हर चीज पर नजर रखनी है और पूरी तरह से सतर्क रहना है। मुस्तैदी के साथ सभी लोग लगे रहेंगे तो आपदा की स्थिति में लोगों को राहत मिलेगी। बैठक में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार फिर रहस्यमय बीमारी की चपेट में, पूर्णिया में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**पूर्णिया।** बिहार में एक रहस्यमयी बीमारी ने सभी को डरा दिया है। यहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत एक के बाद एक हुई है। इस बीमारी में लूस मोशन,पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होती है। कई बार दवा लेने के बाद मरीज की सोते में मौत हो जाती है। इस तरह के दावों में कितनी सच्चाई है तो ये जांच के बाद ही पता चलेगा। मुफस्सिल थाना के रामपुर मुसहरी टोला में अज्ञात बीमारी से एक ही परिवार के तीन लोगों की अब तक मौत हो चुकी है, जबकि एक भाई मितेन और एक गर्भवती महिला मुन्नी देवी आज फिर गंभीर रूप से बीमार पड़ गयी है। सिविल सर्जन का कहना है कि वायरल डायरिया या फूड प्वाइजनिंग के कारण मौत की संभावना है। हालांकि अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है कि कौन सी बीमारी है। सैंपल को जांच के लिए बाहर भेजा गया है। घटना के बाद गांव में मेडिकल टीम, पीएचइडी विभाग की टीम और एम्बुलेंस तैनात है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### अररिया: पांच सूत्री मांगों के समर्थन में नगर परिषद कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन




**अररिया।** बिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉयज फाउंडेशन के आह्वान पर फारबिसगंज नगर परिषद कर्मचारी संघ ने गुरुवार को 2018 से लंबित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में नगर परिषद के प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन किया।बिहार लोकल बॉडीज एम्प्लॉयज फाउंडेशन के राज्य संगठन मंत्री सूरज कुमार सोनू के नेतृत्व में सफाईकर्मी और कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रर्दशन का नेतृत्व कर रहे फाउंडेशन के राज्य संगठन मंत्री सूरज कुमार सोनू ने बताया कि राज्य भर के नगर निकाय में आज यह प्रदर्शन है।2018 से ही राज्य सरकार पांच सूत्री मांगों को लंबित रखी हुई है।बार बार आश्वासन के बावजूद उन मांगों को लागू करने की दिशा में पहल नहीं की जा रही है,जिसको लेकर यह प्रदर्शन है और सरकार 8 अगस्त तक मांगों को लागू नहीं करती है तो राज्य भर के नगर निकाय के सफाईकर्मी और कर्मचारी आने वाले 8 अगस्त को विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया कि दैनिक मजदूरी और संविदा पर बहाल नगर निकाय कर्मचारियों की सेवा स्थाई करने, एनजीओ की सेवा समाप्त करने, नगर निकाय कर्मियों को राज्य कर्मी के समान सारी सुविधा मुहैया कराने, सरकार के पत्रांक 2503 दिनांक 3 मई 2018 को समाप्त करने जैसी मांगें प्रमुख हैं।

## पेज एक का शेष

### बिहार: कृषि विभाग...

निगरानी को मिली थी शिकायत : जानकारी के अनुसार निगरानी विभाग को दोनों के बारे में शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी की टीम ने जांच में आरोप को सही पाया और दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। संयुक्त निदेशक विभू विद्यार्थी और प्रधान लिपिक सत्यनारायण कुमार घूस के तीन लाख रुपए ले रहे थे। तभी निगरानी की टीम पहुंच गई और दोनों को तीन लाख रुपए कैश के साथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

लगातार कर रही है भ्रष्टाचार पर चोट : पिछले दिनों बिहार के बेगूसराय में बांका जिले के शंभूगंज थाना के थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के आवास पर निगरानी की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी की थी। वहां से निगरानी की टीम ने 2 लाख 50000 कैश, 5 लाख के मूल्य के जेवरात और कुछ जमीन के कागजात को जब्त किए थे। निगरानी डीएसपी ने बताया कि 69 लाख आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज हुआ था। उसी को लेकर छापेमारी की गई। निगरानी लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार में कार्रवाई कर रही है।

### झारखंड विधानसभा का...

युवाओं में आक्रोश है। रोजगार के लिए लोग पलायन कर रहे हैं। ऐसे मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए।

**सुखाड़ को लेकर चर्चा कराए सरकार** : विधायकों का कहना था कि फिलहाल सुखाड़ जैसी स्थिति कई जिलों में है। सरकार सुखाड़ को लेकर भी चर्चा कराये। इससे निपटने को लेकर तैयारी जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन का कहना था कि विस्थापन आयोग बनाने की पहल सरकार ने की है। सरकार विस्थापन को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री का कहना था कि नीट पर विशेष चर्चा हो सकती है। बैठक में मंत्री रामेश्वर उरांव, माले विधायक विनोद सिंह भी मौजूद थे। स्पीकर का कहना था कि सदन में विशेष चर्चा के लिए कार्यमंत्रणा में विचार-विमर्श किया हो सकता है। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही के बाद कार्यमंत्रणा की बैठक होगी।

29 जुलाई को पहला अनुपूरक बजट होगा पेश : झारखंड विधानसभा का वर्तमान सत्र छह कार्य दिवस वाला है। 29 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 का पहला अनुपूरक बजट पेश होगा। इसके अगले दिन अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। वर्तमान सत्र में सरकार विधेयक भी लेकर आ सकती है। वहीं आखिरी दिन गैर सरकारी संकल्प होंगे। विधानसभा में अलग-अलग विषयों पर चर्चा की मांग भी की जा रही है।

### लोबिन हेम्ब्रम और...

**कांग्रेस की बैठकों में जाना भी नहीं आया काम** : जेपी पटेल को जेपी पटेल ने स्पीकर न्यायाधिकरण के समक्ष तर्क दिया था कि उनके दल-बदल के प्रमाण नहीं हैं। वे इसके दायरे में नहीं आते। सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस की बैठकों में भी वे नजर आते थे। वे विधायकों की बैठक में भी हिस्सा ले रहे थे। उन्हें लगा था कि सत्तारूढ़ दल के साथ खड़े होने से विधायकी बच सकती है, लेकिन स्पीकर ने उन्हें अयोग्य ठहरा दिया। जेपी पटेल ने झामुमो से राजनीति की शुरूआत की थी। बाद में वे भाजपा में चले गए। लोकसभा चुनाव के दौरान वे कांग्रेस में शामिल हो गए।

### रांची, धनबाद और...

सीपीसीबी के अनुसार धनबाद शहर को 100/100 अंक मिले। रांची और जमशेदपुर को 75/100 अंक मिले। उन्हें 2024-25 में फंडिंग के लिए योग्य पाया गया। शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इन तीन शहरों को 2024-25 में लगभग 150 करोड़ रुपये की निधि दी जाएगी। इस निधि का उपयोग करके, तीन शहर मशीन और अन्य उपस्कर खरीद सकते हैं। जल निकाय पुनर्जीवन, पौधरोपण भी कर सकते हैं। धूल भरी सड़कों पर यातायात को कम करने के लिए पेवर-ब्लॉक सड़कें भी बना सकते हैं।

झारखंड सरकार की नागरिक सुविधा और परिवहन निधि का उपयोग करते हुए रांची, धनबाद और जमशेदपुर के वायु गुणवत्ता मानकों में 2024-25 में और सुधार किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता सचिव केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन ने की। साथ सभी राज्य सरकारों के शहरी विकास सचिव इस बैठक में शामिल हुए। झारखंड के नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, जमशेदपुर जेएनएसी के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण कुमार के साथ बैठक में शामिल हुए।

### झारखंड में 10...

एसएम पावर एंड स्टील लगाएगा इस्पात संयंत्र : एसएम पावर एंड स्टील सरायकेला के पास स्टील प्लांट लगाने जा रहा है। इसमें लगभग दो हजार करोड़ निवेश की संभावना है। इससे आस-पास के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेंगे।

गजानन फेरो चौगुना करेगा इस्पात उत्पादन की क्षमता : गजानन फेरो का घाटशिला के पास पहले से सालाना 25 हजार मीट्रिक टन इस्पात उत्पादन का संयंत्र है। यह कंपनी यहां उत्पादन क्षमता को चौगुना यानी एक लाख मीट्रिक टन का करने जा रही है। इसमें होने वाले निवेश के लिए भी झारखंड सरकार के अधिकारियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

नर्सिंग इस्पात लगाएगा डीआई पाइप का प्लांट : नर्सिंग इस्पात कंपनी का झारखंड में पिग आयरन का प्लांट पहले से है। यह कंपनी डीआई पाइप उत्पादन का नया संयंत्र स्थापित करने जा रही है। एमओयू के लिए आयोजित होने वाले समारोह में इस कंपनी के साथ भी करार की तैय़ारी की जा रही है।

केजी सेल्स लगाएगा इथेनॉल उत्पादन का संयंत्र : केजी सेल्स कंपनी ने झारखंड में इथेनॉल उत्पादन का संयंत्र लगाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के उद्योग विभाग को दिया है। इस कंपनी को राज्य सरकार की इथेनॉल नीति के तहत प्रोत्साहन और बाकी सुविधाएं दी जाएंगी। एमओयू के मौके पर इसी से संबंधित करार पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### जदयू के राष्ट्रीय...

पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम नयी दिल्ली स्थित आवास पर राजीव रंजन ने सीने में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद इलाज के लिए उनको वहां मैक्स अस्पताल ले जाया गया। वहां करीब डेढ़ घंटे तक इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर पटना लाया जायेगा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के विधान परिषद में मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी और जदयू के राष्ट्रीय सलाहकार पूर्व सांसद केसी त्यागी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने शोक जताया है। जदयू के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राजीव रंजन कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम नयी दिल्ली स्थित आवास पर राजीव रंजन ने सीने में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद इलाज के लिए उनको वहां मैक्स अस्पताल ले जाया गया। वहां करीब डेढ़ घंटे तक चले इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन पर कई वरिष्ठ नेताओं ने शोक जताया है।

### संसद को नहीं...

कोर्ट के बहुमत वाले फैसले में कहा गया है कि संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार है। बहुमत के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वर्ष 1989 में 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा दिया गया वह फैसला सही नहीं है जिसमें कहा गया था कि खनिजों पर रॉयल्टी टैक्स है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार नहीं है।

**झारखंड के साथ इन राज्यों को होगा फायदा** : शीर्ष अदालत के इस फैसले से खनिजों के मामले में समृद्ध राज्यों को लाभ पहुंचेगा। इन राज्यों में झारखंड के अलावा ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्य शामिल हैं।

**31 जुलाई को मामले की फिर सुनवाई** : राज्यों ने खदानों और खनिजों पर केंद्र द्वारा अब तक लगाए गए करों की वसूली पर सुप्रीम कोर्ट से स्पष्टीकरण मांगा। कोर्ट ने कहा कि वह खदानों और खनिजों पर केंद्र द्वारा अब तक लगाए गए टैक्स की वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को विचार करेगा।

### अबुआ आवास योजना...

इसके अलावे प्रगति नहीं होने से संबंधित कई अन्य बिंदुओं पर उप विकास आयुक्त द्वारा गहनता से समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी 33 पंचायत सचिवों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने के निर्देश दिये। कहा कि अगले एक सप्ताह में प्रगति नहीं होती है तो संबंधित पंचायत सचिवों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टकराई बस, तीन लोगों की हुई मौत, 87 घायल




**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात भीषण सड़क हादसे में एक बस रेत (बालू) से भरे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 87 लोग घायल हो गए। ये घटना थाना नगला खगर क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के पिलर-59 के पास हुई। यात्रियों से भरी बस बहराइच से दिल्ली जा रही थी। बताया जा रहा है कि चालक को अचानक नींद का झपका आ गया और बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बस चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस में सवार 87 लोग घायल हो गए। बता दें कि बस में 150 लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उन्होंने सभी घायलों को सैफई और शिकोहाबाद के अस्पतालों में भर्ती कराया है। फिरोजाबाद के एसपी ने बताया कि बुधवार देर रात एक बजे के आसपास उन्हें हादसे की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सुरक्षित लोगों को दूसीर बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया।

## जैश से जुड़े आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर समेत 5 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में आतंकियों की मदद करने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्कर गुरुवार को गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए थे। दोनों आतंकियों को खाने-पीने की चीजों के साथ ही वाई-फाई मुहैया कराते थे, ताकि आतंकी सीमा पार बैठे अपने हैंडल्स से बातचीत कर सकें। इन इलाकों के स्थानीय लोग आतंकियों की मदद करते हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लियाकत और राज के रूप में हुई है। 8 जुलाई के बाद से आतंकियों को ढूंढने के लिए पुलिस ने 100 लोगों से पूछताछ की थी।

## हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री (सीएम) अरविंद केजरीवाल को राहत प्रदान करते हुए तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान अपनी कानूनी टीम के साथ दो अतिरिक्त मुलाकात करने की याचिका को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह देखते हुए आदेश पारित किया कि विशेष परिस्थितियों में विशेष उपायों की आवश्यकता होती है। बता दें कि इससे पहले निचली अदालत ने अतिरिक्त लीगल मीटिंग के लिए केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया था, लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी इस मांग को स्वीकार कर ली।

## यूपी पुलिस की रद्द परीक्षा अगस्त में होगी

**लखनऊ।** यूपी पुलिस की रद्द की गई सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान हो गया। परीक्षा अगस्त में 5 दिन- 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होगी। जन्माष्टमी के चलते 4 दिन का गैप रहेगा। हर दिन दो शिफ्ट में एग्जाम होंगे। यानी 10 शिफ्ट में पूरी परीक्षा होगी। एक शिफ्ट में करीब 5 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। सिपाही भर्ती की यह परीक्षा इसी साल 17 और 18 फरवरी को प्रदेश के 75 जिलों में हुई थी। कई जगह पेपर लीक होने के बाद छात्रों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। एसटीएफ जांच में पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद योगी सरकार ने परीक्षा कैंसिल कर दी थी। एग्जाम में करीब 50 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। सिपाही भर्ती परीक्षा यूपी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा है। इसमें 60,244 सिपाही के पदों को भरा जाना है।

## राष्ट्रपति भवन का दरबार हॉल अब गणतंत्र मंडप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के अंदर स्थित दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदल दिया गया है। राष्ट्रपति भवन के द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक, दरबार हॉल का नाम अब गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल का नाम अशोक मंडप होगा। दरबार हॉल वह जगह है, जहां राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जबकि अशोक हॉल मूल रूप से एक बॉलरूम था। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि दरबार, जिसका तात्पर्य भारतीय शासकों और अंग्रेजों की अदालतों और सभाओं से है, भारत के गणतंत्र बनने के बाद प्रासंगिकता खो चुका है।

## मॉस्को कार बम विस्फोट का संदिग्ध गिरफ्तार

**मॉस्को।** मॉस्को कार बम विस्फोट मामले में आरोपी येवगेनी सेरेब्रीकोव को बोडरम में गिरफ्तार किया गया। उसके संभावित प्रत्यर्पण की तैयारी हो रही है। इसके पहले दिन में, उत्तरी मॉस्को में सिन्याविंस्काया स्ट्रीट पर एक घर के आंगन में हुए एक कार विस्फोट में दो लोग घायल हो गए थे। रूसी आंतरिक मंत्रालय के अनुसार, कार में रखे हुए एक अज्ञात वस्तु में विस्फोट हुआ था। मॉस्को की ज़मोस्कोवोत्स्की अदालत ने कहा कि उसने सेरेब्रीकोव को उसकी अनुपस्थिति में गिरफ्तार किया था।

## वियतनाम में बाढ़ से 2 लोगों की मौत, 5 लापता

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी पर्वतीय प्रांत दीएन बिएन में अचानक आई बाढ़ में करीब दो लोगों की मौत हुई, जबकि पांच अन्य लापता हो गए। रिपोर्ट में कहा गया कि दो अन्य लोग घायल हो गए। दीएन बिएन जिले के चार गांवों में रात में अचानक बाढ़ आ गई। गुरुवार सुबह तक, 10 स्थानीय घर पूरी तरह से ढह गए, जबकि 40 हेक्टेयर से अधिक कृषि उपज नष्ट हो गई। खोज और बचाव मिशन में लगभग 100 लोगों को शामिल किया गया है।

## मैक्सिको में शराब कारखाने में लगी आग, 6 मरे

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के जालिस्को राज्य में शराब कारखाने में विस्फोट होने और आग लगने की घटना के बाद एक और शव बरामद होने से मृतक संख्या बढ़कर छह हो गई है। शराब कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई थी। यह कारखाना जोस क्यूर्वो कंपनी का है, जो मैक्सिको में शराब के सबसे प्रसिद्ध ब्रांड में से एक है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि एक और शव उस स्थान से बरामद किया गया जहां बड़े आकार के कंटेनर गिरे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब श्रमिक कारखाने में मरम्मत का काम कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है लेकिन अगले दिन सुबह कारखाने के भंडारण कक्ष में आग लग गई जहां गत्ते और अन्य सामान रखे थे।

## ब्राज़ील के टीवी कलाकार थॉमी की बालकनी से गिरने से मौत, फैंस हुए दुखी

**लॉस एंजेलिस।** आजकल फिल्मी जगत से बुरी खबर सुनने को मिल रही हैं। 18 जुलाई को एक्टर कृष्ण कुमार की बेटी का निधन हो गया था। वहीं अब एक और फिल्मी स्टार की मौत की खबर सामने आई है। ब्राज़ील के टीवी के मशहूर कलाकार थॉमी शियावो का 39 साल की उम्र में निधन हो गया। थॉमी के अचानक निधन से उनके फैंस हैरान हैं और यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि थॉमी अब इस दुनिया में नहीं रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर थॉमी शियावो का कुइआबा, माटो ग्रोसो, ब्राजील में अपने अपार्टमेंट की बालकनी पर अपने दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी रहे थे और उसी दौरान वह अपने घर की बालकनी से नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई।

# आफत बनी बारिश : गुजरात में 8 मौतें, हिमाचल में बादल फटा

# महाराष्ट्र में बाढ़ जैसे हालात, पुणे में डूबीं कॉलोनियां, स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हालात गंभीर हैं। बड़ा असर महाराष्ट्र में दिख रहा है। मुंबई, पुणे, ठाणे, पालघर सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में भारी बारिश जारी है। इसके चलते सडक़ों से लेकर रेल ट्रैक तक पानी से लबालब हो चुके हैं। इसके कारण, यातायात जाम हो गया है और उड़ान और ट्रेन संचालन में देरी हो रही है। लगातार बारिश के कारण कई झीलें भी उफान पर हैं। पुणे और कोल्हापुर इलाकों में स्थिति गंभीर है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं मुंबई में भी बारिश आफत बन गई है। यहां जुलाई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बारिश हुई है और कुल मिलाकर 150 सेमी से अधिक बारिश हुई है।

गुजरात में पिछले 3-4 दिनों से तेज बारिश का दौर चल रहा है। इससे वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सिर्फ वडोदरा में ही 24 घंटे में 13.5 इंच बारिश हुई है। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 8 लोगों की मौत हुई है। इन जिलों के निचले इलाकों से 826 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करना पड़ा है। कई जगहों पर स्कूलों-कॉलेजों की भी छुट्टी कर दी गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं। ट्रेन सर्विसेस भी बाधित हुई हैं।

पुणे के बवधान इलाके की सडक़ें नाले में तब्दील हो चुकी हैं। शहर में कुदरत के कहर की दूसरी बानगी डूब चुके भिड़े ब्रिज की तस्वीरें बयां कर रही हैं। बारिश और बाढ़ के पानी में डूबे पुणे की ड्रोन तस्वीरें हैरान करने वाली हैं। बेहिसाब हुई बारिश के बाद बाढ़ का पानी मेट्रो स्टेशन में भी घुस चुका है। भिड़े ब्रिज डूब चुका है। सडक़ें-कॉलोनियां, सब जगह पानी-पानी नजर आ रहा है।

पुणे में तो आज गुरुवार को 70 लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। रिहायशी इलाके में पानी भरने के बाद सभी लोग फंसे हुए थे। दमकल विभाग को खबर लगी तो टीम ने प्रभावित इलाकों में पहुंचकर नाव के सहारे बचाव अभियान चलाया। लगीं पुणे के एकता नगर में सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। पुणे का एकता नगर पानी में डूबा हुआ है। रातभर से यहां हालात खराब हैं। लाइट और पानी भी नहीं है। अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

**15 रिहाइशी कॉलोनियां डूबीं :** पुणे में लोगों की मुसीबत ये है कि उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। जबकि घर में बिजली-पानी तक नहीं है। और अगर लोग बाहर निकलते हैं तो हालात बेहद खराब है। यहां सडक़ों-गलियों में खड़ी गाडिय़ां डूबी हुई हैं। पुणे में 15 रिहाइशी कॉलोनियां डूब चुकी हैं। करंट से 3 मौत हो चुकी है और स्थिति के मद्देनजर सभी स्कूल बंद करने का फैसला किया गया। पुणे में रिहाइशी कॉलोनियों में जलभराव इतने बड़े पैमाने पर हुआ है कि कम से कम 15 कॉलोनियों के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सडक़ें, गलियां, घर सब कुछ बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं। उसी से गुजरकर लोग कहीं आने जाने के लिए मजबूर हैं।सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है।



### 960 साल पुराने शिव मंदिर में भरा पानी

महाराष्ट्र के अंबरनाथ स्थित 960 साल पुराने शिव मंदिर के भीतर भी बारिश का पानी भर गया है। इससे मंदिर में मौजूद मूर्ति और शिवलिंग डूब गए हैं। दरअसल, वालधुनी नदी शिव मंदिर के पास बहती है। भारी बारिश के कारण उसका जल प्रवाह भी बढ़ गया है। अंबरनाथ तालुका में पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही है और इसके कारण नदियां और नाले उफान पर हैं। अगर बारिश जारी रही तो शहर में बाढ़ आने की संभावना है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी सांसदों को चेतावनी, कहा

# सदन की मर्यादा का रखें ख्याल

एजेंसियां, नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अभिजीत गंगोपाध्याय और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में गुरुवार को सदस्यों से कहा कि वे सदन की मर्यादा का ख्याल रखें और आसन को चुनौती नहीं दें। सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर कांग्रेस सदस्यों ने गंगोपाध्याय की आपत्तिजनक टिप्पणी का विषय उठाया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, कोई भी सदस्य सदन की गरिमा को चोट पहुंचाने वाली टिप्पणी करे, वे दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका कहना था, सदस्य चाहे सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का हो, अगर वे सदन की गरिमा को चोट पहुंचाने वाली टिप्पणी करते है, तब शब्दों को कार्रवाई से हटाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उचित कार्रवाई करने या उचित टिप्पणी करने का अधिकार भी अध्यक्ष को है। रीजीजू के अनुसार, जब गंगोपाध्याय ने टिप्पणी की, तब वे लोकसभा में नहीं, बल्कि राज्यसभा में थे।



बिरला ने कहा, इस सदन की एक मर्यादा है। उच्च परंपरा और परिपाटी रही है। मेरा सभी लोगों से आग्रह है कि सदन में अपनी बात रखें, चर्चा में भाग लें, लेकिन कोई ऐसी टिप्पणी नहीं करें जो संसद की मर्यादा और संसदीय परंपराओं के अनुकूल नहीं हो।

बिरला का इशारा अभिषेक बनर्जी द्वारा सदन में की गई टिप्पणी की ओर था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्य जितना सदन की गरिमा और प्रतिष्ठा रखते हैं, उतना ही उनके क्षेत्र में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सदन में केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा में भाग लेकर गंगोपाध्याय ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

उनके वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गोडसे को लेकर कोई टिप्पणी की, इसपर पलटवार कर गंगोपाध्याय ने उनके लिए एक आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया जिसका विपक्षी सदस्यों ने विरोध कर माफी की मांग की।

दूसरी तरफ, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने बजट पर चर्चा में भाग लेकर नोटबंदी और लॉकडाउन का उल्लेख किया था, तब लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा, वर्ष 2016 के बाद दो बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। आप बजट पर बात कीजिए। अध्यक्ष का इशारा 2019 और 2024 में हुए आम चुनावों में भी भाजपा नीत राजग के सत्ता में आने की ओर था। फिर बनर्जी ने किसी का नाम लिया, जिस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा खड़ा कर दिया। इस पर बिरला ने कहा कि सदस्य उन लोगों के नाम नहीं लें जो सदन के अब सदस्य नहीं हैं। इस पर बनर्जी ने बिरला से कहा कि जब सत्तापक्ष के सदस्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लेते हैं या देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का नाम लेते हैं, तब आसन उस पर कुछ नहीं बोलता, यदि कोई आपातकाल की बात करे, तब अध्यक्ष चुप रहते हैं।

## झारखंड में घट रही आदिवासी आबादी, यह बात गलत निकली तो दे दूंगा इस्तीफा : निशिकांत

- बीजेपी सांसद बोले-सदन में इस पर बात नहीं होती, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति होती है

**नई दिल्ली।** झारखंड की गोड्डा सीट से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने प्रदेश में घट रही आदिवासियों आबादी, बढ़ती घुसपैठ का मुद्दा लोकसभा में उठाया। घट रही हिंदुओं की आबादी पर उन्होंने एनआरसी लागू करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी कह रहा हूं अगर वह झूठ निकला तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के तमाम नेता आज एक ही बात कर रहे हैं कि संविधान खतरे में है। सच्चाई कुछ और है संविधान नहीं, कुछ लोगों की राजनीति खतरे में है। बिहार से अलग होकर जब झारखंड एक अलग राज्य बना था तब संथाल परगना क्षेत्र में साल 2000 में आदिवासियों की संख्या 36 फीसदी थी जो आज 26 फीसदी है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि दस फीसदी आदिवासी कहां गए? इस विषय पर इस सदन में कभी बात नहीं होती, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति होती है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे यहां लगातार बढ़ रही है, जो आदिवासी महिलाएं हैं उनके साथ बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर रहे हैं। हमारे यहां से चुनाव लड़ने वाली आदिवासी महिलाओं के पति मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह प्रत्येक पांच साल में 15-17 फीसदी वोटर बढ़ता है। लेकिन हमारे यहां, 123 फीसदी आबादी बढ़ी है। मेरे लोकसभा क्षेत्र के मधुपुर में करीब 267 बूथों पर मुसलमानों की आबादी 117 फीसदी बढ़ी है। झारखंड में 25 ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां की आबादी 123 फीसदी, 110 फीसदी आबादी बढ़ी है, यह चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिला में तारानगर इलामी, डांगापाड़ा में दंगा हो गया। दंगा इसलिए हुआ क्योंकि बंगाल से ममता बनर्जी की पुलिस और मालदा, मुर्शिदाबाद से लोग आकर हमारे लोगों को भगा रहे हैं।

## सुलतानपुर : अदालत में आज अपना बयान दर्ज कराएंगे सांसद राहुल गांधी

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ अमर्यादित बयानबाजी के मामले में संसद में विपक्ष के नेता व सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को यहां जिला एवं सत्र न्यायालय में हाजिर होंगे। एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के समक्ष वह अपना बयान दर्ज कराएंगे।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने वकील संतोष पांडेय के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। आरोप है कि साल 2018 में उन्होंने कर्नाटक में एक जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था। आरोपों पर प्रथम दृष्टया संज्ञान लेते हुए बीते साल कोर्ट ने उन्हें समन जारी कर विचारण के लिए तलब किया था। कोर्ट में राहुल गांधी की जमानत हो चुकी है। शुक्रवार को उनका बयान दर्ज होना है। राहुल गांधी के आगमन को लेकर गुरुवार को सुरक्षा कर्मियों ने दीवानी कोर्ट की सुरक्षा का जायजा लिया। दोपहर में कोर्ट के सुरक्षा प्रभारी एसआई शारदेंदु द्विवेदी, एसपीजी, एलआईयू के कर्मी और कोतवाली नगर पुलिस ने सुरक्षा का जायजा लेते हुए बारीकियां देखीं। राहुल गांधी के वकील केपी शुक्ला ने बताया कि एसपीजी की विशेष सुरक्षा में शुक्रवार दिन में 11 बजे दीवानी कोर्ट में राहुल गांधी के पहुंचने की संभावना है। उधर, परिवादी के वकील संतोष पांडेय को भी शुक्रवार को कोर्ट पहुंचने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। सूचनाधिकारी डा. धीरेंद्र यादव ने बताया कि राहुल गांधी के आगमन को लेकर शासन से प्रोटोकाल प्राप्त हुआ है। प्रशासन अपने स्तर पर उस पर कार्यवाही कर रहा है।



## अधिकारियों के खिलाफ पक्के सबूत लेकर आओ, होगा एक्शन : योगी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के बाद से सीएम योगी एक्शन में दिख रहे है। लगातार बैठकें कर पार्टी के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सीएम योगी जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में योगी ने अलग-अलग मंडल के विधायकों से मुलाकात करने का सिलसिला शुरू किया है। गुरुवार को सीएम योगी मेरठ मंडल के विधायकों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। इसके बाद सीएम योगी प्रयागराज मंडल के विधायकों से बात करने वाले है। इसके पहले उन्होंने बरेली मंडल के विधायकों के साथ बैठक की थी।



बैठक में विधायकों ने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर शिकायत की है। बैठक में योगी ने कहा था कि किसी भी जनप्रतिनिधि की जीत में 50 प्रतिशत पार्टी की, 50 प्रतिशत भूमिका प्रत्याशी की होती है। वहीं विधायकों द्वारा अधिकारियों के न सुनने की शिकायत पर योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई अधिकारी नहीं सुन रहा है, तब उसके खिलाफ पक्के सबूत के साथ शिकायत करें, तभी उस अधिकारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी। योगी ने विधायकों को क्षेत्र की जनता से बराबर संवाद बनाए रखने और उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनने की भी सलाह दी है। वहीं एक विधायक द्वारा हेलमेट की जांच पर पुलिस द्वारा परेशान करने की शिकायत पर योगी ने कहा कि हेलमेट सुरक्षा के लिए जरूरी है। कानून का पालन हर हाल में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा इसलिए 10 साल से सत्ता से बाहर है,क्योंकि सपा सरकार में कानून का पालन नहीं होता था।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद की हत्या की साजिश नाकाम!

**तेहरान।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद पिछले हफ्ते एक हत्या की कोशिश से बाल-बाल बच गए, जब उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। यह जानकारी ईरान इंटरनेशनल के सूत्रों ने दी। जिसके मुताबिक उनकी गाड़ी में फिल्मी स्टाइल में गड़बड़ी की गई थी। जिससे वह रास्ते में हादसे का शिकार हो जाए। करज-काज़्विन राजमार्ग पर लगभग एक चौथाई रास्ते पर अहमदीनेजाद के सहयोगियों और अंगरक्षकों को ले जा रही टोयोटा लैंड क्रूजर के चालक ने अचानक स्टीयरिंग और ब्रेक दोनों पर नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित टोयोटा ने तेज गति वाले ट्रैफ़िक में तीन बार चक्कर लगाया, दो बार बाएं और दाएं मुड़ी, केंद्रीय बैरियर से टकराई और अहमदीनेजाद के काफ़िले में शामिल एक अन्य वाहन से टकराई।

# कमला हैरिस को जमकर मिला चंदा, फिर भी ट्रंप को हराने के लिए पैसों का पड़ेगा टोटा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहीं भारतीय मूल की कमला हैरिस को जमकर चंदा मिल रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह संभावना वास्तविकता बन जाए हैरिस समर्थकों ने डेमोक्रेटिक पार्टी को जमकर चंदा भेजना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट ने यह भी खुलासा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के दौड़ से हटने के बाद से डेमोक्रेट्स के लिए फंडिंग में एक बड़ा बदलाव देखा गया है। हैरिस के एक सलाहकार ने बताया कि पार्टी में कमला हैरिस के विरोधी भी उनके अभियान में योगदान देने के लिए अपनी जेबें खोल रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए धन उगाहने वाले प्लेटफॉर्म ने रविवार को बाइडन की घोषणा के बाद सिर्फ सात घंटों में लगभग 47 मिलियन डॉलर जुटाने की सूचना दी। एक स्थानीय अखबार ने खुलासा किया कि रविवार और सोमवार के दौरान, प्लेटफॉर्म ने सभी उम्मीदवारों और कारणों के लिए कुल मिलाकर लगभग 67 मिलियन डॉलर का दान दर्ज किया। हैरिस के अभियान ने रविवार और सोमवार शाम के बीच अपनी सभी धन उगाने वाली समितियों में 100 मिलियन डॉलर जुटाने की सूचना दी। जो मैनहट्टन व्यापार धोखाधड़ी मामले में मई में दोषी ठहराए जाने के बाद ट्रम्प के अभियान द्वारा जुटाए गए 53 मिलियन डॉलर से काफी ज्यादा है।



अगर अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनती है, तो यह अमेरिकी लोकतंत्र के दो सदियों के इतिहास से अधिक समय में केवल दूसरी बार होगा, जब अमेरिकी मतदाता यह चुनाव कर सकेंगे कि वे अपना नेतृत्व करने के लिए किसी महिला को चुनेंगे या नहीं। उन्होंने केवल एक अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा को चुना है, मगर कभी किसी महिला को नहीं चुना है। अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं, तो वे न केवल अमेरिकी राजनीति में सबसे कठिन परीक्षा को पार करेंगी, बल्कि वे पहली भारतीय अमेरिकी, पहली एशियाई, पहली अश्वेत महिला और जमैका मूल की पहली व्यक्ति भी बनेंगी, जो इस पद पर पहुंचेंगी। हैरिस के अभियान के अनुसार 1.1 मिलियन से ज्यादा दानदाताओं ने इसमें योगदान दिया, जिनमें से 62 फीसदी इस चुनाव चक्र में पहली बार दान करने वाले थे। एजेंसियों के पोल में पाया गया कि कमला हैरिस ने रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रम्प पर मामूली दो प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल की है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण में ट्रम्प को 42 और हैरिस को 44 फीसदी समर्थन मिला है। बहरहाल मतदाताओं में से 56 फीसदी ने इस कथन पर सहमति जताई कि 59 वर्षीय हैरिस मानसिक रूप से तेज हैं और चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं। जबकि 49 फीसदी ने 78 वर्षीय ट्रंप के बारे में यही कहा। बहरहाल इससे ट्रंप पर कोई असर नहीं पड़ा है, जो मानते हैं कि कमला हैरिस को हराना 'आसान होगा।'

## दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका, तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी वेस्टइंडीज टेस्ट से बाहर




**पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को साइड स्ट्रेन के कारण वेस्टइंडीज के साथ होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार बताया कि कोएत्जी सात अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज खेलने के लिए फिट नहीं हैं और उन्हें साइड स्ट्रेन की चोट कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। उन्हें यह चोट अमेरिका की टी-20 फेंचाइजी लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दौरान लगी थी। वह लीग में टेक्सास सुपर किंग्स के लिए खेल रहे थे। कोएत्जी की जगह मिगेल प्रीटोरियस को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने अभी तक टेस्ट स्तर का कोई मैच नहीं खेला है लेकिन उन्होंने 64 प्रथम श्रेणी खेले है। प्रीटोरियस को इससे पहले दिसंबर 2020 में श्रीलंका में टेस्ट सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम में भी शामिल किया गया था, लेकिन कंधे में चोट के कारण वे पर्दापण नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच पोर्ट-ऑफ-स्पेन में पहला टेस्ट मैच खेला जायेगा। दूसरा टेस्ट मैच प्रोविडेंस में होगा। इसके बाद 24 से 28 अगस्त तक तीन टी20 मैच खेले जाएंगे।

## तीरंदाजों के साथ आज से शुरू हुआ भारत का अभियान



**पेरिस (फ्रांस)(एजेंसी)।** दीपिका कुमारी और तरुणदीप राय की अगुआई वाली तीरंदाजी टीम के लेस इनवैलिड्स में रैंकिंग राउंड में पदक के लिए अपना पहला प्रयास के साथ भारत पेरिस ओलंपिक में अपनी यात्रा शुरू करेगा। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार लंदन ओलंपिक 2012 के बाद पहली बार भारत छह तीरंदाजों की अपनी पूरी टीम उतारेगा, जो पुरुष टीम/व्यक्तिगत, महिला टीम/व्यक्तिगत और मिश्रित टीम श्रेणियों में सभी पांच पदक स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगी। यह राउंड इस बात के लिए महत्वपूर्ण होगा कि भारतीय तीरंदाजी इस ओलंपिक के दौरान पदक जीतने के कितने करीब पहुंच सकते हैं क्योंकि छह तीरंदाजों में से प्रत्येक के 72 तीरों के प्रदर्शन से व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं के लिए वरीयता निर्धारित होगी। पुरुष और महिला टीम प्रतियोगिताओं के लिए रैंकिंग राउंड से शीर्ष चार वरीयता प्राप्त टीमों को सीधे क्वार्टरफाइनल क्वालीफिकेशन मिलेगा और आठवीं से 12वीं वरीयता प्राप्त टीमें क्वार्टरफाइनल स्थानों के लिए एक-दूसरे का सामना करेंगी। रैंकिंग यह भी तय करेगी कि मिश्रित टीम प्रतियोगिता में कौन कट बनाता है, जिसमें केवल शीर्ष 16 जोड़े अगले चरण के लिए क्वालीफाई करते हैं। प्रत्येक देश के लिए एक पुरुष और एक महिला तीरंदाज को मैदान में उतारने के लिए, पुरुष और महिला श्रेणियों में शीर्ष स्कोर को मिलाकर टीम की वरीयता तय की जाती है। दीपिका कुमारी का यह चौथा ओलंपिक और मां बनने के बाद पहला ओलंपिक होगा। इसी तरह तरुणदीप भी अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे हैं, जबकि टीम के साथी प्रवीण जाधव टोक्यो 2020 के बाद अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शेष तीन, धीरज बोम्मादेवरा, भजन कौर और अंकिता भक्त पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय तीरंदाजों ने कभी ओलंपिक पदक नहीं जीता है। पेरिस 2024 में तीरंदाजी प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह से एक दिन पहले 25 जुलाई को व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड के साथ शुरू हो गया था। शेष चरण 28 जुलाई से 4 अगस्त तक लेस इनवैलिड्स में आयोजित किए जाएंगे।

**आज महिला एशिया कप में**

# सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा भारत का मुकाबला

**दाम्बुला (एजेंसी)।** बांग्लादेश महिला टीम ने मुर्शिदा खातून (80 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (नाबाद 62) के अर्धशतकों की बदौलत बुधवार को यहां महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में मलेशिया को 114 रन से पराजित कर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया जिसमें उसका सामना 26 जुलाई को भारतीय टीम से होगा। वहीं शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका की भिड़ंत पाकिस्तान से होगी। श्रीलंका ने बुधवार को ग्रुप मैच में थाईलैंड को 51 गेंद रहते 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।




बांग्लादेश ने मुर्शिदा के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और निगार के अर्धशतक तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 89 रन की साझेदारी की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट पर 191 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टीम का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। इसके बाद बांग्लादेश ने कसी गेंदबाजी से मलेशिया को 20 ओवर में 8 विकेट पर महज 77 रन ही बनाने दिए। मलेशिया इस तरह टूर्नामेंट में अपने अभियान में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सका। मलेशिया के लिए एल्सा हंटर ने सर्वाधिक 20 रन बनाए।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दिलारा अख्तर (33 रन) और मुर्शिदा के बीच पहले विकेट के लिए 65 रन की भागीदारी से अच्छी शुरूआत की और बड़े स्कोर की नींव रखी। दिलारा के आउट होने के बाद कप्तान निगार ने शानदार बल्लेबाजी की और मुर्शिदा के साथ शानदार साझेदारी की। मुर्शिदा ने 59 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि निगार ने 37 गेंद में पांच चौके और दो छक्के से नाबाद 62 रन जोड़े।

इसके बाद बांग्लादेश की गेंदबाज नाहिदा अख्तर (13 रन देकर दो विकेट), शोर्णा अख्तर सबीकुन नाहर जेस्मिन, राबिया खान, रितु मोनी और जहांआरा आलम की कसी गेंदबाजी से मलेशिया को लगातार झटके दिये। इन सभी गेंदबाजों ने एक एक विकेट झटके। दिन के दूसरे मैच में श्रीलंका ने थाईलैंड को 20 ओवर में सात विकेट पर 93 रन ही बनाने दिए। इसके बाद कप्तान चामरी अटापट्टू (नाबाद 49 रन) और विश्मी गुणरत्ने (नाबाद 39 रन) ने यह लक्ष्य 11.3 ओवर में बिना विकेट गंवाये 94 रन बनाकर हासिल कर लिया।

# 24 घंटे के भीतर श्रीलंका को लगा दूसरा झटका

## टी20 सीरीज से बाहर हुए नुवान तुषारा

- **नुवान तुषारा से पहले दुष्मंथा चमीरा हुए थे रूल्ड आउट**
- **27 जुलाई को खेला जाएगा दोनों टीमों का पहला मैच**

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज से पहले श्रीलंकाई टीम की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज नुवान तुषार चोटिल होकर पूरे सीरीज के बाहर हो चुके हैं। तुषारा को प्रैक्टिस के दौरान उंगली में चोट लगी है और स्कैन में पता चला की उनकी हड्डी टूटी है। ऐसे में वह अब एक भी मैच नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अभी किसी भी रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि दिलशान मधुशंका को स्क्वाड में शामिल किया जा सकता है। नुवान तुषारा से पहले दुष्मंथा चमीरा भी चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हो चुके हैं। चमीरा को चोटिल हुए अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि नुवान तुषारा के रूप में श्रीलंका को दूसरा बड़ा



झटका लगा गया। ऐसे में भारत के खिलाफ श्रीलंकाई टीम अपने ही घर में मुश्किल में पड़ चुकी है।

### टी20 विश्व कप में भी तुषारा ने किया कमाल

बता दें कि नुवान तुषार ने फरवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। अब तक वह श्रीलंका के लिए 11 टी20 मैच खेल चुके हैं, जिसमें 19 विकेट उनके नाम हैं। पिछले महीने हुए टी20 विश्व कप में भी नुवान ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया था। नुवान ने तीन मैचों में श्रीलंका के लिए आठ विकेट अपने नाम किए थे।

### विश्व कप के बाद फुल स्ट्रेंथ में टी20 सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम फुल स्ट्रेंथ के साथ मैदान पर उतरने जा रही है। टीम इंडिया को नया कप्तान और कोच मिल चुका है। सूर्यकुमार टीम की अगुवाई कर रहे हैं जबकि गौतम गंभीर कोच हैं। टी20 विश्व कप के बाद टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे का दौरा किया था, लेकिन उसमें सभी नए चेहरे शामिल थे। ऐसे में अब श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया की नई शुरुआत होने जा रही है।

## मैच से पहले ड्रोन स्कैंडल में फंसी कनाडा फुटबॉल टीम, सपोर्ट स्टाफ पर लगा जासूसी का आरोप

**सपोर्टिंग स्टाफ को फ्रांस से भेजा गया कनाडा**



**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक में हिस्सा लेने गई कनाडा महिला फुटबॉल टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के असिस्टेंट कोच और एर एनालिसिस्ट को जासूसी के आरोप में ओलंपिक से घर भेज दिया गया है। मुख्य कोच बेव प्रिस्टमैन ने यह भी घोषणा की कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ कनाडा के गोल्ड मेडल के बचाव के शुरुआती मैच में हिस्सा नहीं लेंगी। यह फैसला उस समय आया जब एक स्टाफ सदस्य को इस हफ्ते सेंट-एटियेन में न्यूजीलैंड के ट्रेनिंग सेशन पर ड्रोन उड़ाने के लिए फ्रांसीसी अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। कनाडाई ओलिंपिक समिति (सीओसी) ने कहा कि उसे तब से न्यूजीलैंड से जुड़ी एक दूसरी घटना के बारे में पता चला है, जिसने आईओसी की ईमानदारी इकाई के पास औपचारिक शिकायत दर्ज की और कनाडा से जवाब मांगा।

- **कनाडा की फुटबॉल टीम को देनी पड़ेगी सफाई** – इस पूरे मामले पर सीओसी ने कहा, सीओसी आईओसी और फीफा के संपर्क में है। कनाडा सॉकर पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सहयोग रहा है। सीओसी इस मामले की समीक्षा जारी रखेगा और यदि आवश्यक हो तो आगे की कार्रवाई कर सकता है। बता दें कि कनाडा फुटबॉल टीम के जिन सपोर्ट स्टाफ को भेजा गया उनका नाम जोसेफ लोम्बार्डी, कनाडा सॉकर के एक गैर-मान्यता प्राप्त एनालिसिस्ट और जैस्मीन मंदर और एक सहायक कोच है। वहीं टीम के मुख्य कोच प्रिस्टमैन ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए बेंच पर रहना उचित होगा।
- **कनाडा के कोच ने मांगी माफी** – कनाडा के मुख्य कोच ने, अपनी पूरी टीम की ओर से मैं सबसे पहले न्यूजीलैंड फुटबॉल के खिलाड़ियों और स्टाफ और टीम कनाडा के खिलाड़ियों से माफी मांगना चाहता हूं। यह हमारे टीम के मूल्यों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। उन्होंने कहा, मैं अंतत: हमारे कार्यक्रम में आचरण के लिए जिम्मेदार हूं। ऐसे में हमारी टीम की ईमानदारी के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देने के लिए, मैंने स्वेच्छा से गुरुवार के मैच को कोचिंग देने से हटने का फैसला किया है।

## ओलंपिक 2024 : पदकों की हैट्रिक बनने के लिए तैयार है पीवी सिंधु

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु लगातार तीसरे ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रही हैं और उन्होंने अपना यह लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले कुछ महीनो में अलग-अलग तरीकों से कड़ा अभ्यास किया है। सिंधु ने रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अगर वह पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहती है तो फिर वह पदकों की हैट्रिक पूरी करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन जाएंगी।

सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने प्रकाश पादुकोण के साथ बिताने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वह लगातार तीसरा पदक जीतने के लिए तैयार है। सिंधु ने पोर्टे डे ला चैपल एरिना में अभ्यास सत्र के बाद कहा, 'निश्चित रूप से पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। यह पहला हो या दूसरा या फिर तीसरा यह मायने नहीं रखता। मैंने दो पदक जीते हैं और मैं तीसरे पदक के बारे में सोच कर खुद पर दबाव नहीं बनना चाहती हूं।



उन्होंने कहा, 'जब भी मैं ओलंपिक में भाग लेती हूं तो वह मेरे लिए नया ओलंपिक होता है। इसलिए मैं जब भी ओलंपिक में खेलने के लिए उतरती हूं तो मेरा लक्ष्य पदक जीतना होता है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही हैट्रिक पूरी करूंगी। पेरिस आने से पहले सिंधु ने जर्मनी के सारब्रुकेन में स्पोर्टकैंपस सार में अभ्यास किया जहां की समुद्र तल से ऊंचाई, मौसम और परिस्थितियां फ्रांस की राजधानी के समान हैं। परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां उन्होंने अपने कमरे में एक हाइपोक्सिक चैंबर (कम ऑक्सीजन) बनाया और कुछ दिनों तक वहीं सोईं।

## मोरक्को बनाम अर्जेंटीना मैच में विवाद, मैदान में घुसे प्रशंसक, डर कर भागे खिलाड़ी

**पेरिस (एजेंसी)।** यह मेरे जीवन में अब तक का सबसे बड़ा सर्कस है। यह शब्द अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के मैनेजर जेवियर मास्चेरानो ने कहे क्योंकि ओलंपिक खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता में मोरक्को के खिलाफ उनकी टीम के शुरुआती मैच ने बुधवार को पेरिस में बड़े पैमाने पर विवाद पैदा कर दिया। मोरक्को और अर्जेंटीना के बीच मैच के अंतिम मिनटों में मोरक्को के प्रशंसक गुंडागर्दी पर उतर आए और मैदान में घुस गए। इस कारण अर्जेंटीना के मैच को निलंबित कर दिया गया उनके बराबरी के गोल को अनुमति नहीं दी गई और टीमों को मैच के निर्धारित समय के दो घंटे बाद अंतिम कुछ मिनट खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।



मैच 2-2 पर रोक दिया गया था, जब दक्षिण अमेरिकी टीम द्वारा बराबरी का गोल करने के तुरंत बाद मोरक्को के प्रशंसकों ने मैदान पर कब्जा कर लिया और अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को पटाखे फोड़कर डरा दिया। शेष समय में स्कोर 2-1 मोरक्को के पक्ष में रहा और अंततः अफ्रीकी टीम को विजेता घोषित किया गया जबकि अर्जेंटीना की टीम खेल के अंतिम मिनटों को संभालने के तरीके से नाराज होकर दूसरी बार मैदान से बाहर चली गई।

पीएसजी स्टार अचरफ हकीमी की अगुआई में मोरक्को ने खेल की शानदार शुरुआत की और जल्द ही 2-0 की बढ़त ले ली। हालांकि अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में वापसी की और दो बार बराबरी की, 90+16 मिनट में स्कोर 2-2 हो गया। अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को रेड कार्ड न मिलने सहित कई फैसले कथित तौर पर उनकी टीम के खिलाफ जाने के बाद मोरक्को के प्रशंसक बराबरी के गोल से पूरी तरह नाराज हो गए। प्रशंसक गुस्से में मैदान पर आ गए और जमीन पर पटाखे फेंके, जिससे अर्जेंटीना के खिलाड़ी डर गए और ड्रेसिंग रूम में वापस भाग गए।

मोरक्को के प्रशंसकों को लगा कि उनकी टीम की जीत छिन गई है और वे सुरक्षा का उल्लंघन करते हुए मैदान में घुस गए, जिसके परिणामस्वरूप खेल को रोकना पड़ा। आखिरकार मैदान को हमलावरों से मुक्त कर दिया गया, दोनों टीमें बीच में लौट आईं और रेफरी ने ड्करूसे सलाह ली, अंततः गोल को खारिज कर दिया। मैच अंततः विवाद में समाप्त हुआ क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाड़ी इस बात से खुश नहीं थे कि यह सब कैसे समाप्त हुआ।

इस घटना ने उद्घाटन समारोह से एक दिन पहले पेरिस ओलंपिक में ग्रीष्मकालीन खेलों में एथलीटों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए और आयोजन समिति को शर्मिंदगी से लाल कर दिया। अर्जेंटीना के डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी आयोजकों के लिखित बयान के बाद जिस तरह से दोनों टीमों को मैच खेलने के लिए मजबूर किया गया, उससे वास्तव में निराश थे। उन्होंने कहा, यह एक ऐतिहासिक कागज है। ऐसा कभी नहीं हुआ। मोरक्को इसे खेलना नहीं चाहता था और न ही हम। हमने एक घंटे और चालीस मिनट तक इंतजार किया लेकिन किसी ने हमें कुछ नहीं बताया। यह आपको शक्तिहीन बनाता है क्योंकि यह ओलंपिक है।

## ओलिंपिक ऑर्डर, भारत के 'गोल्डन बॉय' अभिनव बिंद्रा को मिला, पीएम मोदी भी गदगद

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** एक ओर जहां पेरिस ओलंपिक के ऑफिशली आगाज से पहले गेम्स शुरू हो चुके हैं तो दूसरी ओ भारत के हर नागरिक के लिए एक गर्व की बात सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने 'ओलिंपिक मूवमेंट' में अभिनव बिंद्रा के उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें ओलिंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया है। पुरस्कार समारोह ओलिंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा।

गोल्डन बॉय के यह अवॉर्ड मिलने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिग्गज निशानेबाज अभिनव बिंद्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें 'ओलिंपिक ऑर्डर' से सम्मानित जाना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अभिनव को ओलिंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया जाना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्हें बधाई। चाहे एथलीट के रूप में हो या आने वाले खिलाड़ियों के लिए एक संरक्षक के रूप में उन्होंने खेलों व ओलिंपिक मूवमेंट में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

दूसरी ओर, गृह मंत्री ने लिखा- ओलिंपिक आर्डर पुरस्कार से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई। अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, अभिनव बिंद्रा अपने ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन से एथलीटों को प्रेरित करते रहते हैं। मेरी सारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं। बता दें कि बीजिंग ओलिंपिक में अभिनव ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल टूर्नामेंट का गोल्ड मेडल जीता था।



### क्या होता है ओलिंपिक ऑर्डर और किसे दिया जाता है?

ओलिंपिक ऑर्डर पुरस्कार किसी व्यक्ति को दिया जाने वाला सर्वोच्च ओलिंपिक सम्मान है। 10 अगस्त को पेरिस में आयोजित होने वाले 142वें आईओसी सत्र में भारतीय निशानेबाज को सम्मानित किया जाएगा। ओलिंपिक ऑर्डर सम्मान की स्थापना 1975 में हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज कैटेगरी में विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता था। 1984 में रिव्यू के बाद आईओसी ने सिल्वर और ब्रॉन्ज की कैटेगरी को समाप्त कर दिया।

इसके बाद यह तय किया कि अब यह पुरस्कार सिर्फ गोल्ड कैटेगरी में ओलिंपिक खेलों में विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को ही दिया जाएगा। आईओसी ओलिंपिक की मेजबानी करने वाले राष्ट्र प्रमुखों को भी यह पुरस्कार देता रहा है। परंपरागत रूप से आईओसी प्रत्येक ओलिंपिक गेम्स के समापन समारोह में यह सम्मान वितरित किया जाता रहा है।

### अभिनव बिंद्रा इकलौते भारतीय

दुनिया में अब तक 116 हस्तियों को गोल्ड ओलिंपिक ऑर्डर पुरस्कार मिल चुका है। अभी तक इसमें सिर्फ एक भारतीय शामिल है। अभिनव को यह सम्मान ओलिंपिक आंदोलन में अहम भूमिका निभाने के लिए दिया गया है। वह अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन की मदद से भारतीय खेलों को आगे बढ़ा रहे हैं।

# गिरावट पर बंद हुए शेयर बाजार

**मुम्बई ।**




घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही धातु और बैंकिंग शेयरों में हुई बिकवाली से आई है। इसके अलावा प्रतिभूति लेनदेन कर और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी के कारण विदेशी कोषों की जमर निकासी हुई जिससे भी बाजार नीचे आया। इंट्रा-डे कारोबार में भी गिरावट से बाजार पर दबाव पड़ा  हालांकि टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी से कुछ हद तक बाजार संभला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 109.08 अंक या 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 80,039.80 पर बंद हुआ।  वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 7.40 अंक तकरीबन 0.03 फीसदी टूटकर 24,406.10 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और टाटा स्टील सेंसेक्स के शीर्ष-5 नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एसबीआई, भारती एयरटेल, एचयूएल, टेक महिंद्रा, रिलायंस, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 13 शेयर लाभ पर बंद हुए। इसमें टाटा मोटर्स, एलएंडटी, सन फार्मा, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनैंस, टीसीएस, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग नीच आये। इसके अलावा यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट रही।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों गत दिवस बाजार में शुद्ध विक्रेता रहे। उन्होंने 5,130.90 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं गत कारोबारी दिन भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 600 अंक गिरकर 79,542 अंकों पर आ गया, जबकि निफ्टी50 इंडेक्स 183 अंक गिरकर 24,230 पर पहुंच गया।

## स्टारलिंक सेवा अब एक हजार से ज्यादा विमानों में मिलेगी: एलन मस्क




**सैन फ्रांसिस्को ।** स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि किफायती इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अब एक हजार से ज्यादा विमानों में शुरू हो गई है। कंपनी के अनुसार स्टारलिंक यात्रियों को विमान में हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन मिलेगा। एलन मस्क ने अपने एक्स पर पोस्ट किया, विमान में स्टारलिंक का उपयोग करने से ऐसा लगता है जैसे आप हाई-स्पीड ग्राउंड फाइबर कनेक्शन पर हैं। एलन मस्क ने हाल ही में बताया कि अफ्रीका का सिएरा लियोन देश स्टारलिंक से जुड़ने वाला 100वां और 10वां अफ्रीकी राष्ट्र बन गया है। मई में कंपनी ने इंडोनेशिया और फिजी में स्टारलिंक लॉन्च किया था। एलन मस्क के अनुसार स्टारलिंक के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा का ऑर्डर देने के लिए किसी लॉन्ग-टर्म कॉन्ट्रेक्ट की जरूरत नहीं है। सेटेलाइट-बेस्ड इंटरनेट सर्विस को द्वीप राष्ट्र में इंटरनेट सेवा देने के लिए श्रीलंका से शुरुआती मंजूरी भी मिल गई है। हालांकि, इंटरनेट सेवा को अभी तक भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिली है। कमर्शियल पहलू की जांच पूरी हो गई है, जिसमें फॉरेन इन्वेस्टमेंट और नेटवर्थ जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। साथ ही तकनीकी जरूरतों को भी देश में लाइसेंसिंग नियमों के हिसाब से परखा गया है। एक बार स्टारलिंक को मंजूरी मिल जाने के बाद, उसे ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सर्विसेज लाइसेंस जारी किया जाएगा, जो देश में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सर्विसेज देने के लिए जरूरी है।

## सोने का भाव गिरकर 67,900, चांदी 81,500 रुपए के करीब



**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 67,900 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव में नरमी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 937 रुपये की गिरावट के साथ 68,015 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 1,058 रुपये की गिरावट के साथ 67,894 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 393 रुपये की गिरावट के साथ 84,501 रुपये पर खुला। इस समय यह 3,390 रुपये की गिरावट के साथ 81,504 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,398.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,415.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 44.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,371.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.07 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.31 था। इस समय यह 1.24 डॉलर की गिरावट के साथ 28.07 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# नेटवर्थ में गिरावट के बाद भी अमीरों की सूची में ऊपर पहुंचे गौतम अडानी

**- मुकेश अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की सूची में 11वें नंबर पर**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई। इससे दुनिया के प्रमुख 10 सबसे ज्यादा अमीरों की नेटवर्थ में कुल 72 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में बुधवार को 59.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई लेकिन इसके बावजूद वह 101 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की सूची में एक स्थान ऊपर 13वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 17.2 अरब डॉलर की तेजी आई है। एनवीडिया के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग की नेटवर्थ में 7.11 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह अडानी से नीचे फिसल गए।ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान में दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क रहे। टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट से ऐसा हुआ। कंपनी के शेयरों में 12 फीसदी से अधिक गिरावट रही। इससे मस्क की नेटवर्थ एक झटके में 21.7 अरब डॉलर कम होकर 241 अरब डॉलर रह गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 11.5 अरब डॉलर की तेजी आई है। मस्क के बाद सबसे ज्यादा नुकसान में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग रहे। उनकी नेटवर्थ में 9.47 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 165 अरब डॉलर रह गई। वैसे इस साल उनकी नेटवर्थ में 36.4 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में बुधवार को 5.18 अरब डॉलर की गिरावट आई। वह 204 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर मौजूद फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट में 8.58 अरब डॉलर गंवाए और उनकी नेटवर्थ 187 अरब डॉलर रह गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 20.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। बिल गेट्स, लैरी पेज, लैरी एलिसन, स्टीव बालमर, सर्गेई ब्रिन और वॉरेन बफे की नेटवर्थ में भी बुधवार को गिरावट आई। दुनिया के 10 टॉप रईसों में नौ अमेरिका के हैं।

## कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल स्थिर




**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड टूटकर 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (पीएसयू) ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.68 डॉलर की गिरावट के साथ 81.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.67 डॉलर फिसलकर 76.92 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर मिल रहा है।



## चीन ने प्रमुख नीतिगत दर और बैंक जमा पर ब्याज घटाया

**बैंकॉक ।** चीन ने प्रमुख नीतिगत दर और बैंक जमा पर ब्याज दर कम करके अपनी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। यह कदम वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट को देखते हुए बढ़ाया गया है, जिससे चीनी बाजारों में नुकसान बढ़ गया है। बुधवार को दोपहर तक हांगकांग का हैंगसेंग 1.4 प्रतिशत तथा शंघाई कम्पोजिट सूचकांक 0.4 प्रतिशत नीचे आ गया। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने गुरुवार को कहा कि उसने एक साल के मध्यम अवधि के पॉलिसी लोन के लिए ऋण दर में 20 आधार अंकों की कटौती करके इसे 2.3 प्रतिशत कर दिया है। सात-दिन के ऋण पर ब्याज दर घटाकर 1.7 प्रतिशत कर दी गई है। प्रमुख सरकारी बैंकों ने अपने वित्त पर दबाव कम करने के लिए जमा दरों में कटौती की है। केंद्रीय बैंक ने इस सप्ताह की शुरुआत में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई अन्य ऋण दरों में कटौती की थी।

## चाय उद्योग परिदृश्य सकारात्मक रहने की उम्मीद: धुनसेरी टी

**कोलकाता ।** घरेलू मांग बढ़ने से चाय विनिर्माता कंपनी धुनसेरी टी को चाय उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक रहने की उम्मीद है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा कि  बढ़ती विनिर्माण लागत ने मुनाफे की वजह से दबाव डाला है और असंगठित क्षेत्र से अनुचित प्रतिस्पर्धा के कारण उद्योग को कठिन दौर का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उद्योग को अधिकारियों से प्रभावी प्रोत्साहन मिल सकता है। कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में 60.73 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। प्रबंधन ने कहा कि चाय उद्योग को मौसम संबंधी अनिश्चितताओं, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा असंगठित क्षेत्र से अनुचित प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी घरेलू बाजार में चाय की बढ़ती मांग से धुनसेरी टी को सकारात्मक परिदृश्य की उम्मीद है। कंपनी के पास वर्तमान में 12 चाय बागान और उनसे संबद्ध चाय बागान कारखाने हैं। यह सभी असम में स्थित हैं।

## नेस्ले इंडिया का मुनाफा बढ़कर 746.6 करोड़

**नई दिल्ली।** हर रोज घरों में इस्तेमाल की जानी वाली वस्तुओं को बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 6.9 प्रतिशत बढ़कर 746.60 करोड़ रुपये हो गया। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी का पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में लाभ 698.34 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में नेस्ले इंडिया की उत्पादों की बिक्री से आय 3.75 प्रतिशत बढ़कर 4,792.97 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 4,619.50 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून तिमाही में कुल व्यय 2.7 प्रतिशत बढ़कर 3,844.01 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून तिमाही में नेस्ले इंडिया की घरेलू बिक्री 4.24 प्रतिशत बढ़कर 4,608.50 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 4,420.77 करोड़ रुपये थी। इसकी कुल आय 3.64 प्रतिशत बढ़कर 4,853.07 करोड़ रुपये हो गई।

## बीएमडब्ल्यू भारत में नई सीरीज में लांच, कीमत 72.90 लाख

**नई दिल्ली ।** बीएमडब्ल्यू ने भारत में नई 5 सीरीज़ 72.90 लाख रुपये में लॉन्च कर दी है। यह कार छोटे व्हीलबेस प्लेटफॉर्म पर आधो रित है। बीएमडब्ल्यू इंडिया नई 5 सीरीज को एकमात्र 530 एलआई वेरिएंट में पेश किया है। इसकी शुरुआती कीमत 72.90 लाख रुपये है। भारत-स्पेक मॉडल में चिकनी हेडलाइट्स और टेल-लाइट्स, एक सामान्य आकार की बीएमडब्ल्यू किडनी ग्रिल, 18-इंच के पहिये दिए हैं। इसमेंस्पोर्टियर फ्रंट और रियर बंपर दिया है। नई 5 सीरीज का डुअल-टोन इंटीरियर लगभग आई5 के समान है। ड्राइवर को 12.3 इंच का एलसीडी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 14.9 इंच का सेंट्रल टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट दिया है। फीचर लिस्ट में फोर-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल, डायमंड-पैटर्न क्रिल्टिंग के साथ लेदर अपहोल्स्ट्री, फ्रंट-सीट वेंटिलेशन, मैट्रिक्स एलईडी हेडलैंप, एक 18-स्पीकर, 655 बाट बोवर्स एंड विल्किंस साउंड सिस्टम और 6 यूएसबी-सी पोर्ट जैसी सुविधाएं दी हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को बढ़ाने का रोडमैप तैयार: निरंजन गुप्ता

- हीरो मोटोकॉर्प खेलने जा रही बड़ा दांव



**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने कहा कि कंपनी के पास अपने इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार को तेजी से बढ़ाने के लिए रोडमैप तैयार है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन सेगमेट की लीडरशिप की ओर देखते हुए, हीरो मोटोकॉर्प वित्त वर्ष 2025 में किफायती मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, जो कंपनी के पास मौजूद वीडा वी1 प्रो के पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाएगा। कंपनी की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि कंपनी इस वित्तीय वर्ष में मध्यम और किफायती सेगमेंट में उत्पाद लॉन्च करेगी। लान्च होने वाले नए प्रोडक्ट्स का मुकाबला टीवीएस और ओले के किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटरों से होगा। हीरो मोटोकॉर्प की वीडा  इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की कीमत 1-1.5 लाख रुपये के बीच है, जो सब्सिडी मिलने के बाद की कीमत है। कंपनी ने एथर एनर्जी के साथ मिलकर वीडा ईवी के लिए भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है। इसके अलावा जीरो मोटरसाइकिल के साथ साझेदारी के तहत कंपनी विदेशी बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाएगी। हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल ने कहा, "मैं भारत में अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक के रूप में वीडा वी1 के उदय को देखकर विशेष रूप से प्रसन्न हूं, और मुझे वैश्विक बाजारों में इसके भविष्य के लॉन्च की उम्मीद है, जहां यह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने के लिए तैयार है।" हीरो मोटोकॉर्प ने पहले ही अपने ईवी स्कूटर वीडा की उपस्थिति को तीन से बढ़ाकर 100 से अधिक शहरों तक कर दिया है।  गुप्ता ने शेयरधारकों को बताया, "हमारे सीआईटी जयपुर और टेक सेंटर जर्मनी में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्रों में सभी क्षेत्रों में एक विजयी पोर्टफोलियो बनाने के लिए इनोवेशन चल रहे हैं।" उन्होंने कहा कि कंपनी अधिक प्रीमियम उत्पादों को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय, सहायक उपकरण और व्यापारिक व्यवसायों को बढ़ाने की भी योजना बना रही है। बता दें कि देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर रेंज की शुरुआत की ओर बढ़ रही है।

## टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड और एनडीडीबी ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** टाटा पावर की इकाई टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी और टीपी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज गुप्ता ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के केन्द्र में दूध मूल्य श्रृंखला के भीतर स्थिरता और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए कई प्रमुख पहल हैं। इसमें डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस), बल्क मिल्क कूलर्स (बीएमसी) और मिल्क चिलिंग सेंटर का सौरीकरण शामिल है, जिसे अत्याधुनिक सौर माइक्रोग्रिड प्रौद्योगिकी द्वारा सरल बनाया गया है। शाह ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य डेयरी मूल्य श्रृंखला में परिचालन दक्षता को बढ़ावा देना तथा हरित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

## रुपया सर्वकालिक निम्न स्तर 83.72 डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पूंजी की भारी निकासी के बीच रुपया गुरुवार को कमजोर रुख के साथ खुला और 83.72 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निम्न स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू मुद्रा में गिरावट भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बाद आई है। सरकार के पूंजीगत लाभ पर कर की दर बढ़ाने के फैसले के बाद से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। वह एक पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.72 प्रति डॉलर पर खुला था। रुपया बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर 83.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.21 पर रहा।


## सेबी ने डीमैट एकाउंट के नियमों में किया बदलाव



**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बेसिक सर्विस डीमैट अकाउंट के नियमों में बदलाव किया है। बेसिक सर्विसेज डीमैट अकाउंट (बीएसडीए) के लिए सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की घोषणा की। यह नियम 1 सितंबर, 2024 से लागू होगा। सेबी ने हाल ही में बीएसडीए की पात्रता मानदंडों की व्यापक समीक्षा की, जिसका उद्देश्य शेयर बाजार में नए इंवेस्टर्स की हिस्सेदारी और निवेश को बढ़ावा देना है। यह सुविधा बाजार नियामक सेबी द्वारा 2012 में छोटे पोर्टफोलियो वाले निवेशकों पर डीमैट शुल्क के बोझ को कम करने के लिए शुरू की गई थी। बीएसडीए के लिए योग्यता पर सेबी ने कहा कि कोई व्यक्ति बीएसडीए के लिए योग्य है, बशर्ते वह कुछ मानदंडों को पूरा करता हो, जैसे कि निवेशक के पास एकमात्र या प्रथम धारक के तौर पर सिर्फ एक डीमैट खाता है, सभी डिपॉजिटरी में उसके नाम पर सिर्फ एक बीएसडीए है और खाते में सिक्योरिटीज की वैल्यू किसी भी समय डेट और नॉन-डेट सिक्योरिटीज दोनों के लिए संयुक्त रूप से 10 लाख रुपए ज्यादा नहीं है।  बीएसडीए के लिए पात्र होने के लिए आपका खाता केवल एक व्यक्ति के नाम पर होना चाहिए आपके पास कोई अन्य डीमैट खाता नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बीएसडीए कैटेगिरी के अंतर्गत केवल एक ही डीमैट खाता रखा जा सकता है। यदि आपके पास संयुक्त खाता है, तो आप खाते के पहले धारक नहीं होंगे।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में हड़कंप, बिटकॉइन लुढ़क कर 54 लाख के स्तर से भी नीचे आया

- टॉप 10 में शामिल 9 आभासी मुद्राओं में गिरावट



**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गुरुवार को जबरदस्त दबाव बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 9 गिरावट के साथ रेडजोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि सिर्फ यूएसडी कॉइन ही मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहा है। बाजार में बने दबाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 3 प्रतिशत से भी ज्यादा टूट कर 54 लाख रुपये के स्तर से भी नीचे आ गई है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी पिछले 24 घंटे के दौरान 8 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट का शिकार हो गई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 3.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53.75 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 8.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2.65 लाख रुपये के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 3.52 प्रतिशत, सोलाना 5.11 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.41 प्रतिशत, डॉगकॉइन 7.01 प्रतिशत, टॉनकॉइन 5.38 प्रतिशत और कार्डानो 5.59 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 4.48 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 193.45 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेनदेन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 7.09 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेनदेन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 8.06 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.62 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 54.87 प्रतिशत हो गई है।

# बहुरास्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट ले रवाना होलक भारतीय सेना

सोनू सपवार, नई दिल्ली




भारतीय सेना कर टुकड़ी आइज बहुरास्ट्रीय सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट ले रवाना होलक। ई अभ्यास 27 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक मंगोलिया कर उलानबटार में आयोजित करल जाई। ई अभ्यास दुनिया भइर कर सैन्य बलमन के सहयोग करेक आउर सांति अस्थापना कर आपन छमतामन के बढ़ायेक ले एकजुट करी। अभ्यास खान क्वेस्ट कर पिछला संस्करन 19 जून से 2 जुलाई 2023 तक मंगोलिया में आयोजित करल जाय रहे। ई अभ्यास पहिल धांव बछर 2003 में अमेरिका आउर मंगोलियाई ससस्त्र बल कर बीच एगो द्विपछीय कार्जकरम कर रूप में सुरू होय रहे। इकर बाद, बछर 2006 से ई अभ्यास बहुरास्ट्रीय सांति स्थापना अभ्यास में बदली होय गेलक आउर बर्तमान बछर इकर 21वां संस्करन हय।

भारतीय सेना कर 40 गो कर्मीवाला वाल दल में मुध रूप से मद्रास रेजिमेंट कर एगो बटालियन कर सैनिक आउर अन्य सेनामन कर कर्मी सामिल हयं। दल में एक गो महिला अधिकारी आउर दू गो महिला सैनिक भी सामिल होंबयं। अभ्यास खान क्वेस्ट कर लछ बहुरास्ट्रीय बाताबरन में परचालन करते भारतीय ससस्त्र बलमन के सांति मिसनमन ले तैयार करेक हय, जेकर से संयुक्त रास्ट्र चार्टर कर चैप्टर VII कर तहत सांति समर्थन अभियानमन में अंतर-संचालन आउर सैन्य तत्परता बढ़ी। अभ्यास में उच्च अस्तर कर सारीरिक फिटनेस, संयुक्त जोजना निरमान आउर संयुक्त सामरिक ड्रिल उपरे धेयान केंद्रित करल जाई। अभ्यास कर दौरान करल जायेक वाला सामरिक ड्रिल में स्टैटिक आउर मोबाइल चेक प्वाइंटमन कर अस्थापना, घेराबंदी आउर तलासी अभियान, गस्त, सत्रु छेतर से नागरिकमन के निकलायेक, काउंटर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ड्रिल, जुद्ध में प्राथमिक उपचार आउर हताहत कर निकासी आदि सामिल होवी।अभ्यास खान क्वेस्ट भाग लेवेक वाला देसमन के संयुक्त अभियानमन कर संचालन ले रननीति, तकनीक आउर परक्रियामन में आपन सर्वोत्तम प्रथामन के साझा करेक में सछम बनाई। ई अभ्यास भाग लेवेक वाला देसमन कर सैनिकमन कर बीच अंतर-संचालन, सौहार्द आउर भ्रातृत्व बिकसित करेक में मदद करी।

## ट्राई कर आउटरीच कार्जकरम में देवल गेलक उपभोक्ता हितमन कर जानकारी




**हजारीबाग।** ट्राई कर छेतरीय कार्जालय (कोलकाता) हजारीबाग कर होटल डॉल्फिनो रिसॉर्ट में 25 जुलाई के सीओपी कर आयोजन करुवालक। हुवां आदमीमन के उपभोक्ता हित कर रछा करेक ले ट्राई कर द्वारा करल गेल पहल से अवगत कराल गेलक। कार्जकरम में जनतामन, बिसिस्ट गोतिया संगे आउरोमन सउब दूरसंचार सेवा प्रदातामन भाग लेलयं। ई अवसर में यूसीईटी, वीबीयू कर निदेसक डाक्टर ए के साहा मुध गोतिया आउर निदेसक (दूरसंचार बिभाग) देव शंकर सम्मानित गोतिया उपस्थित रहयं। यूसीईटी कर निदेसक डाक्टर एके साहा हजारीबाग छेतर में बेस मोबाइल कनेक्टिविटी कर महत उपरे प्रकास डाललयं। सेवा प्रदातामन से भविस में बेस कनेक्टिविटी बनायेक ले अनुरोध करलयं।

देव शंकर उपभोक्तामन ले अइसन जागरुकता कार्जकरम कर महत उपरे ऊ परकास देलयं। उ साइबर जागरुकता कर जरूरत में बल देलयं। ऊ कहलयं कि दूरसंचार सेवा से संबंधित सिकायक कर अपेछा साइबर कर सिकायत बढ़त हय।

कार्जकरम में एगो बिस्तृत प्रस्तुति कर माध्यम से निलय दत्ता (एसआरओ, ट्राई) प्रतिभागीमन के मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी), सिकायत निवारन तंत्र, डेटा सेवा आउर टैरिफ इतेयादि से संबंधित बिभिन्न उपभोक्ता केंद्रित नियम, निरदेस आउर आदेस कर बारे में जानकारी देलयं। प्रतिभागीमन के बिभिन्न मोबाइल एप (ट्राई माईस्पीड ऐप, ट्राई डीएनडी 3.0 एप आउर ट्राई माईकॉल ऐप), टैरिफ पोर्टल आउर उपभोक्ता ससक्तिकरन ले ट्राई कर द्वारा बिकसित नेटवर्क कवरेज मैप्स कर लाभ आउर उपभोक्ता ई एपमन / पोर्टल कर लाभ उठावेक ले भी बताल गेलक। प्रतिभागीमन के दूरसंचार कर बिकास कर सुबिधाजनक बनायेक ले ट्राई कर द्वारा करल गेल विभिन्न सिफारिस आउर यूसीसी में ट्राई कर नवा नियम / निरदेस कर भी जानकारी देल गेलक।

ट्राई कर संजुक्त सलाहकार आशिम दत्ता साइबर स्वच्छता आउर सुरछा कर उपरे प्रस्तुति देलयं। हुवां प्रतिभागीमन के साइबर धोखाधड़ी कर बिभिन्न रूप, बित्तीय धोखाधड़ी से बचेक ले जानकारी देल गेलक।

## इस्कूल रुआर जागरुकता रथ के उपायुक्त देखालयं हरा झंडी




**पलामू।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन समाहरनालय परिसर से इस्कूल रुआर 2024 कार्जकरम कर अंतर्गत तीन गो जागरुकता रथ के हरा झंडी देखाय के बिफे के रवाना करलयं। ई अवसर में ऊ कहलयं कि जागरुकता रथ जिला कर बिभिन्न टोला, गांव में जाय के बिद्यालय में नामांकन ले सरकार कर संदेस के प्रसारित करी। उपायुक्त कहलयं कि बिद्यालय कर सैछनिक सत्र 2024-25 में कछावार पास सउब छात्र-छात्रामन कर अगला कछा में नामांकन कर काम 15 जुलाई से 31 जुलाई तक अनिवार्ज रूप से पूरा करेक कर लछ राखल जाय हे। संगे, सउब बिद्यालय में ड्रॉपआउट आउर अनामांकित छउवामन कर नामांकन 31 जुलाई तक कराय लेवेक कर लछ राखल जाय हे।

उपायुक्त जिलेवासीमन से अपील करलयं कि जिला में ड्रापआउट आउर अनामांकित छउवामन कर बिद्यालय में नामांकन करुवायेक आउर सिछा कर मुधधारा से छउवामन के जोड़ेक के लेइ के सहयोग करयं। ई अभियान के लेइ के पहिले इस्कूलमन में भी अभियान चलाल जात हे। मौका में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा संगे शिक्षा बिभाग कर कर्मी मौजूद रहयं।

## नोडल सीएचओमन कर परसिछन कार्जकरम संपन्न



**रांची।** राइज भर कर नोडल सीएचओमन कर दुई दिनक छठा आउर अंतिम बैच कर परसिछन बिफे के संपन्न होय गेलक। ई कार्जकरम नामकुम कर लोक स्वास्थ्य संस्थान में होलक। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर आईईसी नोडल अधिकारी डॉक्टर लाल मांझी संगे आउरों परसिछकमन कर द्वारा परसिछनार्थीमन के परमान पतर देइ के बिदा करल गेलक। छे गो बैच में 270 गो नोडल सीएचओमन के परसिछन देल गेलक। ई परसिछनार्थी आपन-आपन जिला में आउरमन के ई बिसय उपरे परसिछन देबयं। लाल मांझी कहलयं कि राइज भर में आईईसी-बीसीसी कर 270 गो नवा टीम तैयार आहे। नवा टीम नवा ऊरजा संगे काम करी जेकर बदलाव समुदायमन में देखेक ले मिली। डॉक्टर लाल मांझी कहलयं कि परसिछन से कर्मचारीमन कर कार्ज सैली में सुधार होवत हे। से ले परसिछन जरूरी हय। परसिछन कर बाद ऊ सउब परसिछनार्थीमन से कहलयं कि गंवइयामन कर स्वास्थ्य सेवा कइर के सरकार कर नाव करू।

### कविता

रामदेव बड़ाईक

## बितलक असार मास



परलक असार मास, परलक फुहार,
घिरलक श्यामल मेघ,भेलक अंधार।
झिंगुर-दादुर जुन, करथंय बड़ी सोर,
सुइन के जुन हिया, डेरात हय मोर।।
परलक बुंद-बारिस,आलक बहार,
चहुंओरी होइ गेलक, सदाबहार।

परदेस हंय पिया, सेकर आहे दुख,
कुहकथे छतिया,जइसे मारथे हुक।।
कटत नखे दिन,घरे दुख कर पहार,
नइ आलंय पिया,'बितलक असार'।
परलक असार मास, परलक फुहार,
घिरलक श्यामल मेघ,भेलक अंधार।।

## सीसीएल कर निःसुल्क स्वास्थ्य सिबिर में 8000 गो आदमीमन लेलयं लाभ



**रांची।** सीसीएसल बिहार आउर झारखंड कर सीमा में दुम्मा में सावन मेला कर अवसर में निःसुल्क चिकित्सा सिबिर लगालक। ई सिबिर में गंवइयामन, हितधारकमन ले सीसीएल कर डाक्टर आउर ऊमन कर टीम निःसुल्क सलाह देवत हयं। ब्लड प्रेसर, ब्लड सुगर इतेयादि कर जांच कर संगे फिजियोथेरेपी आउर दवाईमन भी देवल जात हे। सीसीएल कर दुई गो बरिस्ट डॉक्टर संगे सात गो आउर इलाज करेक वाला सहजोगी हुवां सेवा देवत हयं। ई सिबिर 22 जुलाई से सुरू होलक आउर 20 अगस्त तक चली। ई सिविर में आइज तक 8000 से बेसी रोगीमन लाभ उठालयं। सीसीएल कर जनसंपर्क बिभाग कर अधिकारी बतालयं कि सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह कर मार्गदरसन संगे ऊमन के समाज कल्यान कर पहल के आगे बढ़ायेक ले कंपनी कर द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य सिबिर कर आयोजन करल जात हे। सीसीएल देस कर ऊर्जा सुरछा कर संगे आपन हितधारकमन कर समावेसी बिकास ले काम करत हे। सीसीएल पहिल कुछ बछर से सावन मेला में स्वास्थ्य सिबिर कर आयोजन कइर के अस्थानीय समुदाय कर स्वास्थ्य संबन्धी समस्यामन कर निदान में काम करत हय। ई बछर भी कंपनी आपन सामाजिक दायित्व कर तहत निःसुल्क मेडिकल कैंप कर माध्यम से छेतर कर जनता कर सेवा करत हय।

## योगदा आश्रम में मनाल गेलक स्मरनोत्सव




**रांची।** योगदा सत्संग परंपरा कर गुरुमन में से एक महावतार बाबाजी कर स्मृति दिवस कर स्मरनोत्सव 25 जुलाई के योगदा आश्रम में हर्सोल्लास से मनालयं। योगानन्दजी दुनिया-भर में क्रियायोग कइ प्राचीन बिगेयान कर प्रसार करेक संयुक्त राज्य अमेरिका कर यात्रा में निकलेक से पहिले 1920 में एहे दिन महावतार बाबाजी परमहंस योगानन्दजी कर आसिरबाद देवेक कोलकाता में उनकर पैतृक घर में दरसन देलयं।

स्मरनोत्सव कर सुरुवात बिहाने स्वामी धैर्यानंद गिरि कर द्वारा संचालित डेढ़ घंटा कर बिसेस ऑनलाइन सामूहिक धेयान से होलक । हुवां ऊ बिस्व कर सउबसे परसंसित आध्यात्मिक किताब में से एक 'योगी कथामृत' कर कुछ अंश पढ़लयं। इकर में बताल गेलक कि कइसे महावतार बाबाजी परमहंस योगानन्दजी के पछिम में क्रिया योग कर प्राचीन बिगेयान कर प्रसार ले उनके बिस्वबेयापी मिसन ले आसिरबाद देवेक ले दरसन देलयं। ई बिसेस धेयान में भारत कर बिभिन्न कोना से भक्तमन भाग लेलयं। फिर बिहाने 9.30 से 11.30 बजे तक स्वामी शंकरानंद आउर संन्यासीमन कर संगे भक्ति संकीर्तन करलयं, जेकर में गुरु पूजा कर दौरान कार्जकरम में भाग लेवेक वाला भक्त सामिल होलयं। संकीर्तन कर बाद हुवां उपस्थित भक्त आउर सन्यासीमन के प्रसाद बितरित करल गेलक। ई बिसेस दिन कर समारोह सांझ को स्वामी निर्मलानंद गिरि कर द्वारा संचालित 3 घंटा लंबा धेयान कर संगे समाप्त होलक। हियां ऊ भी महावतार बाबाजी कर बारे 'योगी कथामृत' से कुछ अंस पढ़लयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com